# जन जागरण संदेश

वर्ष - 2 | अंक -56 | TC/RAJHIN28067 | दैनिक | प्रातः | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 12 | Janjaagransandesh@gmail.com


## न्यूज इनबॉक्स

### महाकुम्भ में एक बार फिर लगी आग

जन जागरण संदेश

प्रयागराज(एजेंसी)। महाकुंभ नगर में एक बार फिर आग लगने की सूचना है। बताया जा रहा है कि यह आग सेक्टर 19 स्थित नरेंद्रा नंद के पंडाल में आग लगी है। सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल विभाग के कर्मचारी पहुंच गए हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए हैं। पुलिस ने घटनास्थल को चारों ओर से घेर लिया है। फिलहाल मौके पर किसी को जाने की इजाजत नहीं है। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में किसी प्रकार के जान माल की हानि नहीं हुई है। प्रयागराज मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना पर डीआईजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने कहा ने कहा कि आग पूरी तरह से नियंत्रण में है। यह सेक्टर 19 में कल्पवासियों की ओर से खाली किए गए कुछ पुराने टेंटों में लगी थी। किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है।

### घायलों की देखभाल के लिए 8 कमांडेट की लगाई ड्यूटी

जन जागरण संदेश

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल, सीआरपीएफ में गुरुवार को हुई हृदय विदारक घटना ने फोर्स को हिलाकर रख दिया है। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल में सीआरपीएफ के शिविर में हवलदार संजय कुमार ने अपने साथियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। इस घटना में एक उप-निरीक्षक और एक सिपाही की मौत हो गई। बाद में हवलदार संजय ने खुद को भी गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग में आठ अन्य जवान घायल हुए हैं। अब इन घायलों की देखभाल के लिए आठ कमांडेंट की ड्यूटी लगाई गई है। विभिन्न बटालियनों से ये कमांडेंट क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) इंफाल में पहुंचकर तीन-तीन घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी देंगे। बताया जाता है कि इस तरह का आदेश बल में पहली बार निकला है। इतना ही नहीं, आरआईएमएस में हर घायल जवान को एक एसआई के कंट्रोल में दो-दो अटेंडर प्रदान किए जाने का भी आदेश जारी किया गया है। बल के अटेंडर भी किसी एक बटालियन से नहीं आएंगे, बल्कि अलग-अलग बटालियनों से ये आरआईएमएस पहुंचेंगे।

### गम में बदल गई शादी की खुशियां : तोरण मारते ही मर गया दूल्हा

जन जागरण संदेश

श्योपुर(एजेंसी)। जन्म, मरण और परण किसी के बस के नहीं हैं, कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं चलता कि। कुछ ऐसा ही घटित हुआ मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में जहां तोरण मारते ही कुछ देर में दूल्हे की अचानक मौत हो गई। एक शादी की रौनक पलभर में गम में बदल गई, दूल्हे की घोड़ी पर सवार होते ही अचानक मौत हो गई। यह घटना श्योपुर जिले की है, शादी की खुशी में पूरा परिवार और रिश्तेदार खुशी से झूम रहे थे, लेकिन कुछ ही क्षणों में माहौल मातम में बदल गया। घोड़ी पर सवार दूल्हे की अचानक मौत हो गई, जिससे पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बता दें कि श्योपुर के कांग्रेस नेता योगेश जाट के भतीजे प्रदीप जाट की शादी का जश्न मनाया जा रहा था। प्रदीप, एनएसयूआई का पूर्व जिला अध्यक्ष भी रह चुका था, अपने विवाह समारोह में दोस्तों और परिवार के साथ नाच-गाकर आनंद ले रहा था। दूल्हे ने पारंपरिक रस्म निभाते हुए तोरण मारा और घोड़ी पर बैठकर स्टेज की ओर बढ़ा। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और कुछ ही पलों में उसने घोड़ी पर ही दम तोड़ दिया। यह देख बराती और परिजन स्तब्ध रह गए। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### शादी की रस्में अधूरी रह गई

दुल्हन, जो सजी-धजी स्टेज पर अपने जीवनसाथी का इंतजार कर रही थी, उसे यह मालूम नहीं था कि यह इंतजार कभी खत्म नहीं होगा। शादी की रौनक मातम में बदल गई और खुशियों से भरे घर में रोने की आवाजें गूंजने लगीं। दीप की अचानक मौत से हर कोई स्तब्ध था।

भजनलाल सरकार ने जारी किए आदेश

# पंचायतों और पंचायत समितियों में अब बढ़ेंगे वार्ड



जन जागरण संदेश




जयपुर (कासं.)। प्रदेश में पंचायतों का पुर्नगठन किए जाने के साथ अब वार्डों की संख्या भी तय की होगी। हर ग्राम पंचायत में कम से कम सात और हर पंचायत समिति में कम से कम 15 वार्ड होंगे। इसके बाद एक निश्चित फार्मूले के तहत वार्डो की संख्या बढती जाएगी। पंचायत राज विभाग ने सोमवार को इस बारे में अधिसूचना जारी की है। वहीं, इससे पहले राज्य सरकार ने पंचायतों और पंचायत समितियों के पुनर्गठन और परिसीमन के आदेश जारी किए थे। इसके चलते लगभग पौने सात हजार पंचायतों के चुनाव स्थगित भी कर दिए गए थे। पिछले आदेश में जिला कलक्टरों को सिर्फ इनकी सीमाएं तय करने और नई पंचायतें गठित करने के आदेश दिए गए थे। अब इनके साथ ही ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों के वार्डो की संख्या तय करने के आदेश भी दिए गए हैं। यानी अब सभी पंचायतों और पंचायत समितियों में वार्डो की संख्या भी बढेगी।

### ग्राम पंचायतः

प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन हजार तक की जनसंख्या पर कम से कम सात वार्ड होंगे और इसके बाद प्रत्येक एक हजार या उसके भाग के लिए दो-दो वार्ड और बढ़ाए जाएंगे।

### पंचायत समितिः

प्रत्येक पंचायत समिति में एक लाख तक की जनसंख्या पर कम से कम 15 वार्ड होंगे और इसके बाद प्रत्येक 15 हजार या उसके भाग के लिए दो-दो वार्ड और बढाए जाएंगे।

2011 की जनगणना होगी आधार वार्ड संख्या के निर्धारण में 2011 में हुई जनसंख्या को आधार माना जाएगा, क्योंकि इसके बाद कोई अधिकारिक जनगणना नहीं हुई है। हालांकि इसके चलते विसंगतियां भी होने की आशंका है, क्योंकि 2011 के बाद हर पंचायत और पंचायत समिति में जनसंख्या काफी बढ चुकी है, ऐसे में मौजूदा जनसंख्या के अनुपात में जितने वार्ड होने चाहिए, उतने नहीं बन पाएंगे।

### जुलाई-अगस्त तक पूरा हो पाएगा काम :

पंचायतों के पुनर्गठन का यह काम जुलाई-अगस्त तक पूरा होने की सम्भावना है। क्योकि अप्रैल तक का समय तो जिलों को दिया गया है और इसके बाद जिलो की रिपोर्ट पर मंत्रियों की समिति विचार करेगी और इसके बाद अंतिम अधिसूचना जारी होगी।

जिला कलक्टरों को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि पुर्नगठित और नई बनी पंचायतों व पंचायत समितियों के साथ उन पंचायतों और पंचायत समितियों की सूची भी जारी करें, जिनमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

# भाजपा की होगी दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार!

## आप के तीन पार्षद बीजेपी में शामिल




जन जागरण संदेश

नई दिल्ली(एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के तीन पार्षद शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। इस तरह आगामी एमसीडी मेयर चुनाव में उसकी जीत की संभावना बढ़ गई है।

पार्षदों का स्वागत करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में केंद्र, विधानसभा और नगरपालिका स्तर पर एक ट्रिपल इंजन सरकार होगी। जो तीन पार्षद बीजेपी में शामिल हुए हैं उनमें अनीता बसोया (एंड्रयूज गंज), निखिल चपराना (हरि नगर) और धर्मवीर (आर के पुरम) शामिल हैं। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए पार्षद भाजपा में शामिल हुए हैं। विधानसभा चुनावों में अपनी हालिया शानदार जीत के मद्देनजर, भाजपा मेयर पद हासिल करके दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार पर नजर गड़ाए हुए है। भाजपा ने 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतकर आप को एक दशक बाद सत्ता से बाहर कर दिया।

### अप्रैल में होगा दिल्ली मेयर का चुनावः

मेयर का चुनाव अप्रैल में होना तय है।‚क्कने नवंबर 2024 में हुए पिछले मेयर चुनाव में तीन वोटों से जीत हासिल की थी। पार्षदों के अलावा, सात लोकसभा सांसद (सभी भाजपा के), तीन राज्यसभा सांसद (सभी आप के) और दिल्ली में 14 नामांकित विधायक दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव में मतदाता हैं। तीन पार्षदों के शामिल होने से भाजपा की सीटें अब आप से अधिक हो गई हैं।

### भाजपा 10 विधायकों को एमसीडी के लिए करेगी नामितः

भाजपा नेताओं ने कहा कि भाजपा अपने 10 विधायकों को एमसीडी के लिए नामांकित करने जा रही है, जबकि आप के पास नागरिक निकाय के लिए चार नामांकन होंगे।

पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के आठ और आप के तीन पार्षद विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। 2022 के एमसीडी चुनावों में,‚क्क ने 134 वार्ड, भाजपा ने 104, कांग्रेस ने नौ और निर्दलीय ने तीन वार्ड जीते थे।

उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों को दिया स्नेह भोज

# आईफा से प्रदेश में पर्यटन के खुलेंगे नए आयामः दिया कुमारी

जन जागरण संदेश



जयपुर (कासं.)। आईफा अवार्ड- 2025 के आयोजन से प्रदेश के पर्यटन की नई पहचान स्थापित होगी। प्रदेश के नए पर्यटन स्थलों को विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी। पारम्परिक क्षेत्रों के साथ नए क्षेत्रों में भी पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। यह बात शनिवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिविल लाईन्स स्थित कार्यालय पर पत्रकारों के लिए आयोजित स्नेह भोज में कही। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आईफा की तरह बड़े आयोजन प्रदेश में आयोजित करवाए जाएंगे ताकि प्रदेश के पर्यटन में बढोत्तरी हो और प्रदेश को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हों। इस दौरान उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक और सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से जुड़े पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक सही तरीके से पहुचाने में मीडिया की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।

# हरीश चौधरी मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी नियुक्त



जन जागरण संदेश

जयपुर(कासं.)। कांग्रेस पार्टी ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए कई राज्यों के प्रभारी बदल दिए हैं। जिसमें बायतु विधायक हरीश चौधरी का नाम भी शामिल है।

चौधरी को कांग्रेस हाईकमान ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए मध्यप्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। इस नई जिम्मेदारी से उनका राजनीतिक कद और बढ़ गया है। दरअसल, शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने संगठन में बदलाव करते हुए कई वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी है। कांग्रेस नेतृत्व ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और बायतु विधायक हरीश चौधरी को बड़ी जिम्मेदारी सौपते हुए उन्हें मध्यप्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। कांग्रेस ने यहां पर भंवर जितेंद्र सिंह को हटाकर हरीश चौधरी को मप्र कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया है। जिसके बाद से चौधरी के प्रशंसकों और समर्थकों में खुशी का मौहोल है। मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने पर विधायक हरीश चौधरी ने हाईकमान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह प्रदेश में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

बता दें कि हरीश चौधरी गांधी परिवार के करीबी नेताओं में गिने जाते हैं। वे इससे पूर्व पहले पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भी रह चुके हैं। 2021 में एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का पालन करते हुए उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

# 122 करोड़ रुपए के गबन में न्यू इंडिया सहकारी बैंक का जीएम गिरफ्तार

जन जागरण संदेश




मुंबई(एजेंसी)। मुंबई पुलिस ने 122 करोड़ रुपये के गबन मामले में न्यू इंडिया सहकारी बैंक के महाप्रबंधक हितेश मेहता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हितेश व उनके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच अपनी आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंपी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि मेहता को शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि मेहता को इस मामले के संबंध में जांच एजेंसी के दक्षिण मुंबई कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को सहकारी बैंक पर कई प्रतिबंध लगा दिए, जिसमें जमाकर्ताओं की ओर से धन निकासी पर भी प्रतिबंध शामिल है। शुक्रवार को आरबीआई ने ऋणदाता के बोर्ड को एक साल के लिए भंग कर दिया और मामलों के प्रबंधन के लिए एक प्रशासक नियुक्त किया और उसकी सहायता के लिए सलाहकारों की एक समिति भी नियुक्त की। बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवर्षि घोष ने शुक्रवार को मध्य मुंबई के दादर पुलिस थाने में जाकर धन की हेराफेरी की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद शनिवार तड़के मेहता और अन्य के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। मेहता को दक्षिण मुंबई स्थित ईओडब्ल्यू कार्यालय लाया गया और उसके अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया, शिकायत के अनुसार बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश रची और बैंक के प्रभादेवी और गोरेगांव कार्यालयों की तिजोरियों में रखे धन से 122 करोड़ रुपये का गबन किया।



# बोडो समुदाय को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास रहा एनडीए : मोदी

जन जागरण संदेश

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में आंदोलन के केंद्र रहे कोकराझार में सोमवार को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक एक दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र का स्वागत किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र और असम दोनों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकारें बोडो समुदाय को सशक्त बनाने और बोडो आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।

### सीएम सरमा ने बताया सत्र का प्रमुख एजेंडाः

वहीं, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने विकास के बारे में जानकारी दी और कहा कि सत्र का एक प्रमुख एजेंडा छठी अनुसूची क्षेत्रों के प्रशासन को मजबूत करना होगा। इस पल को अपने राजनीतिक करियर का सबसे महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया है।

### 17 फरवरी को मील का पत्थर हासिल करेगा असमः

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 17 फरवरी को असम ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल करेगा, क्योंकि कोकराझार, जो कभी बोडोलैंड आंदोलन का केंद्र था, एक दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र आयोजित करेगा। मुख्य एजेंडा छठी अनुसूची क्षेत्रों के प्रशासन को मजबूत करना होगा, जिसमें राज्यपाल का अभिभाषण एक प्रमुख आकर्षण होगा।

उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के असम के प्रति अटूट प्रेम और माननीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन से संभव हुआ है। उनका नेतृत्व शांति, स्थिरता और प्रगति की ओर हमारी यात्रा को आगे बढ़ाता रहेगा।

### मैंने जीवंत बोडो संस्कृति देखीः

मुख्यमंत्री के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने इसका स्वागत किया और कोकराझार की अपनी यात्रा को भी याद किया।

पीएम मोदी ने लिखा- केंद्र और असम दोनों में एनडीए सरकारें बोडो समुदाय को सशक्त बनाने और बोडो आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।

ये कार्य और भी अधिक जोश के साथ जारी रहेंगे। मुझे कोकराझार की अपनी यात्रा याद आती है, जहां मैंने जीवंत बोडो संस्कृति देखी थी।

### शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 45 वे दिन भी अनवरत जारी

## जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर छिपा मुस्लिम समाज शाहपुरा के सदस्य बैठे

जन जागरण संदेश




**सुरज वर्मा** दिनांक15-2-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर छिपा मुस्लिम समाज के सदस्य सदर हाजी शमसुद्दीन भाटी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार से शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग की । छिपा मुस्लिम समाज के सदर हाजी शमसुद्दीन भाटी नायब सदर हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा सेक्रेटरी मोहम्मद सलीम भाटी खजांची हाजी मोहम्मद हनीफ छिपा हाजी मोहम्मद उमर भाटी मोहम्मद हनीफ छिपा असलम छिपा कासिम अली, मोहम्मद उमर , मोहम्मद सलीम, इरफान मोहम्मद छिपा मोहम्मद आमीन छिपा सहित कई समाज जन कर्मिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुरा जिला बहाल करने का ज्ञापन दिया। छिपा मुस्लिम समाज के सदस्यों का जिला बचाओ संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया रामेश्वर सोलंकी प्रवीण कुमार पारीक सत्यनारायण पाठक मिंकु रवि दत्त पॉन्डरिक एवं संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत सचिव वीरेंद्र पत्रिया वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोक चन्द नौलखा कल्याणमल धाकड़ रमेशचंद्र मालू पीएलवी अभय गुर्जर राजेंद्र खटीक ने माला पहना कर स्वागत किया और अपने विचार रखें। इस अवसर पर धनराज जीनगर विनीत बुनकर परमेश्वर धोबी जगदीश घूसर पंकज पाराशर सहित कई लोग मौजूद रहे। संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि कल 16 फरवरी को पेंटर एसोसिएशन शाहपुरा रैली निकालकर क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

## कानून व्यवस्था का बंटाधार, अपराधियों व चोरों के हौंसले बुलंद : इन्द्राज गुर्जर

### गुर्जर ने कहा :- जल्द ही चोरी की वारदातों का खुलासा नहीं हुआ तो सड़क पर उतरने को मजबुर होगें ग्रामीण

जन जागरण संदेश

**पावटा (राजेश कुमार हाडिया)।** विगत 07 फरवरी को पुलिस थाने से महज सौ मीटर दूर अज्ञात चोरों द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में गए सुभाष गोयल के सुने मकान से लाखों रूपयों की नकदी व जेवरात पार कर ले जाने की घटना के एक सप्ताह से ज्यादा का समय बीत जाने के बावजुद भी कोई कार्यवाही ना होने एवं घटनाक्रम का खुलासा ना होने से ग्रामीणों में स्थानीय पुलिस के प्रति भारी रोष व आक्रोश का माहौल है। वहीं पूर्व विधायक इन्द्रराज गुर्जर ने पीड़ित सुभाष गोयल के घर जाकर चोरी में हुए नुकसान की जानकारी ली तथा जयपुर रेंज आईजी अजय पाल लाम्बा समेत पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों को दूरभाष पर जानकारी देते हुए क्षेत्र में चोरी नकबजनी की सम्पूर्ण वारदातों का अविलंब खुलासा करने की मांग



की। जिस पर अजय पाल लाम्बा ने मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिलाया। गुर्जर ने बताया कि प्रागपुरा थाना सहित पुरे सीओ सर्किल में चोरी, नकबजनी जैसी वारदातों पर लगाम नहीं लग पा रहा है। आये दिन क्षेत्र के विभिन्न थाना ईलाकों में दुकानों व मकानों में चोरी की वारदातें जारी है। बिती रात भी चोरों ने प्रागपुरा में अम्बेडकर नगर स्थित बांस के मौहल्ले में एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए राहुल ज्योतिषी के घर से चोरों ने कीमती सामान पर हाथ साफ किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह की वारदात है, उससे स्पष्ट हो रहा है कि चोर रैकी करके वारदात को अन्जाम देने आये थे। घटना से पीड़ित राहुल ज्योतिषी ने पिता की मृत्यु के बाद नकदी व जेवरात की व्यवस्था अपनी बहन की शादी के लिए की थी। यह घटना ना केवल शर्मशार कर देने वाली है, बल्कि पुलिस के मुंह पर तमाचा भी है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि चोरी की सभी वारदातों का जल्द ही खुलासा नहीं हुआ तो मजबुरन ग्रामीण व कांग्रेसी कार्यकर्ता सड़कों पर उतर कर उग्र प्रदर्शन करेगें। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस दौरान रमेश गुप्ता, पप्पू स्वामी, पंकज अग्रवाल, राहुल गोयल, सीताराम सिंघल, महेन्द्र स्वामी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## काली बाई भील स्कूटी योजना मे बालिका को मिली स्कूटी

जनजागरण संदेश



**संदीप कुमार गुप्ता** कोटपूतली बहरोड़ जिले के क़स्बा बानसूर मे राज्य सरकार द्वारा संचालित काली बाई भील स्कूटी योजना के अंतर्गत मरुधर महाविद्यालय की चयनित छात्रा अर्चना कुमारी पुत्री वीरसिंह को स्कूटी मिली। मरुधर महाविद्यालय के निदेशक रत्तीराम यादव ने छात्रा को स्कूटी की चाबी व दस्तावेज सौपे। कार्यक्रम मे विद्यार्थियों को राज्य सरकार की योजनाओं व शिक्षा के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान सहनिदेशक धर्मपाल यादव, ईश्वर सिंह, रमेश शर्मा सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## आरयूआईडीपी की ओर से महिलाओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सुरज वर्मा जन जागरण संदेश

**शाहपुरा** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम के तहत रेगर मोहल्ला तहनाल गेट पास परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। केप आरयूआईडीपी के सामाजिक विकास अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने स्वच्छता पर जानकारी देते हुए बताया कि आरयूआईडीपी के द्वारा एफएसटीपी का कार्य स्वच्छता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सेप्टिक टैंकों का फिकल स्लज खुले में डालने के कारण किसी न किसी रूप में वापस अपने घरों तक पहुंच रहा है। हम कई तरह की बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। इसलिए घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल जल को टैंकों में भरकर बन रहे एफएसटीपी में ले जाया जाएगा, वहां इसको ट्रीट कर खाद के रूप में खेतों में उपयोग में लिया जाएगा। इससे जो गंदगी होती थी, उससे निजात मिलेगी। वातावरण स्वच्छ रहेगा। सेप्टिक टैंक को 5 साल में खाली करवाना जरूरी है। कार्यक्रम 17 महिलाओं ने भाग लिया मोहम्मद मोहीन मंसूरी मौजूद थे।

## धूम धाम से मनाया गया, ( पी एम श्री) आदर्श राजकीय इंटर कालेज मोरी का वार्षिकोत्सव

जन जागरण संदेश



, /बी एस रावत, राजकीय इंटर कालेज मोरी में ( पी एम श्री) योजना का वार्षिकोत्सव कार्य क्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि असवाल , जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि,अतोल सिंह मेहरा, के तृत्व में प्रारंभ की गई !, सर्व प्रथम विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अतिथि सम्मान के लिए आतिथ्य गान, तत् पश्चात विभिन्न रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां छात्र छात्राओं के विभिन्न विषयों पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर लोगों का मनोरंजन किया गया ! कार्य क्रम में अतिथियों को बैज,मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया ! मोरी राजकीय इंटर कॉलेज का पी एम श्री वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाते हुए , इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक दूर्गेश्वर लाल , ने बतोर मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि इस योजना का उद्देश्य कक्षा छठी से लेकर बारहवीं तक के बुनियादी ढांचे के शिक्षा के स्तर से विद्यार्थियों को शिक्षा क्षेत्र में सुदृढ़ करना है ! तथा यह योजना नई शिक्षा नीति 2020 , के सिध्दांतों पर आधारित है ! जिसके चलते ऐसे विद्यालयों में पठन पाठन सामाग्रियों से लैस, प्रयोगशाला, विद्यालयों में विद्यार्थियों को बैठने के उच्चित प्रबंधन, खेलकूद, सहित आर्थिक मानसिक तौर पर विद्यार्थियों को तैयार किया जाना है ! समारोह को प्रधानाचार्य बिशन सिंह रावत, ने, तथा विद्यालय के वरिष्ठ इतिहास, प्रवक्ता मक्खन सिंह नेगी ने कहा कि राजकीय इंटर कालेज मोरी का प्रारम्भिक इतिहास बताते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र छात्राओं को पठन पाठन सामाग्रियों सहित एन सी सी, के लिए भी प्रस्ताव दिए गए हैं ! विद्यालय की वार्षिक प्रगति को समारोह के माध्यम से अभिभावकों को भी अपने बच्चों का मूल्यांकन देखने का मौका मिलता है ! इस अवसर पर मोरी चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति अध्यक्ष बिपिन सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह रावत, जिला पंचायत सदस्य नानाई अरुण रावत, तहसीलदार मोरी जब्बर सिंह असवाल,खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों सहित स्कूल प्रबंधन समिति स्टाफ सहित कई लोग उपस्थित रहे !

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा जागरूकता सह नामांकन शिविर आयोजन किया गया

जन जागरण संदेश



**श्रीकांत दास** / मंडरो प्रखंड में भारत सरकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रति कारीगरों और शिल्पकारों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्स्स्ध धनबाद के सहायक निदेशक दीपक कुमार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान योजना के तहत प्रमाण पत्र, कौशल प्रशिक्षण, उपकरण अनुदान, बिना जमानत ऋण व विपणन सहायता जैसी सुविधाओं की जानकारी दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कारीगरों से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने की लोगों से अपील किया गया, प्रशिक्षण भी दी गई प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना जैसे योजनाओं का लाभ 35% तक सब्सिडी लोन मुहैया किया जाता है रोजगार का सुनहरा अवसर प्रधानमंत्री रोजगार केंद्र सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्र मछली नेट जाल बनना ,कुम्हार, दर्जी, नाई ,मोची , मूर्तिकार ,नोका बनाने वाले, पत्थर तोड़ने वाले,विभिन्न 18 ट्रेडों में से है प्रज्ञा केंद्र में जाकर अप्लाई करने के बाद जिला प्रशासन की आईडी पर आ जाने के बाद अप्रूवल करने बात स्टेप 3 जो अप्रूवल हो जाते हैं ,स्पीड पोस्ट से सर्टिफिकेट एक प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कार्ड आता है, वह कार्ड से विभिन्न प्रकार लाभ दिया जाता है, सबसे पहले 5 दिन का ट्रेनिंग दिया जाता है, ट्रेनिंग के दौरान 500 कर के दिन परडे दिया जाएगा ,पांच दिन 2500 दिया जाएगा ,ट्रेनिंग खत्म होने के पश्चात 15000 श्ध बाउचर ट्रेनिंग खत्म होने के बाद टूल्कित , 1लाख अपनी नजदीकी बैंक जाकर सर्टिफिकेट प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कार्ड दिखाना है , पासबुक होना उसके 1लाख प्रधानमंत्री विश्वकर्मा पश्चात 5% ब्याज 18 माह में चुका देने के बाद फिर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा दूसरा साल में 2 लाख दिया जाएगा, तीसरा साल में 3 लाख दिया जाता है, केंद्र सरकार की तरफ से ,प्रज्ञा केंद्र में जाकर अप्लाई करें आवेदन आधार कार्ड ,राशन कार्ड, पैन कार्ड ,मोबाइल नंबर, इत्यादि चाहिए

## पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को युवाओं ने श्रद्धांजलि

जन जागरण संदेश/नीरज मीणा

**मंडावर।** उपखंड क्षेत्र के समीप ऊकरूंद गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की श्रद्धांजलि दी गई?। जिसमें युवाओं ने बताया कि 14 फरवरी हमारे लिए एक काला दिवस है। जो आज के दिन हमारे 44 जवान देश के खातिर शहीद हो गए हैं। एक जवान देश के लिए भूख प्यासा बोर्डर पर रहते हैं। अपने घर परिवार को मिलने के लिए वर्षा लग जाते हैं तब जाकर दो चार दिन के लिए घर आ पाता है। और उन्हीं की वजह से हम अपने घर में चैन की दिन सो पाते हैं।इस मौके पर नीरज ऊकरूंद,पवन जमींदार ऊकरूंद, सुनिल बैरवा, नीरज पंडित ऊकरूंद, विनोद ऊकरूंद, गजराज ऊकरूंद, नरेश पंडित,घनश्याम, राजेंद्र, नत्थूराम सहित अनेक लोग मौजूद रहे थे



## उद्यान विभाग द्वारा सखी मंडल ड्राइंग फुट पौधे का वितरण किया गया और समझाया गया



श्रीकांत दास /जन जागरण संदेश

**उद्यान** विभाग द्वारा राज्य बागवानी मिशन योजना के तहत जिले के पांच प्रखंडों - तालझारी, उधवा, बोरियो, बरहेट एवं पतना की 31 सखी मंडल दीदी किसानों को ड्रैगन फ्रूट के पौधे वितरित किए गए। तालझारी प्रखंड के हरिन कॉल गांव में आयोजित कार्यक्रम में JSLPS के कृष्ण कांत रक्षित और उद्यान विभाग के प्रेम पासवान ने संयुक्त रूप से पौधे वितरित किए। सरकार की इस पहल से महिला किसानों की आमदनी बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। ड्रैगन फ्रूट की खेती पोषण और बाजार मूल्य दोनों दृष्टि से फायदेमंद है। किसानों ने इस योजना के लिए सरकार और उद्यान विभाग का आभार व्यक्त किया।

## पुरकाजी में हमारा आंगन हमारे बच्चे प्रोग्राम का हुआ आयोजन

जन जागरण संदेश



**मोहम्मद इस्तखार** पुरकाजी 15 फरवरी। ब्लॉक संसाधन केंद्र पुरकाजी के प्रांगण में शिक्षा निदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत "हमारा आंगन हमारे बच्चे" उत्सव का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार गौड़ की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । कार्यक्रम का संचालन मेंराज खालिद रिजवी द्वारा किया गया। हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र और परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी इस अवसर पर ब्लॉक पुरकाजी के परिषदीय विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के 5 से 8 साल के बच्चों को आमंत्रित किया गया था।सरकार द्वारा चलाई गई योजना बाल वाटिका एवं परिषद में विद्यालय के कक्षा 1 व 2 के बच्चों के लर्निंग आउटकम को कैसे बढ़ाया जाए इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए चर्चा की गई ।छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने गिनती और अंग्रेजी शब्द सुनकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बोलते हुए पूनम सिंह सी डी पी ओ ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र परिषदीय विद्यालय के साथ संबंध बनाकर कार्य करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राकेश गॉड ने कहा कि हम सभी अध्यापकों को ईश्वर ने बच्चों को शिक्षा देने का पुनीत कार्य सौंपा इसलिए मेरा सभी से अनुरोध है कि सभी अध्यापक और आंगनवाड़ी कार्यकत्री मन लगाकर जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा दें ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुराधा सोबती, रूप सिंह,अनूप बंसल ,महताब अंसारी, नितिन चौधरी ,मुकेश शर्मा, जय गिरी, रूपक राणा, नरेंद्र गोस्वामी ,विवेक यादव, अंकित कुमार , प्रवेश, मोनिका, रश्मि पवार, पूजा चौधरी, सुमन चौहान, अरुण लता ,नीलम, सीमा, प्रेमलता, ईशा और बच्चे अल्तमस, सैफुल्लाह, शिवानी ,अनुप्रिया, हयात, अलमिश , रचित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पद्दोन्नत होने पर मुरारीलाल बैरवा का किया स्वागत

जन जागरण संदेश



**राजगढ़(नेमी नीमला)** रा .उ. मा .वि .देवती के प्रधानाचार्य मुरारी लाल के जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पद्दोन्नत होने पर राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवम शिक्षक नेता ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल बैरवा भीम सिंह बैरवा,राजेन्द्र प्रसाद एवम शिक्षक संघ पंचायतराज के रूप सिंह मीना हीरालाल बैरवा साथ रा. उ. मा. वि .कुंडला के कार्यवाहक प्रधानाचार्य शंकर लाल माली ,हरिराम मीना ,हेमन्त देव ,छुट्टन लाल कोली ने माला एवम साफा पहनाकर स्वागत किया गया इस स्वागत कार्यक्रम में रामनिवास मीना (प्रधानाचार्य,) सूर्यकान्त शर्मा (प्रधानाचार्य) शक्ति सिंह यादव, तोता राम गुर्जर, रणजीत घाघल पीटीआई ,कल्याण सहाय ,सुखराम मीना ,योगेश मीना, विकास जोशी,गीता राम ,निधि खींची तथा रा उ प्रा वि खेड़ली के प्रधानाध्यापक धर्मराज चौधरी, रामहरि जाट, एवम रा. उ .प्रा. वि नरवास के अशोक शर्मा, राजेश बारी , भंवर मीना रामसिंहपुरा की प्रधानाध्यपिका सरोज मीना ,चंदू राम पीटीआई आदि शिक्षक उपस्थित रहे

## पतौना पुलिस ने शराब के साथ 3 तस्कर को किया गिरफ्तार भेजा गया जेल

जन जागरण संदेश/ अभिजीत पासवान

**बिस्फी( मधुबनी)** पतौना पुलिस द्वारा होली पर्व को लेकर शराब माफियाओं के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पतौना पुलिस ने नरसाम गांव निवासी वीरेंद्र ठाकुर को 15 बोतल नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है साथ ही गुप्त सूचना के आधार पर शिबौल गांव निवासी देवनारायण पूर्वे के घर से 18 बोतल नेपाली शराब बरामद किया है साथ ही तस्कर देवनारायण पूर्वे को उसके घर से शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है एवं नरसाम गांव निवासी चितरंजन पंजीयार को भी 3 बोतल शराब के साथ पकड़ा गया है . थानाध्यक्ष राजकिशोर पंडित ने बताया कि मध्य निषेध कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तीनों शराब तस्कर को जेल भेज दिया गया है



## बड़कागांव कोल माइनिंग संवेदक संघ का गठन अध्यक्ष लीलाधन प्रजापति व सचिव मुजाहिद खान बने

जन जागरण संदेश



**तारकेश्वर महतो** बड़कागांव कोल माइनिंग संवेदक संघ बड़कागांव का गठन करने को लेकर शनिवार को आवश्यक बैठक एनटीपीसी साइट ऑफिस बड़कागांव के समीप दिनेश भवन में रखा गया।जिसमें लगभग 30 स्थानीय वेंडर उपस्थितहुए। बैठक की कार्यवाही 11.30 बजे से शुरू हुआ , जहां सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की बड़कागांव क्षेत्र में दिन प्रतिदिन कोल माइंस का विस्तार हो रहा है। जहां स्थानीय स्तर पर संवेदकगण कंपनियों की नीति के आगे खुद को ठगा महसूस करते हैं।कंपनी की नीति ऐसा बन गया है की बाहरी ठेकेदारों को बुलाकर काम दिया जाता है और यहां के स्थानीय संवेदक जिनके बाप दादा की जमीन कंपनी खड़ा करने में चला गया, उन्हे काम नहीं देकर बेरोजगार करके रखा जा रहा है।ऐसे तमाम कई विसंगतिओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया की स्थानीय स्तर पर संवेदक संघ का गठन होना जरूरी है।तत्पश्चात बड़कागांव कोल माइनिंग संवेदक संघ के नाम से संवेदक संघ बनाने पर प्रस्ताव पारित किया गया।जहां सर्वसम्मति अध्यक्ष लीलाधन प्रजापति व सचिव मुजाहिद खान का चयन किया गया।इस दौरान संघ के संरक्षक प्रदीप कुमार पांडेय , मीडिया प्रभारी अजय तिवारी , कोषाध्यक्ष बादल कुमार राज , सक्रिय सदस्य में मनोज कुमार साव , उमेश साव , दयानंद साव , अलिकामरान , विपिन कुमार , संजय कुमार साव , शिवम कुमार , आदित्य कुमार , हसन सिद्दीकी , सुभाष तिवारी का चयन किया गया।बैठक में मुख्य रूप से नंद किशोर कुमार , दिनेश कुमार , हरदयाल साव , प्रवीन कुमार कुशवाहा , संजय कुमार , मनोज कुमार साव समेत कई संवेदक उपस्थित थे।

## मौसम में हुआ बदलाव वायरल का प्रकोप। जांच खिड़की व डॉक्टर कक्ष के सामने रोगियों की भीड़



अवधेश सिंह /जन जागरण संदेश

**मालाखेड़ा।** फाल्गुन मास के लगते ही मौसम में एकाएक परिवर्तन हो गया। जिसके चलते दिन में तेज धूप और रात्रि सुबह शाम की सर्दी के चलते इन दिनों वायरल बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ ही उनके नियमित रूप से निशुल्क जांच खिड़की पर भी रोगियों की बड़ी संख्या में भीड़ लगी रहती है। मालाखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दूर दराज के गांव से बड़ी संख्या में रोगी रोग उपचार के लिए आते हैं। जिन्हें कतार में खड़ा रहना पड़ता है। जहां पंजीयन खिड़की के साथ-साथ चिकित्सक कक्ष व उसके साथ ही मुख्यमंत्री निशुल्क जांच लैब के बाहर भी लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी लोकेश मीणा का कहना है मौसम में परिवर्तन के पश्चात खांसी, बुखार, तथा वायरल के रोगी अधिक आ रहे हैं। जिनकी जांच करवाने के बाद उन्हें दवा दी जाती है । इसलिए अब जांच की संख्या भी बढ़ गई है। उन्होंने बताया सुबह-शाम और रात की सर्दी से प्राथमिक रूप से बचाव किया जाना चाहिए। बुजुर्ग तथा नोनीहाल इन दिनों वायरल की चपेट में अधिक आ रहे हैं।

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

जन जागरण संदेश/एस रहमान।




**टोंक ।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये जा रहे जिले में अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम के तहत आशीष प्रजापत वृताधिकारी मालपुरा एवं थानाधिकारी हरिराम के नेतृत्व में गठित टीम ने कस्बा टोडारायसिंह में कार्यवाही करते हुए आरोपी रामलाल उर्फ मोनू पुत्र गुलाब जाति बलाई उम्र 24 साल निवासी बलाईयों का चैक कस्बा टोडारायसिंह के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 7.35 मिलीग्राम स्मैक बरामद किया, बाद पूछताछ के गिरफ्तार किया। थाने में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करं अनुसंधान जारी है।

## सड़क दुर्घटना में घायल रामु महतो का एच. जेड. बी. फोर्ड अस्पताल में सफल ऑपरेशन

जन जागरण संदेश

**नेमतुल्ला** / हजारीबाग हजारीबाग के छड़वा डेम स्थित एच. जेड. बी. फोर्ड अस्पताल में डॉक्टरों ने एक और बड़ी चिकित्सा सफलता हासिल की। 28 वर्षीय रामु महतो, जो कुछ दिन पहले एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, अब खतरे से बाहर हैं। रामु महतो को सिर पर गहरी चोट लगने के बाद पहले चतरा



अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रैफर कर दिया गया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें हजारीबाग के एच. जेड. बी. फोर्ड अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉ. अमित और डॉ. सुप्रभात नर्सिंग स्टाफ की देखरेख में उनका सफल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की मेहनत रंग लाई, और अब रामु महतो की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। वह पूरी तरह होश में हैं और बात भी कर रहे हैं। रामु महतो के पिता जितु महतो ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों का आभार जताते हुए कहा, "फोर्ड अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की वजह से मेरा बेटा बच गया। उन्होंने बहुत अच्छा इलाज किया। अब वह पहले से बेहतर महसूस कर रहा है।" स्वस्थ होते रामु महतो ने भी खुशी जताते हुए कहा, "अब मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं अस्पताल प्रशासन का शुक्रगुजार हूं।" स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों ने भी फोर्ड अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं की सराहना की और इसे हजारीबाग में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का उदाहरण बताया।

# चौहटन से बाड़मेर मार्ग सहित उपखंड क्षेत्र के कई गांवों तक बेरोकटोक चल रही बिना परमिट की अवैध बसें

**किशन शर्मा /जन जागरण संदेश**




**परिवहन** विभाग की अनदेखी एवं मिलीभगत के चलाई जा रही इन बसों से सरकार के राजस्व को लग रहा बड़ा चूना जहां एक ओर खचाखच भरी इन बसों से सरकार के राजस्व को हो रहा बड़ा नुकसान वहीं जोखिम में डाल रहे यात्रियों की जान पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम चल रही इन अवैध बिना परमिट की बसों के लिए परिवहन विभाग ने भी मूंद ली है आंखें रोजाना अवैध रूप से चल रही सैकड़ों अवैध बसों के विरुद्ध आखिर विभाग द्वारा क्यों नहीं की जाती है कार्यवाही बीते लम्बे अरसे से इन अवैध वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं होने से यहां कुकुरमुत्तों की तरह बढ़ रही अवैध बसें कई बार हो चुके बड़े हादसों के बावजूद सबक नहीं ले रहा विभाग यहां धड़ल्ले से बेरोकटोक चल रहे अवैध वाहन, चौहटन उपखंड क्षेत्र के कई गांवों एवं बाड़मेर रूट पर बेरोकटोक चल रही बिना परमिट की अवैध बसें, विभाग ने साधी चुप्पी

# DLB मेहरबान तो 10/12वी पास बाबूजी बने ग्रेड-द्व के अधिकारी

**जन जागरण संदेश /पवन कुमार शर्मा**




**मामला** हे जानकारी के मुताबिक प्राप्त सूत्रों के अनुसार 2021-22 में की गई EO/RO की D P.C से संबंधित है। जिसमें एक सर्कुलर दिनांक 9.7.21 का दुरुपयोग करते हुए अपने निजी लोगों (04कार्यालय अधीक्षक) को बिना न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के ही पदोन्नति का चौथा लाभ दे दिया गया।साथ ही उल्लेखनीय है कि इनको लाभ देने के लिए ही पदोन्नति तारीख भी 1.4.21 के स्थान पर 13.7.21 कर दी गई। जबकि 2013 की सीधी भर्ती से आए राजस्व अधिकारी और कर निर्धारक को युक्त D.P.C. में उनकी पहली पदोन्नति से वंचित रखा गया।जिनके पास डिग्री और 7.5साल का कार्यानुभव था।आज की तारीख में बाबूजी अधिकारी के ऊपर ग्रेड द्व अधिकारी बने हुए है।ऐसा एक मामला नहीं है DLB में गत वर्षों में की गई पदोन्नतियों में घोर अनियमिताएं की गई जिसकी शिकायत भी की गई परंतु गुहार किसी ने ना सुनी।वो कहते हैं ना अफसर के ऊपर कौन अफसर । करने वाले गलत कर गए अब बात ये है कि इन गलतियों को सुधारे कौन और वो भी क्यों

# प्रतिभावान छात्र - छात्राओ को बांटे गए टैबलेट

**जन जागरण संदेश**



**सरवाड** / अजमेर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिडला मे शनिवार दिनांक 15 फरवरी 2025 को प्रधानाचार्या अनुश्री गुर्जर के सानिध्य में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को राजस्थान सरकार की टेबलेट योजना के अंतर्गत टेबलेट वितरित किये गये । टेबलेट वितरण कार्यक्रम में अध्यापक मुकेश कुमार सैनी शिवजी राम वैष्णव रामेश्वर जाट व गांव से पधारे शिवजी राम मोडिवाल दुर्गा नाथ योगी रामराज बराला कल्याण नटवाल रामकिशन उड़द आदि प्रमुख सदस्य उपस्थित थे

# सायला गुजरात से श्रमदान करने के लिए कल पूरा गौशाला में दे रहे हैं सेवा

**जन जागरण संदेश**



**जालौर** से 20 किलोमीटर दूर कलापुरा गांव में स्थित श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा लोक पुण्यार्थ न्यास द्वारा स्थापित व संचालित श्री वेदलक्षणा पथमेड़ा गो-नंदीशाला कलापुरा जहां वर्तमान में 1000 निराश्रित नर गोवंश की पूज्य भाव से सेवा हो रही है नंदीशाला के संरक्षक श्री गोपाल दास जी महाराज ने बताया कि श्री नंदराम दासजी महाराज पथमेड़ा की प्रेरणा से श्री जेशींग बापा जीव दया मंडल गांठीयोल (साबरकांठा) से 80 गोभक्तो की टीम ने नंदीशाला में गोवंश के लिए जल सेवा में 16 गवाण बनवाकर गौमाता को समर्पित कर पूज्या गोमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया, उन्होंने बताया कि यह मंडल पिछले 10 वर्षों से इस कार्य में लगा हुआ है अब तक 1800 से ज्यादा गोवंश के लिए जल सेवा में गमाण बनवा चुके हैं, सबसे बड़ी बात यह है कि इस मंडल में सभी महानुभाव 60 से अधिक आयु के हैं जो गुजरात से श्रमदान करने के लिए कल पूरा गौशाला में सेवा दे रहे हैं।

# जिला कलेक्टर ने कचरा निस्तारण प्लांट का निरीक्षण किया

**जन जागरण संदेश / विपिन सेतिया**



**अलवर** जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने शनिवार को अग्यारा स्थित कचरा निस्तारण प्लांट (एसडब्ल्यूएम) व एसटीपी का निरीक्षण किया उन्होंने कचरे के पृथक्करण कार्य, कचरे से कम्पोस्ट बनने की प्रक्रिया का अवलोकन कर नगर निगम के कार्य की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि प्लांट को पूरी क्षमता के साथ चलाएं। जिसके लिए जरूरत के अनुसार मैन पावर बढ़ाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि मौजूदा कचरे को 4 माह में निस्तारित करें। ग्रीनरी का लगाने का प्लान तैयार करें और चार दिवारी के कार्य 15 अप्रेल तक कराएं फिल्टर मीडिया के दोनों छोर पर शोधित जल के बीएलडी व सीएलडी की रिपोर्टिंग के लिए सेंसर लगाने और टेस्टिंग लेब का काम आगामी 15 दिन में कराएं। इसके अलावा जरूरत के अनुसार संकेतक बोर्ड लगाएं। इस दौरान नगर निगम आयुक्त जीतेन्द्र नरुका, युआईटी के अधीक्षण अभियंता तैयब खान, अधिशाषी अभियंता अशोक मदान, नगर निगम के अधिशाषी अभियंता खेमराज मीणा, सफाई निरीक्षक लक्ष्मण मीना सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री सत्य साईं मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सालय का आयोजन नेत्र जांच एवं शल्य चिकित्सा शिविर




**जन जागरण संदेश**

**श्री सत्य** साईं मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा मोहाली के गांव कुरारी में स्थित नि:शुल्क अस्पताल में गरीब और वंचित समुदाय के लोगों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच और शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में कुल 501 नेत्र शल्य चिकित्सा पूरी तरह से नि:शुल्क की जाएगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सतीश गर्ग ने बताया कि इस शिविर के तहत न केवल जांच और सर्जरी की सुविधा प्रदान की जाएगी, बल्कि रोगियों को सभी प्रकार की चिकित्सकीय देखभाल, अच्छे गुणवत्ता वाले लेंस प्रत्यारोपण, अनुवर्ती उपचार, और रहने-खाने की नि:शुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**12 फरवरी, 2025 से 25 मार्च, 2025 तक**




**मुख्य विशेषताएँ:**

पंजीकरण और जांच पंजीकरण, जांच, और सर्जरी की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। सर्जरी की टीम सर्जरी की प्रक्रिया डॉ. वर्षा जिंदल (एम.एस. [नेत्र रोग]) और उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा की जाएगी। समय और स्थान श्री सत्य साईं मानव सेवा नि:शुल्क अस्पताल, गांव कुरारी, एयरपोर्ट रोड, मोहाली सभी दिन (गुरुवार को छोड़कर) सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे Google Map लिंक श्याम सहारा कनिका फाउंडेशन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल [अंब्रेला स्टोर के सामने, पीरमुचला, सेक्टर 20, पंचकुला] शाम 3:00 बजे से 6:00 बजे तक Google Map लिंक संपर्क विवरण श्री सत्य साईं मानव सेवा ट्रस्ट संपर्क करें: +91 98155 02287 ईमेल: saimanavsevafoundation@gmail.com श्याम सहारा कनिका फाउंडेशन संपर्क करें: +91 92541 24143, +91 70090 29954 श्री सतीश गर्ग +91 98156 36200 श्री अमर विवेक अग्रवाल +91 98140 27754 इस नि:शुल्क शिविर का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को उचित नेत्र उपचार और सर्जरी प्रदान करना है, ताकि उनका जीवन बेहतर बन सके। श्री सत्य साईं मानव सेवा ट्रस्ट की यह पहल समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सेवा भाव को दर्शाती है।

# बनारस,जौनपुर सहित 7 शहरों में बाईपास को मंजूरी



**जन जागरण संदेश**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को लखनऊ की 1028 करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास के बाद विकास नगर मिनी स्टेडियम में आयोजित एक सभा में यूपी के रोड नेटवर्क के लिए खजाना खोल दिया। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यूपी को ग्रोथ इंजन बनाने के लिए 70000 करोड़ से 9 ग्रीनफील्ड बनाने का काम चल रहा है। कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी, प्रतापगढ़ में बाईपास को मंजूरी दी है। उन्होंने घोषणा की है कि 1200 करोड़ से प्रयागराज से वाराणसी तक 125 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग सिक्स लेन होगा। 22 हजार करोड़ से वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का काम दिसंबर 2027 तक पूरा हो जाएगा। रायबरेली-जौनपुर के बीच भी सिक्सलेन होगा। जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर में दो लेन का बाईपास बनेगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर से सिलीगुड़ी और वाराणसी से कोलकाता सिक्स लेन का भूमि पूजन जल्दी करेंगे। गडकरी ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा। मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि एनएचआई टोल घोटाला करने वालों की पोल योगी जी ने ही खोली।

# नायब तहसीलदार ने अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की



**जन जागरण संदेश**

**मयंक त्रिपाठी**/ आलमपुर नायब तहसीलदार ने शनिवार दोपहर कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से लकड़ियों का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ कर पुलिस थाने में रखवा दिया7 जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार रमाशंकर शर्मा शनिवार की दोपहर राजस्व अमले के साथ एक कार्य से गांगेपुरा जा रहे थे7तभी रास्ते में उन्हें लकड़ी भरी हुई आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली मिली7उसे रोककर जब नायब तहसीलदार ने चालक से लकड़ी के परिवहन संबंधी जरूरी कागज मांगे तो वह नहीं दे सके7जिसके बाद नायब तहसीलदार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर उसे आलमपुर पुलिस थाने में रखवा दिया और पंचनामा तैयार कर वन विभाग को आगे की कार्यवाही के लिये सूचना दी है7वहीं जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगभग 25 क्विंटल लकड़ी पायी गयी है उक्त कार्यवाही के दौरान पटवारी संजीव जाटव, पटवारी राजेन्द्र पलैया एवं पटवारी मनोज पाराशर मौजूद रहे

### इनका कहना है

लकड़ी के परिवहन संबंधी जरूरी कागज न होने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने में रखवा दिया गया है एवं अग्रिम कार्यवाही के लिये वन विभाग को सूचना दी गयी है श्री रमाशंकर शर्मा नायब तहसीलदार

# सपा ने तहसील दिवस पर रैन बसेरा मे शुल्क लगने को लेकर जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

**जनजागरण सन्देश**



**पवन कुमार/रॉबर्ट्सगंज -सोनभद्र** आज दिनांक 15/02/2025 को समाजवादी पार्टी द्वारा तहसील दिवस पर आश्रय गृह शेल्टर, (रैन बसेरा ) मे 200 रुपये प्रति कमरा और 50 रूपये प्रति बेड लगाये जाने के मामले को लेकर समाजवादी पार्टी जिला सचिव प्रमोद यादव के नेतृत्व मे जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौपा और माँग किया की गंभीरता पूर्वक इस मामले को देखा जाय प्रमोद यादव ने कहा की एक तरफ सरकार कहती है की गरीबो के लिए निशुल्क कैई योजना चलायी जा रही है लेकिन सरकार की बातो से ऐसा प्रतीत होता है की सरकार की योजनाए केवल हवा हवाई साबित हो रही है जबकि नगर पालिका कई कर जनता से वसूली कर रही है हाउस टैक्स, अगर कोई व्यक्ति रजिस्ट्री मकान, जमीन करवाता है तों 2 परसेंट पालिका को देना पड़ता है, तों क्या नगर पालिका एक रैन बसेरा निशुल्क नहीं चला सकती,समाजवादी पार्टी महिला सभा की अध्यक्ष गीता गौर, ने कहा की शासन प्रशासन इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है , सरदार पार ब्रह्म सिंह, सुरेश अग्रहरी ने कहा की नगर पालिका द्वारा लगाया गया शुल्क गलत है इससे आम जन मानस मे आक्रोश है, पूर्व नगर सचिव मनीष त्रिपाठी ने कहा की नगर पालिका मनमानी तरीके से बोर्ड द्वारा पास कराकर शुल्क लगा रही है अगर जनहित को देखते हुये आश्रय गृह शेल्टर से भारी, भरकम शुल्क नहीं हटाया गया तों वृहद आंदोलन किया जाएगा, प्रमुख उपस्थित रहे,समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष प्रदीप कनौजिया, शौर्य त्रिपाठी विष्णु कुशवाहा, जुनैद अंसारी उपस्थित रहे

## मछलीशहर के चर्चित विवाद में यादव परिवार को मिली बड़ी सफलता

# अग्रिम कार्यवाई पर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**प्राथमिकी, आरोपपत्र सहित मुकदमे से जुड़ी सभी कार्यवाहियों पर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में लगाई रोक,**

**जन जागरण संदेश**

**मछलीशहर** जौनपुर-पत्रकार मनीष यादव की पत्नी पूनम यादव व परिवार के सदस्यों के ऊपर विपक्षियों के द्वारा चल-अचल संपत्ति व रुपए के लेनदेन को लेकर लगातार राजनीतिक दबाव में विपक्षियों के द्वारा गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कराए जा रहे थे तथा मछलीशहर के चर्चित किसान सेवा-केंद्र पेट्रोल पंप मामले में हाईकोर्ट ने अपराध से जुड़ी सभी प्रकार की कार्यवाही पर रोक लगा दी है तथा उपरोक्त मामले की बहस व पैरवी यादव परिवार की तरफ से माननीय उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश कुमार श्रीवास्तव ने बड़े ही सधे और जोरदार तरीके से अपना पक्ष रखा, जिससे यादव परिवार को बड़ी राहत मिली और यादव परिवार जिसमें प्रमुख रूप से पत्रकार मनीष यादव के राजनीतिक और सामाजिक मान सम्मान की क्षति हुई है।अब प्राथमिकी या आरोप पत्र आदि में कोई कार्रवाई नहीं की जा सकेगी। यह पेट्रोल पंप समाजसेवी व पत्रकार मनीष यादव की पत्नी पूनम यादव के नाम पर संचालित था।अवगत कराना है की मछलीशहर में पत्रकार मनीष यादव की पत्नी पूनम यादव के नाम से किसान सेवा केंद्र-पेट्रोल पंप था बीते दिनों कस्बे के जीरकपुर निवासी संतोष गुप्ता ने मनगढ़ंत व कूट रचित दस्तावेज के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कराकर गलत ढंग से आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कराई थी। मनीष यादव का संबंध समाजवादी पार्टी से है जिसके कारण विपक्षी उन्हें लगातार हैरान परेशान कर रहे थे । इस के बाद मनीष यादव ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में शरण ली जिस पर माननीय उच्च न्यायालय ने बीते दिनों सुनवाई कर उक्त प्राथमिक की आरोप पत्र तथा सभी प्रकार की अपराध से जुड़ी कार्रवाई पर माननीय उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी। पीड़ित मनीष यादव का कहना है कि उन्हें बेवजह आर्थिक , सामाजिक और मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है इसके लिए अपने हाईकोर्ट के अधिवक्ता हरिश श्रीवास्तव एवं जौनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप कुमार सिंह से विधिक सलाह लेकर मानहानि का दावा भी पेश करेंगे इस मामले में विपक्षी संतोष गुप्ता नाम का व्यक्ति अपने आप को भाजपा नेता बता कर पेशेवर फ्रॉड करता आया है तथा अनेकों सम्मानित लोगों के इसी प्रकार का फ्रॉड भी इसी तरीके से जालसाजी कर कर मछलीशहर के कई व्यावसायिक दुर्गा प्रसाद व अन्य लोगों के साथ जालसाजी की हैं। वह उसके विरुद्ध पहले से कई मामले जांच के दायरे में है इस प्रकरण के आधार पर उच्च न्यायालय ने अन्य मामलों का भी संज्ञान लिया है

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के पदाधिकारियों एवम् सदस्यों को दिलाई गई शपथ



**जन जागरण संदेश**

**धर्मेन्द्र कुमार दुबे** सोनभद्र डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ जिसमे मुख्य अतिथि पांचूराम मौर्य पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल उत्तर प्रदेश एवम् विशिष्ठ अतिथि पूर्व अध्यक्ष/सदस्य बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश हरिशंकर सिंह व विनोद कुमार पांडेय सदस्य बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश ने भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इससे बाद वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो का बैच, मोमेंटो, अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि पांचूराम मौर्य पूर्व अध्यक्ष /सदस्य बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने डिस्ट्रिक्ट वार एसोसिएशन की अध्यक्ष जगजीवन सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत हरिशंकर सिंह विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश ने बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य अन्य पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई एवम् मा0विनोद कुमार पांडेय सदस्य बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार यादव, राजेश कुमार मौर्य के निर्वाचन में लगे निर्वाचन अधिकारीयो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ! अंत में बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव ने वहां मौजूद सभी पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए अग्रिम शुभकामनाएं दी। अतिथि के तौर पर समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ! संचालन राजेश कुमार मौर्य ने किया ! इस अवसर पर रोशन लाल यादव एड, राजबहादुर सिंह एड, हीरालाल पटेल, राजेश कुमार सिंह एड, रामजियावान सिंह, रियाजुदीन खान एड, राजनाथ सिंह, आकृति निर्भया, सरस्वती देवी,गीता गौर, आभा मौर्य,सुमन, पुष्पा तिग्गा, अभिषेक सिंह, सुरेश कुशवाहा, राजेश यादव अशोक कनौजिया आदि लोग उपस्थित रहे !

# बुरहानपुर के शनवारा चौराहे पर फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण स्वीकृति हेतु केंद्रीय मंत्री नितीन गड़करी से अर्चना चिटनिस ने की भेंट

**जन जागरण संदेश**



**सदाकत अंसारी**/ बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितीन गड़करी से भेंट कर बुरहानपुर के शनवारा चौराहे पर फ्लाईओवर के निर्माण स्वीकृति को लेकर चर्चा की। जिस पर मंत्री श्री गड़करी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अश्वस्त किया कि आगामी वार्षिक कार्ययोजना में उक्त प्रस्ताव को शामिल कर लिया जाएगा।

भेंट के दौरान श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर के शनवारा चौराहे पर फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण हेतु स्वीकृति पुनः मांग रखी। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 753 एल का निर्माण कार्य प्रगतिरत है, इस हेतु मंत्री श्री गड़करी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के निर्माण से बुरहानपुर-इंदौर और महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों के मध्य आवागमन में सुविधा होगी। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि उक्त मार्ग पर बोरगांव बुजुर्ग-शाहपुर परियोजना अंतर्गत झिरी, निम्बोला, बुरहानपुर हेतु 24 किलो मीटर का बायपास का निर्माण कार्य किया जा रहा है। किन्तु उक्त बायपास के निर्माण के उपरांत भी शनवारा चौराहे पर अंकलेश्वर से आने वाले वाहनों का भारी यातायात का दबाव बना रहेगा। अंकलेश्वर से खंडवा अथवा भुसावल की ओर जाने वाला यातायात शनवारा से ही गुजरता है। यह हाईवे बुरहानपुर में लगभग 6 किलोमीटर का भाग शहर के मध्य से होकर जाता है। जिस कारण भारी यातायात का दबाव बना रहता है और रास्ता जाम, दुर्घटना आदि की स्थिति निर्मित होती है। इस समस्या के समाधान हेतु शनवारा चौराहे पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य कराया जाना अतिआवश्यक है। श्रीमती चिटनिस ने अनुरोध किया कि बुरहानपुर शहर में रा.रा.753 एल पर शनवारा चौराहे से अंकलेश्वर रोड पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य उपरोक्त प्रचलित परियोजना के अंतर्गत ही स्वीकृति प्रदान की जाए ताकि इंदौर से बुरहानपुर होकर अंकलेश्वर की ओर जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी तथा शनवारा चौराहे पर यातायात का दबाव भी कम होगा। श्रीमती चिटनिस की मांग पर केन्द्रीय मंत्री नितीन गड़करी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

# बड़वानी के शातिर चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार : 25 हजार के जेवर और 33 हजार का तेल चोरी का आरोप , दोनों भेजे गए जेल

**जन जागरण संदेश**



**रिपोर्ट दिग्विजय सिंह** खरगोन। जिले की बिस्टान पुलिस ने बड़वानी जिले के दो शातिर चोरों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अजीत सिंह पिता भीमसिंह बरनाला सिकलीगर निवासी उमरटी व राहुल पिता दिलीप सिंह टकराना सिकलीगर निवासी उण्डी खोदरी के रूप में हुई है। बिस्टान थाना प्रभारी इलाप सिंह मुजाल्दे के अनुसार , 10 फरवरी को बिस्टान के अनकवाडी में एक परिवार के देवास शादी समारोह में जाने के दौरान उनके सूने मकान को निशाना बनाया था। चोरों ने सूने मकान से 25 हजार रुपए के आभूषण और उनकी किराना दुकान से 33 हजार रुपए का बोतल बंद तेल चुरा लिया था।

### आरोपियों पर पहले से चोरी के मामले दर्ज

पुलिस ने दोनों आरोपियों को अनकवाड़ी में संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ा। पुलिस की शक्ति से पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात को कबूल किया। जांच में सामने आया कि राहुल पर निवाली थाने में पहले से चोरी के मामले दर्ज हैं। वही अजीत सिंह पर वरला , भगवानपुरा , सेंधवा और बड़वानी के साथ-साथ गुजरात में भी आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। जबकि ऊन पुलिस ने 6 साल से फरार नाबालिग के अपहरण के 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी भुरला पिता बीजू कालापानी टांडाबरूड को तलकपूरा में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। दोनों ही मामलों के आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## कोटेदार द्वारा 149.80 क्विंटल खाद्यान्न गबन का मामला, शिकायत के बावजूद नहीं हुई ठोस कार्रवाई

जन जागरण संदेश

**अनुराग** मिश्र कटरा बाजार गोंडा विकास खंड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत कोटिया मदारा में एक कोटेदार द्वारा 149.80 क्विंटल खाद्यान्न के गबन का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम निवासी दीप नारायण शुक्ला उर्फ दीपक ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपकर कोटेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और दुकान निरस्त करने की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, कोटेदार मंजू देवी पत्नी हीरालाल ने कथित रूप से फर्जी मार्कशीट के आधार पर कोटे की दुकान हासिल की थी। आरोप है कि उन्होंने श्याम मनोहर और हीरालाल के अंत्योदय राशन कार्डों पर 238 माह और 190 माह के राशन की कूटरचना करके हेराफेरी की। इस तरह कुल 149.80 क्विंटल खाद्यान्न को एआरओ और पूर्ति निरीक्षक की मिलीभगत से गबन किया गया। दीप नारायण शुक्ला का आरोप है कि जिलाधिकारी को पूर्व में भी शिकायत की गई थी, लेकिन पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने कोटेदार पर कोई ठोस कार्रवाई करने के बजाय केवल राशन कार्ड निरस्त करने और नाम हटाने जैसी मामूली कार्यवाही की। आज तहसील समाधान दिवस के मौके पर प्रार्थी ने पुनः जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा और कोटेदार सहित संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और दुकान निरस्तीकरण की मांग की। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है या फिर शिकायतों की फाइलें सिर्फ दफ्तरों में धूल फांकती रहेंगी।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पछो मे तनाव, कभी भी डूब सकती है विवादों की लहर मे किसी की नांव

### भू माफियायों के खिलाफ ग्रामीणों ने समाधान दिवस पर दिया प्रार्थना पत्र

जन जागरण संदेश




**आजमगढ़** तहसील निज़ामाबाद सरायमीर थाना क्षेत्र के पवई लाडपुर गांव में भूमाफियाओं द्वारा कब्रिस्तान के बहाने, गरीब दलितों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है, मना करने पर जाति सूचक शब्दों के साथ जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिस संबंध में पर पवई लाडपुर निवासी लाल बहादुर सोनकर व अन्य शनिवार को तहसील निजामाबाद पहुंचकर समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। लाल बहादुर सोनकर पुत्र अगनू सोनकर ने समाधान दिवस को दिए गए पत्र में लिखा है कि लाल बहादुर अगनू सोनकर, गोबिन्द ?सोनकर पुत्र रोहित सोनकर, मंती पत्नी राम प्रसाद सोनकर, आशा पत्नी कस्तरी सोनकर सरायमीर थाना क्षेत्र के पुना पोखर के निवासी हैं। जिनकी जिनकी पवई लाडपुर में गाटा संख्या 229 की भूमिधरी है। उसके पास ही गाटा संख्या 222 की जमीन जो कब्रिस्तान के नाम से हैं और कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों का अस्थायी कब्जा था ,जिसे प्रशासन द्वारा हटाया गया था, जिससे कब्रिस्तान की जमीन अतिक्रमण मुक्त हो गई थी। लेकिन लालबहादुर व अन्य लोग जब अपनी जमीन की बाउंड्री वॉल करना चाहते थे ,तो सरायमीर के ही कुछ लोगों की बॉउंड्री वाल नहीं होने दे रहे हैं, बल्कि कब्रिस्तान के नाम पर लाल बहादुर, गोविंद ,मंती आशा आदि की जमीन को जबरदस्ती कब्जा करना चाहते हैं। उक्त मुस्लिम समुदाय के लोग भू माफिया हैं। जिसके वजह से उनके व उनके ऊपर जान माल का खतरा बना हुआ है और कभी भी उनके साथ कोई बड़ी घटना कर सकते हैं ।लाल बहादुर सोनकर ने उक्त भूमि माफियाओं के खिलाफ समाधान दिवस पर तहसील निजामाबाद पहुंचकर में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## विधायक ई. सरवन निषाद ने हरकेश निषाद के परिजनों को बढ़ाया ढांढस

### मछली पकड़ते समय हरिकेश निषाद नदी में डूब गया था

जन जागरण संदेश / जितेन्द्र गुप्ता



**चौरी चौरा** विधानसभा के सधना निवासी हरिकेश निषाद शुक्रवार को मछली पकड़ते समय वह नदी में डूब गया जिसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला सूचना मिलते ही शनिवार को सुबह विधायक ई. सरवन निषाद ने एनडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जल्द से जल्द शव को बरामद करने के लिए निर्देशित किया। डूबने की सूचना पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। विधायक ने हरिकेश निषाद के परिजनों को ढांढस बढ़ाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि शासन द्वारा जो भी हो सकता है सहयोग किया जाएगा। मौके पर झंगहा थानेदार जयंत सिंह, विधायक प्रतिनिधि रामदयागर निषाद, रामसेवक निषाद, सुनील कुमार निषाद,सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## भाजपाइयों ने किया स्वागत

जन जागरण संदेश



**आहोर-जितेन्द्र** दवे नव नियुक्त जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जालोर के जसराज राजपुरोहित आहोर प्रवास पर रहे जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का स्वागत एवं बहुमान किया जिसमें भारतीय जनता पार्टी आहोर मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष लालाराम देवासी, पूर्व भाद्राजून मंडल अध्यक्ष लालसिंह निलकंट, पूर्व महामंत्री गणेश सिंह काम्बा, पुष्पेन्द्र पुरी,ओमसिंह, नरपतसिंह,मनोज दवे भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

## अवैध बजरी खनन पर प्रभावी कार्यवाही

जन जागरण संदेश



**एस रहमान टोक /उनियारा** उपखण्ड के सूथंडा ग्राम में उपखण्ड अधिकारी उनियारा एंव तहसीलदार उनियारा द्वारा की गई कार्यवाही में 5 ट्रेक्टर ट्राली एंव एक डम्पर किया गया जब्त। उपखण्ड अधिकारी उनियारा शत्रुघ्न सिंह गुर्जर द्वारा 11 फरवरी को ग्राम पंचायत सूथंडा में की गई ।रात्रि चौपाल में ग्रामीणो एंव बुजुर्गो द्वारा बताया गया था कि ग्राम के मुख्य मार्ग से लगातार तेज गति से गुजरने वाले बजरी के अवैध वाहनो से जंहा हमेशा दुर्घटना का भय सताता रहता है तेज आवाज से चलने वाले वाहनो के कारण ग्रामवासियो को रात को चैन से सोना भी दुश्वार हो रहा है ।तथा विरोध करने पर ऐसे अवैध वाहनो के साथ चलने वाले आपराधिक प्रवृति के लोगो के लोग मारपीट पर उतारु हो जाने से ग्रामवासियो में भय का माहौल बना हुआ है। चौपाल के दौरान ही उपखण्ड अधिकारी द्वारा अवैध बजरी खनन पर प्रभावी कार्यवाही के लिये सम्बन्धित विभागो व पुलिस प्रशासन को निर्देशित करने के साथ ही ग्रामीणो को आश्वस्त किया गया था वह स्वंय इस पर प्रभावी कार्यवाही करेगें। जिला कलेक्टर टोंक के निर्दशन में रात को शत्रुघ्न सिंह गुर्जर, उपखण्ड अधिकारी उनियारा एंव प्रवीण सैनी, तहसीलदार उनियारा द्वारा राजस्व टीम के साथ अवैध बजरी खनन पर कार्यवाही हेतु रात्रि भ्रमण किया जा रहा था। दौराने भ्रमण रात्रि 12 बजे के बाद ग्राम सूथंडा एक बडा डम्पर तथा दौ ट्रेक्टर ट्राली बजरी से भरकर बनेठा से उनियारा की ओर जाते मिला जिसको राजस्व टीम द्वारा वाहन चालको सहित पकडा गया। कार्यवाही के दौरान ही तीन संदिग्ध ट्रेक्टर ट्राली बिना नम्बर के आते हुये मिले जिनको भी जब्त किया गया। वाहनो को पकडे जाने के बाद कानूनी कार्यवाही हेतु थाना बनेठा को मौके पर बुला कर सभी वाहन एंव वाहन चालक पुलिस के सुपुर्द किये गये। शत्रुघ्न सिंह गुर्जर उपखण्ड अधिकारी उनियारा ने बताया है कि अवैध बजरी खनन के खिलाफ इस प्रकार की औंचक कार्यवाही जारी रहेगी उपखण्ड क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध खनन की कार्यवाही पर पूर्ण रोक लगाई जायेगी।

## वृद्ध आश्रम से 30 श्रद्धालुओं को प्रयागराज महाकुंभ स्नान हेतु किया रवानाः

### डीएम व एसपी ने बुजुर्गों का माल्यार्पण कर उनके मंगलमय यात्रा की दी शुभकामनाएं



जन जागरण संदेश

**अनिल कुमार ओझा/** उरई, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम से लगभग 30 बुजुर्गों को प्रयागराज महाकुंभ पवित्र स्नान के लिए बस द्वारा रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। वृद्ध आश्रम के बुजुर्ग श्रद्धालु महाकुंभ में पवित्र स्नान करने और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के लिए बेहद उत्साहित थे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बुजुर्गों का स्वागत करते हुए उन्हें माला पहनाई और उनके मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस यात्रा के दौरान बुजुर्गों के लिए सुरक्षा, चिकित्सा, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। समाज कल्याण विभाग की ओर से यह पहल बुजुर्गों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से की गई है, ताकि वे अपने जीवन के इस पड़ाव पर मानसिक और आत्मिक शांति प्राप्त कर सकें। महाकुंभ का आयोजन बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक यात्रा के रूप में यादगार रहेगा। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारियों ने भी श्रद्धालुओं को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी।

## पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार ने फाइलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सुमन कुमार दत्ता/जन जागरण संदेश





**पाकुड़-** फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर शुक्रवार को वीआईपी रोड से उपायुक्त मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ. केके सिंह ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जा रहा है। यह जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीमारी के बारे में कहा कि एक वर्ष से कम आयु वाले शिशु, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं को मलेरिया रोधी दवा नहीं खिलाया जाएगा।

## नवयुवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर मौत को गले लगाया



सरफराज मोहम्मद/जन जागरण संदेश

**पन्ना/** पवई थाना अंतर्गत मुड़वारी ग्राम में आज शाम 5 बजे के करीब सचिन रजक पिता राजकुमार उर्फ बबलू रजक उम्र 21 वर्ष ने अपने घर पर ही फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के पिता बाहर मजदूरी करने तथा मां खेत गई हुई थी। सूना घर पाकर मृतक फांसी के फंदे पर झूल गया। जैसे ही परिजन घर आए वैसे ही चीख पुकार मच गई। फिलहाल मृतक ने यह कदम किसलिए उठाया कारण अज्ञात है। पवई पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर...

जन जागरण संदेश



**सदाकत अंसारी/** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में कैंप लगाकर टीबी से बचाव के प्रति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सौ दिवसीय टीबी खोजी अभियान के अंतर्गत शनिवार को नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल के मार्गदर्शन में एक हेल्थ चैकअप कैंप लगाया गया। जिसमें मिल कर्मचारियों और नागरिकों की पीएफटी स्क्रीनिंग की गई। कैंप में डॉक्टर झंझडीवाल ने बताया कि यदि किसी को खांसी और बलगम आता है तो वह इधर-उधर न थूके। खांसते समय मुंह पर रुमाल या तौलिया का इस्तेमाल करें। यदि बलगम आए तो ब्लीचिंग पाउडर या राख में बलगम को थूकें और उसे मिट्टी में गड्ढा खोदकर दबाएं। इसके साथ-साथ यदि किसी व्यक्ति को 10 लक्षणों में से कोई भी एक लक्षण दिखाई दे तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच अवश्य कराएं। अगर कोई व्यक्ति की उम्र 60 वर्ष से अधिक है मधुमेह से पीड़ित है या अन्य किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित है, वह भी अपने टीबी की जांच अवश्य करा लें। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ देश की लड़ाई में तेज़ी लाने और वर्ष 2025 तक रोग को खत्म करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 9 सितंबर 2022 को "प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान" लॉन्च किया था। भारत सरकार के इस जनहित अभियान में नेपा लिमिटेड अपनी चिकित्सा टीम के माध्यम से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रहा हैं। इसी तारतम्य में दिनांक 7 दिसंबर 2024 से 17 मार्च 2025 तक चलने वाले सौ दिवसीय अभियान के लक्ष्य प्राप्ति हेतु नेपा लिमिटेड की चिकित्सा टीम प्रतिबद्ध हैं। इस शिविर में सिप्ला के क्षेत्रीय प्रबंधक नवनीत कुशवाहा और एरिया मैनेजर जावेद सैफी द्वारा मरीजों का फुफ्फुसीय कार्य परीक्षण (स्पाइरोमेट्री टेस्ट) किया गया। अवसर पर डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल ने सभी को टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई और अभियान की सफलता हेतु अधिक से अधिक निश्चय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉक्टर राजश्री मोरे, एक्सरे तकनीशियन मोहिंदर यादव, प्रयोगशाला तकनीशियन रिजवान शाह, सिस्टर रेमो फ्रांसिस, संध्या सिंह, हैरिसन भंडारे, प्रमोद पाटिल,वेदांत वाघमारे, जगदीश चौहान, विनोद पाटिल, गोविंद पाटिल, आकाश चौहान, पुरुषोत्तम गौहर आदि उपस्थित थे।

## शिक्षित उम्मीद्वार गौतम की जीत से बदलेगी गंगालुर क्षेत्र की तस्वीर

जन जागरण संदेश



**रिपोर्टर - संतोष तिवारी** बीजापुर। आदिवासी बाहुल्य बस्तर के बीजापुर में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की रणभेरी बज गई है और इसके लिए चुनावी योद्धा भी सज - धज कर तैयार हो गए हैं। ऐसे ही एक योद्धा से हम आपका परिचय करा रहें हैं वह बी.गौतम राव का जोकि बीजापुर ज़िला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 से अपना भाग्य आजमा रहें हैं। श्री राव कोई पहचान के मोहताज नहीं हैं वह माओवाद प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने वाली तत्कालीन शिक्षिका व वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बी.पुष्पा राव के सुपुत्र हैं। जिला पंचायत सदस्य के उम्मीद्वार श्री गौतम आपकी बात ,गांव की बातद्घशासन -प्रशासन में रखने में सक्षम हैं। साफ नियति, स्वच्छ व विकासशील विचार वाले प्रत्याशी गौतम सभी समाजों में अच्छी दखल रखते हैं। श्री गौतम एक नहीं सभी समाजों के पुरुष, महिला,युवा ,बुजुर्ग को साधकर सबका साथ सबका विकास की सोच रखने वाले उम्मीदवार हैं। शिक्षित प्रत्याशी श्री गौतम ने स्नातकोत्तर की उपाधि,वानिकी एवं वन्य जीव हैं ।वन, जंगल ,जानवर की पढ़ाई में मास्टर डिग्री और एक स्नातकोत्तर मास्टर डिग्री है। ग्रामीण प्रौद्योगिकी ,रूरल टेक्नोलॉजी मतलब ग्रामीण विकास की भी पढ़ाई की है।फार्मेसी यानी दवा वितरण और स्वास्थ की पढ़ाई की है।जो कि आपके गांव के सहयोग और विकास में काम आएगी।

## निगम चुनाव में भाजपा को विजयी बनाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं : नायब सैनी

### मुख्यमंत्री ने की भाजपा के मेयर उम्मीदवार प्रवीण पोपली के साथ-साथ सभी पार्टी उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील

जन जागरण संदेश



**अनिल जिंदल / हिसार : 15 फरवरी :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहर की जनता से आह्वान किया है वह नगर निगम चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार ही देश, प्रदेश व शहर का विकास करवाने में सक्षम होती है और विकास कार्यों में कोई अड़चन नहीं आती। नाय?ब सिंह सैनी सुशीला भवन में भाजपा मेयर पद के उम्मीदवार प्रवीण पोपली के कार्यालय उद्घाटन अवसर पर पार्टीजनों व शहरवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति व ?रीति विकास करवाने की रही है लेकिन कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल केवल अपना उल्लू सीधा करने के प्रयास में रहते हैं। ऐसे में ये दल अपनी भ्रमित बातों से जनता को बहकाने का प्रयास करते हैं लेकिन जनता अब इनकी असलियत जान चुकी है। जहां भी चुनाव हो रहे हैं, जनता कांग्रेस व विपक्षी दलों को ठिकाने लगा रही है और भाजपा को अपना रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो चुनावी घोषणापत्र की बजाय संकल्प पत्र जारी करती है और संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जो वादे किए थे, उनमें से 18 वादे पूरे हो चुके हैं और 10 वादे "प्रोसेस" में है। बाकी वादों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसके अलावा भी जनता की मांगों व समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। नगर निगम चुनावों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पार्टी ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। हिसार में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवीण पोपली को उम्मीदवार बनाया गया है। वे पार्टी के निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ता है, उनमें शहर का विकास करवाने का जज्बा है। उन्होंने शहरवासियों से प्रवीण पोपली के लिए वोटों की अपील करते हुए पार्टीजनों से आह्वान किया कि वे उनकी जीत के लिए दिन रात एक कर दें और अपने उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करें। उन्होंने मेयर पद के अलावा पार्षद पदों पर भी पार्टी उम्मीदवारों की जीत की अपील की।

इससे पहले जनसभा में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गद्दा भेंट करके मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याणा, विधायक रणधीर पनिहार, जिला प्रभारी जवाहर सैनी, प्रदेश मंत्री कैप्टन भूपेन्द्र, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, जिला महामंत्री आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया, रणधीर सिंह धीरू व संजीव रेवड़ी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, पूर्व सांसद डीपी वत्स, जगदीश जिंदल, पूर्व मंत्री अनूप धानक, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, रवि सैनी, रामस्वरूप पोपली,सतबीर वर्मा, अनिल सैनी, ओपी मालिया, कृष्ण बिश्नोई, सुनीता रेड्डू, सरोज सिहाग सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बलिया एसपी ने बदले 14 थानेदार

जन जागरण संदेश

**गौरव सर्राफ / बलिया।** लम्बे समय बाद पुलिस महकमा में बड़ा फेरबदल हुआ है। कई थानाध्यक्ष तो दो साल से अधिक समय से एक ही जगह पर जमे हुए थे। चर्चा है कि अगले कुछ दिनों में और कई एस हटाये जा सकते हैं। एसपी ओमवीर सिंह ने फिलहाल 14 थानेदारों का कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। उन्होंने हल्दी एसओ मिथिलेश कुमार को दुबहड़ तथा यहां पर तैनात राकेश सिंह को बैरिया का एसओ बनाया है। रसड़ा में तैनात विश्वदीप सिंह को हल्दी का एसओ बनाया है। इसी प्रकार बैरिया में तैनात रामायण सिंह को सुखपुरा तथा वहां पर तैनात योगेंद्र प्रसाद सिंह को साइबर थाना प्रभारी नियुक्त किया है। साइबर थाना प्रभारी नदीम अहमद फरीदी को नरही तथा वहां पर तैनात सुनील चंद्र तिवारी को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा बनाया है। प्रभारी पाक्सो सेल अजय त्रिपाठी को फेफना तथा वहां पर तैनात बृजमोहन सरोज को डीसीआरबी में तैनात किया है। रेवती में तैनात रोहन राकेश सिंह को चितबड़ागांव तथा वहां पर तैनात प्रशांत चौधरी को रेवती, नगरा में तैनात हरिशंकर सिंह को दोकटी तथा वहां पर तैनात वंश बहादुर सिंह को एएसपी कार्यालय में नियुक्त किया है। गड़वार से मूलचंद चौरसिया को खेजुरी तथा वहां पर तैनात अनिता सिंह को महिला सहायता प्रकोष्ठ, रेवती के गोपालनगर चौकी प्रभारी लालमणि सरोज को पकड़ी तथा वहां पर तैनात राजेंद्र प्रसाद सिंह को उभांव का चार्ज दिया है। उभांव एसओ विपिन सिंह को रसड़ा तथा वहां पर तैनात रत्नेश सिंह को गड़वार, एसपी पीआरओ कौशल पाठक को नगरा, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ अंशुमान यदुवंशी को प्रभारी साइबर थाना, सिविल लाइन चौकी प्रभारी अजय पाल को एसओ बांसडीह रोड तथा वहां पर तैनात अखिलेश चंद्र पांडे को प्रभारी पाक्सो सेल बनाया है। पुलिस कप्तान ने एसओजी प्रभारी संजय सिंह को हटाते हुए अपराध शाखा में तैनात

## पीएम श्री रा उ मा वि आमेट के विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट इनोवेशन अंतर्गतभ्रमण कर शिक्षा के साथ साथ खेलो के बारे में जानकारी प्राप्त की और शूटिंग रेंज में शूटिंग की बारीकियां सीखी

जन जागरण संदेश



**अमित विजयवर्गीय / आमेट** आमेट मुख्यालय के पीएम श्री रा उ मा वि आमेट के विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट इनोवेशन अंतर्गत अनुमोदित गतिविधि अन्य विद्यालयों के साथ साझेदारी "ट्विनिग ऑफ स्कूल" के क्रियान्वन हेतु गुरुवार को स्मार्ट स्टडी इंटरनेशनल स्कूल नाथद्वारा और रा उ प्रा वि भोपा की भागल ग्राम पंचायत मोलेला ब्लॉक खमनोर का पीएम श्री विद्यालय प्रभारी प्रकाश चंद्र प्रजापत के नेतृत्व में भ्रमण किया किया, ट्विनिंग आफ स्कूल के कार्यक्रम प्रभारी मनोज कुमार शर्मा प्राध्यापक ने बताया कि पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य देवीलाल खटीक ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया विद्यार्थियों ने स्मार्ट स्टडी स्कूल का भ्रमण कर शिक्षा के साथ साथ खेलो के बारे में जानकारी प्राप्त की और शूटिंग रेंज में शूटिंग की बारीकियां सीखी इसके बाद राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भोपा की भागल में प्रधानाध्यापक श्री कृष्ण गोपाल गुर्जर के निर्देशन में विद्यालय का भ्रमण किया गुर्जर ने पक्षियों के संरक्षण और पर्यावरण के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया विद्यार्थियों ने विद्यालय में स्थित विभिन्न प्रकार के प्रजातियों के पौधे एवं गौरैया संरक्षण हेतु बनाए गए गोरिया ग्राम का अवलोकन किया बाद में भ्रमण दल के विद्यार्थियों ने भोपा की भागल के विद्यालय का शिक्षण कार्य देख कर प्रेरित भी हुए प्राध्यापक बाबू लाल सालवी,मनोज शर्मा, श्रीमती राखी आर्य, रेखा जीनगर,नवल सिंह,सम्पत लाल खटीक,वरिष्ठ अध्यापक भेरू लाल जीनगर, सर्वेश्वर सालवी अध्यापिका चंचल दमामी मौजूद थे

# चंद्रपुर में बढ़ते अपराध, सुगंधित तंबाखू ,नशीले पदार्थों से युवाओं को बचालो सरकार

## स्थानीय अपराध शाखा की दर्जनों कार्रवाई में भारी मात्रा में जब्त नशीले पदार्थ और हथियार

### नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई फिर भी नहीं रुक रहा कारोबार

जन जागरण संदेश

**चंद्रपुर** फिल्म उड़ता पंजाब में ड्रग्स के नशे में डूबी दुनिया को पर्दे पर उतारा गया है इसमें दिखाया गया है कि नशे के चंगुल में फंस कर किस तरह लोग बर्बादी के कगार पर पहुंच रहे हैं। इन दिनों कुछ ऐसा ही चंद्रपुर जिले के युवाओं में देखने को मिल रहा है। शहर की युवा पीढ़ी में तेजी से नशे की लत फैल रही है।

वहीं जवान हो रही पीढ़ी (12 से 20 साल) में नशे की लत तेजी से फैल रही है। यह नशा शराब या सिगरेट, खर्रा, सुगन्धित तंबाखू गुटखा का तो था ही पर अब गांजा, मेफ्ड्रोन, अफीम, स्मैक और नशीली दवाओं का है। इस तरह का नशा करने की वजह से युवाओं की मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। कई का तो मनो चिकित्सालयों में इलाज भी चल रहा है, वहीं इस नशे के आदि होने के बाद से क्षेत्र में क्राईम भी बढ़ते जा रहे है।

**बढ़रहा है क्राइम**

क्षेत्रमें युवा पिढ़ी द्वारा नशे के ज्यादा आदि हो जाने के बाद से क्षेत्र में हत्या,चोरी, लूटपाट, मारपीट जैसी घटना लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं अब क्षेत्र में चंद रुपयों के कारण युवाओं लूट करते नजर रहे है। क्षेत्र में पिछले दो वर्षों के आकड़े देखे जाये तो क्षेत्र में हुई चोरी, लूटपाट सहित हत्या की वारदातों में सबसे ज्यादा युवा वर्ग के आरोपी देखने को मिले हैं।

2024 में चंद्रपुर जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई के आंकड़े




सामने आए हैं। 2022 और 2023 की तुलना में 2024 में स्थानीय अपराध शाखा को बड़ी सफलता मिली है। सालभर में कुल 13,84,430 रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। जब्त किए गए नशीले पदार्थों में ब्राउन शुगर, एम.डी. पाउडर और गांजा शामिल हैं। हालांकि यह कार्रवाई संतोषजनक मानी जा रही है, लेकिन जिलेभर में नशीली पदार्थों का नेटवर्क अभी भी फैला हुआ है। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में गांजा आसानी से उपलब्ध होने की चर्चाएँ हो रही हैं। चिंता की बात यह है कि कम उम्र के बच्चे भी इस लत के शिकार हो रहे हैं।

तीन साल के आंकड़े: 2022, 2023 और 2024 में कार्रवाई की तुलना 2022: कुल 33,74,180 रुपये का गांजा जब्त, 12 मामलों में 17 आरोपियों की गिरफ्तारी। 2023: 37,32,495 रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, जिनमें 165.264 किग्रा गांजा, 174 ग्राम चरस, 1.518 किग्रा डोडा पाउडर और 198 ग्राम एम.डी. पाउडर शामिल। इस दौरान 46 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 2024: कुल 13,84,430 रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त, जिनमें 125.699 किग्रा गांजा, 7.12 ग्राम ब्राउन शुगर और 22.808 ग्राम एम.डी. पाउडर शामिल। इस दौरान 28 अभियानों में 45 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया। शस्त्र बरामदगी में रिकॉर्ड वृद्धि, चंद्रपुर में बढ़ती हिंसा चिंता का विषय 2024 में स्थानीय अपराध शाखा द्वारा जब्त किए गए हथियारों के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। चंद्रपुर में बढ़ते अपराध और अवैध हथियारों की संख्या को देखकर यह सवाल उठने लगा है कि क्या यह जिला 'नया बिहार' बन रहा है? पिछले तीन वर्षों में जब्त किए गए हथियारों के आंकड़े:

2022: कुल 66 अभियानों में 6 आग्नेयास्त्र, 11 जिंदा कारतूस, 49 तलवार और अन्य हथियार जब्त। 2023: 6 आग्नेयास्त्र, 6 जिंदा कारतूस, 200 ग्राम बारूद सहित कुल 53 हथियार जब्त।

2024: अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी, 30 आग्नेयास्त्र, 124 जिंदा कारतूस, 126 तलवार और अन्य हथियार जब्त।

**तीन सालों में कुल 334 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।**

2024 में अपराध की घटनाएँ और पुलिस की चुनौतियाँ

2024 में चंद्रपुर जिले में हत्या, गोलीबारी, बमबारी और डकैती जैसी घटनाओं ने शहर को हिलाकर रख दिया। अपराधों के बढ़ते ग्राफ ने स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना को बढ़ा दिया। इस माहौल को देखते हुए पुलिस ने हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की और बड़ी संख्या में अवैध हथियार जब्त किए।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि एक गोलीबारी की घटना में इस्तेमाल की गई बंदूक बिहार से लाई गई थी। इससे यह स्पष्ट हो गया कि चंद्रपुर में बाहर के राज्यों से अवैध हथियारों की आपूर्ति हो रही है। लेकिन सवाल यह उठता है कि इतने बड़े स्तर पर हो रही हथियारों की तस्करी की भनक पुलिस को क्यों नहीं लग पा रही?

**अवैध सुगंधित तंबाखू का जिले में बेखौफ चल रहा कारोबार**

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में 2012 से गुटखे के उपभोग एवं बिक्री पर प्रतिबंध है।महाराष्ट्र सरकार गुटखा का अवैध व्यापार करने वालों पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत 2018 में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) और पुलिस अधिकारियों के उन अधिकारियों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए थे जिनके क्षेत्र में गुटखा का भंडारण एवं परिवहन होता है।

**व्यापक कार्रवाई नहीं**

2012 में प्रतिबंध की घोषणा के बाद से, महाराष्ट्र ने ?171 करोड़ का गुटखा जब्त किया है। राज्य ने 3,727 एफआईआर दर्ज की हैं और 4,600 अदालती मामले अदालत में लंबित हैं। महाराष्ट्र में तंबाकू पर प्रतिबंध 2012 से लागू है, लेकिन एक शक्तिशाली गुटखा लॉबी के दबाव और पड़ोसी राज्यों से तस्करी के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। महाराष्ट्र में तंबाकू की बिक्री पर छह महीने की जेल की सजा का प्रावधान है, जबकि मौजूदा कानूनों के तहत इसे बेचना जमानती अपराध है। सरकार ने 2018 में विधानसभा में घोषणा की थी कि सजा को बढ़ाकर तीन साल जेल कर दिया गया है और अपराध को गैर-जमानती बना दिया गया है। चंद्रपुर जिले में अवैध सुगंधित तंबाखू गुटखा पर दर्जनों कार्रवाई प्रशासन द्वारा की गई लाखों का मुद्देमाल जप्त किया गया परन्तु आज तक सुगंधित तंबाखू गुटखा के मुख्य व्यापारियों पर मकोका के तहत कार्रवाई क्यूं नहीं की गई।

**किस के आशीर्वाद चल रहा है सुगंधित तंबाखू का कारोबार**

सरकारें समय-समय पर तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री से संबंधित नियमों को सख्त करती रहती हैं, कुछ पाबंदियां लगा देती हैं, लेकिन नशे के कारोबारी उनका 'तोड़' ढूंढ़ लेते हैं। वे ऐसा करके किसका नुकसान करते हैं? निस्संदेह युवाओं का ही नुकसान करते हैं। भारत के एक राज्य में बिक्री पर पाबंदी लगी हुई है, जबकि उसके पड़ोसी राज्य में बिक्री की छूट है। उस राज्य के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस प्रशासन को कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। सरकार नियम बना सकती है, कुछ सख्ती बरत सकती है, नशीले पदार्थों के सेवन को हतोत्साहित कर सकती है, लेकिन आखिरकार जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन पर ही आती है। उन्हें नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए इच्छाशक्ति दिखानी होगी। युवाओं की नशे की लत से बचाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। जिले में सुगंधित तंबाखू का कारोबार रोकने में प्रशासन पूरी तरह से विफल रहा है। सुगंधित तंबाखू व्यापारियों को कानून का कोई डर नहीं रहा उन्होंने अपने कारोबार के लिए गुंडे पाल रखे हैं। उनका कहना है हमारा कारोबार कोई नहीं बंद करवा सकता सुगंधित तंबाखू गुटखा पर कई अखबारों में पत्रकारों द्वारा खबर लिखी गई है। परंतु अबतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।सुगंधित तंबाखू के मुख्य व्यापारियों कौन हैं पूरे जिले के नागरिकों को पता सिर्फ प्रशासन को खबर नहीं होती।

**निष्कर्ष अपराध पर नियंत्रण के लिए और सख्ती की जरूरत**

चंद्रपुर में नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी के आंकड़े इस ओर इशारा करते हैं कि जिले में अपराध की गंभीर समस्या बनी हुई है। पुलिस की कार्रवाई से अपराधियों पर कुछ हद तक शिकंजा कसा गया है, लेकिन अभी भी मुख्य मास्टरमाइंड और बड़े अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को अधिक सतर्कता, आधुनिक जांच तकनीकों और बेहतर नेटवर्किंग की जरूरत है। वरना चंद्रपुर में अपराध का बढ़ता ग्राफ इसे 'उड़ता चंद्रपुर' की ओर धकेल सकता है।

---

# हकेवि में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन मटेरियल साइंस में अग्रणी अनुसंधान का किया प्रदर्शन

### भौतिकी, दर्शन और गणितीय अवधारणाओं से अवगत हुए प्रतिभागी

जन जागरण संदेश

**विष्णु शर्मा / हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के भौतिकी एवं खगोलभौतिकी विभाग द्वारा 'एडवांसमेंट्स इन मटेरियल साइंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (एआईएमएस-2025)' पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. ओ.एस.के.एस. शास्त्री ने विज्ञान और आध्यात्मिकता पर केंद्रित व्याख्यान दिया। उनके विचारों ने प्रतिभागियों की भौतिकी, दर्शन और गणितीय अवधारणाओं पर संवाद करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ), बोर्ड ऑफ रिसर्च इन न्यूक्लियर साइंसेज (बीआरएनएस) और विभिन्न उद्योग भागीदारों द्वारा



सहप्रायोजित इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रो. बीरपाल सिंह ने की। इस सत्र में इमर्जिंग मटिरियल एंड टेक्नोलॉजी पर विशेषज्ञ वार्ताओं का आयोजन किया गया। एनआईटी, कुरुक्षेत्र के प्रो. अश्वनी कुमार ने ईएमआई शीलिंडग लिए कार्बन-आधारित संकलन पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात सेंट्रल कनेक्टिकट स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए के प्रो. राहुल सिंघल ने सुपरकैपेसिटर सामग्री पर चर्चा की। इसी क्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली की प्रो. अमिता दास ने लेज़र-प्लाज्मा इंटरएक्शन और ऊर्जा और सामग्री विज्ञान में इसके नवोन्मेषी अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। दूसरे दिन तकनीकी सत्रों में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रो. बीरपाल सिंह; यूपीईएस, देहरादून के प्रो. शलेंद्र सिंह; आईआईटी-आईएसएम, धनबाद के प्रो. कौशल कुमार; केएनयूटीबी, थाईलैंड के प्रो. संजय रंगप्पा; जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली के प्रो. पवन कुलरिया, पीएएल, साउथ कोरिया के डॉ. मनीष कुमार ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पोस्टर सत्र में उन्नत सामग्री, ऊर्जा भंडारण और फोटोनिक अनुप्रयोगों पर अभिनव शोध भी प्रदर्शित किए गए। सम्मेलन की संयोजक व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व सह-संयोजक व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विशेषज्ञों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एआईएमएस-2025 भविष्य में नवाचार और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के रूप में एक केंद्र के रूप में कार्य करता रहेगा। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के 200 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

---

# बाल विवाह प्रतिषेध विषय पर आयोजित व्याख्यान

## समाज मे बाल विवाह के कारण कई समस्याएं उत्पन्न

### दुष्प्रभावों का निराकरण नितांत आवश्यक

जन जागरण संदेश

**दिलीप कुमरावत** मनावर। स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बाल विवाह प्रतिषेध विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य और संरक्षक डॉ.आर.सी पांटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत उद्धबोधन से की गई। अपने उद्धबोधन में बताया कि समाज मे बाल विवाह के कारण कई समस्याएं पैदा हो रही है। इनके कारणों व दुष्प्रभावों को समझकर इनका निराकरण की नितांत आवश्यकता है। इस अवसर पर डॉ. ज्योति बरफा ने बाल विवाह के विविध पक्षों को



रेखांकित किया। समाजकार्य विषय की सहायक प्राध्यापक डॉ. मोनिका सोलंकी ने अपने व्याख्यान में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अहम भूमिका निर्वहन करने वाले सामाजिक योद्धाओं, सामाजिक संस्थाओं व गैर सरकारी संस्थाओं (एन.जी.यो) के कार्यों और समाज कल्याण कारी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व सहायक प्राध्यापक विजय कुमार गोरे ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणामों अधिकारों व दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों तथा आम जनमानस को जागरूक करने के लिये महाविद्यालय स्तर पर प्राचार्य, प्राध्यापकों तथा छात्र व छात्राओं के अभिभावकों के माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह से समाज में उत्तपन्न होने वाले दुष्प्रभावों पर सामूहिक विचार विमर्श, व्याख्यान, सोशल मीडिया, स्लोगन, तथा पोस्टर्स के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। व्यख्यान महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारीगण तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार डॉ.मोनिका सोलंकी ने माना।

---

# एबीवीपी खुरई द्वारा आयोजित किया गया अमर शहीद स्मृति संगम कार्यक्रम पुलवामा हमले में हुए शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

जन जागरण संदेश

**महेंद्र पाण्डेय सागर** खुरई 14 फरवरी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खुरई द्वारा "अमर शहीद स्मृति संगम" के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय खुरई एवं किला मैदान मे पुलवामा हमले में शहीद हुए हमारे 40 वीर जवानों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया जिसमे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पण के साथ किया गया, विनोद सनोडिया सर ने कहा की मोबाईल पर आप मनोरंजन करते है पर आपके लिए ज्ञान केबल एक शिक्षक ही दे सकता है 14 फरवरी 2019, वह काला दिन जब दुश्मनों ने हमारे वीर सैनिकों पर कायरतापूर्ण हमला किया और हमारे जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माँ की रक्षा की। यह बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।



महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि "शहीदों का बलिदान हमें सिखाता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है, और हमें सदैव अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए।" प्रदीप कुमार सोनी सर ने हमारे देश के सैनिक किस प्रकार आपना जीवन बिताते है और उनका जीवन बड़ा ही कठोर होता है और हमारे महाविद्यालय मे इस तरह के कार्यक्रम होते रहेना चाहिये तत्पश्चात सभी ने शहीदों को याद कर मौन रखा शाम को 8 बजे किला मैदान मे दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम किया गया जिसमे एनएसजी कमांडो रिटायर्ड एवं टैगोर वार्ड खुरई के पार्षद मनोज राय जी के उपस्थिती में कार्यक्रम किया गया जिसमे नगर मंत्री लोकेश राज ने बताया की लोगों को ये तो पता रहेता की आज टेडी डे,चॉकलेट डे है पर ये नहीं पता रहेता की आज ब्लैक डे है मनोज राय जे ने बताया की किस प्रकार हमारे जवान हमारे देश के सुरक्षा के लिए सीमायो पर दुश्मनों से लड़ते है उन्होंने बताया की किस प्रकार पुलवामा हमले में हमारे देश के जवान शहीद हुए थे और अंत मे कहा की एसे ही आगे कार्यक्रम होते रहेना चाहिए जिससे लोगों को मे जागरूकता बनी रहे तत्पश्चात सभी ने शहीदों को याद कर मौन रखा और खुरई नगर के उपस्थित समस्त नागरिकों ने पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

---

# माँ-बाप का नाफरमान नहीं जाएगा बख्सा:मुफ़्ती फ़ुरकान मंजरी

जन जागरण संदेश

**दिलीप कुमार यादव** मनकापुर:- बृहस्पतिवार की शाम को जैसे ही आसमान पर चांद नमूदार हुआ,मस्जिदें और कब्रिस्तान इबादत और दुआओं की रोशनी से रौशन हो गये।गुनाहों से मगिफरत की रात शब-ए-बरात को नमाज़-ए-मगरिब से लेकर शुक्रवार की सुबह तक इबादतों का दौर चलता रहा। कब्रिस्तानों में सभी ने अपने सगे संबंधियों और रिश्तेदारों की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ा और उनके लिए दुआएं मांगी।कब्रिस्तान की हर एक कब्र को मोमबत्ती से ऐसा रोशन किया गया कि दुनिया से कूच कर गए लोगों की रुहें रोशन हो गई।सबे बारात के मौके पर मनकापुर के भिटौरा गाँव में बाबा फूल इब्राहिम शाह के मज़ार पर ज़स्ने ईद मिलादुन्नबी प्रोग्राम का आयोजन किया गया,जिसमे दूर दराज़ से आए नातखां ने नातें पढ़ी वहीं बरेली से आए मुफ्ती



फ़ुरकान मंजरी ने सबे बारात की फ़ज़ीलत बयां की और मुल्क में अमन शांति की दुआ की। मुफ्ती फ़ुरकान मंजरी ने अपनी तकरीर में नबी की सुन्नतों पर अमल करने,अल्लाह को याद रखने और इंसानियत के रास्ते पर चलने की व माँ बाप की खिदमत करने की लोगों को सलाह दी।वहीं शायर नाज़िम अजमेरी ने अपने नाते कलाम से महफ़िल में शमां बाँधा।इस्लाम अनुयायियों की तारीख में सबसे अहम तारीख में शुमार शब-ए-बरात पर पर मनकापुर शहर व ग्रामीण में स्थित हर जगह मस्जिदों और कब्रिस्तानों में दुआएं मांगी गई। इस मौके पर इस्लाम के पवित्र ग्रंथ कुरान की तिलावत के साथ-साथ मस्जिदों में नफली नमाज भी अदा की गई।बृहस्पतिवार की रात इबादत का ऐसा मंजर पेश आया जिसने खुदा की बारगाह में मगफिरत के लिए उठाए गए हाथों की दुआओं को मानों कबूल करा लिया हो।जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मुनव्वर खान के मुताबिक शब-ए-बरात की रात खुदा के हुक्म से फरिश्ते जमीं पर आते हैं और इबादत गुजार लोगों की दुआएं बटोरकर आसमान पर ले जाते हैं। इस रात हर एक की दुआ कबूल होती है और उसकी मगफिरत का रास्ता कायम होता है।इसी तरह ग्रामीण सहित नगर के हर मस्जिदों में पूरी रात इबादत हुई और लोगों ने सजदे में जाकर रो-रो कर अल्लाह से मगफिरत की दुआएं मांगी।इस मौक़े पर मौलाना मुनव्वर, मौलवी यूसुफ़, डॉक्टर नौशाद ख़ान, मोहम्मद फैज, शाहिद अख्तर, राजू ख़ान, कैफ़ सहित सैकड़ो की तादाद में लोग मौजूद थे

---

# मोनालिसा की पहली फ्लाइट यात्रा को वीडियो वायरल, झोपड़पट्टी से निकलकर पहुंची 7 स्टार होटल

जन जागरण संदेश /अंकित खरे

**मुंबई** ! महाकुंभ में माला-मनके बेचते हुए वायरल होने वाली मोनालिसा को डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने अपनी फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर के लिए साइन किया है। इन दिनों सनोज मिश्रा, मोनालिसा को एक्टिंग की ट्रेनिंग भी दे रहे हैं। मोनालिसा का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें फिल्म के डायरेक्टर उन्हें क ख ग पढ़ाते नजर आ रहे थे। अभी मोनालिसा का एक और वीडियो



वायरल हुआ है। जिसमें वह फ्लाइट में यात्रा करती नजर आ रही हैं। मोनालिसा ने आज इंदौर से बेंगलुरु की पहली फ्लाइट यात्रा फिल्म के डायरेक्टर सनोज मिश्रा के साथ की है। ना सिर्फ उन्होंने अपने जीवन में फ्लाइट की पहली यात्रा की है, बल्कि अपने गांव की झोपड़पट्टी से निकलकर आज 7 स्टार होटल रुकेंगी और वहां डिनर करेंगी। कल मोनालिसा केरल के एक ज्वेलरी फक्शन में भाग लेंगी, जिसकी वो ब्रांड एंबेसडर हैं। महाकुंभ में वायरल होने के बाद जब से सनोज मिश्रा ने मोनालिसा को अपनी फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर के लिए साइन किया है, तब से मोनालिसा की खूब चर्चा हो रही है। जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है। इससे पहले फिल्म के डायरेक्टर सनोज मिश्रा, मोनालिसा को पूरी तरह से एक्टिंग में ट्रेंड करना चाहते हैं। सनोज मिश्रा फिल्म्स के बैनर तले बनने जा रही इस फिल्म के लेखक, निर्माता और निर्देशक सनोज मिश्र हैं। फिल्म के को- प्रोड्यूसर संजय भूषण पटियाला, यामीन खान, जावेद देवरियावाले हैं। इस फिल्म के जरिए राज कुमार राव के बड़े भाई अमित राव भी बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म के प्रचारक संजय भूषण पटियाला हैं।

---

# संथारा साधक समाज रत्न हसमुखलाल वागरेचा की प्रथम पुण्य स्मृति में मेगा शिविर 16 फरवरी को मेघनगर में निशुल्क मेगा शविर होगा आयोजित

## 3000 ओ.पी.डी का लक्ष्य संभावना,150 का पैरामेडिकल स्टाफ एवं 200 वॉलिंटियर देंगे सेवाएं-

**देश के 36 ख्यातिनाम चिकित्सक शिविर में उपस्थित होकर करेंगे उपचार**

जन जागरण संदेश

**लोहित झामर** / मेघनगर- पहला सुख निरोगी काया नारे को साक्षात्कार करते हुए.मेघनगर वागरेचा परिवार द्वारा संथारा साधक समाज रत्न हसमुखलाल वागरेचा की प्रथम पुण्य स्मृति के अवसर पर 16 फरवरी रविवार को स्थान महावीर भवन मेघनगर में मेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजित होने जा रहा है. इस शिविर में देश के सुप्रसिद्ध एपिक हॉस्पिटल अहमदाबाद के






ख्यातिनाम चिकित्सक डॉ अनिल जैन जिन्होंने 42 हजार से अधिक हार्ड की सफल सर्जरी अभी तक कर चुके हैं वे स्वयं अपनी 36 से अधिक मल्टी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम के साथ मेघनगर मेगा स्वास्थ्य शिविर में अपनी सेवाएं देंगे. इस शिविर में गुजरात राजस्थान मध्य प्रदेश के साथ महाराष्ट्र के मरीज भी उपचार हेतु शिविर में उपस्थित हो होंगे।आपको बता दे पूर्व के दिनों में 12 व13 फरवरी को 1500 मरीजों की निशुल्क स्कैनिंग एवं जांच रिपोर्ट तैयार कर फाइल बन चुकी है. 16 फरवरी को 3 हजार ओ.पी.डी के लक्ष्य के साथ सुबह 10 बजे से शाम 4 30 बजे तक शिविर में बीमारी का नि:षुल्क उपचार व दवाई वितरण होगा.

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 36 डॉक्टर के केबिन निर्मित**

मेघनगर संजय पंकज एवं निलेश वागरेचा परिवार मेगा शिविर में सहयोगी संस्था रोटरी क्लब अपना ,वैश्य महासम्मेलन ,समस्त पत्रकार संघ, सकल श्री जैनसंघ,दी जोईट्स ग्रुप डायमंड ग्रुप ,जीवन ज्योति हॉस्पिटल, पड़वाल हॉस्पिटल, यूनिक पैथोलॉजी,शासन प्रशासन के साथ मिलकर शिविर की चाक चोबांध व्यवस्थाओं को लेकर कोई भी कसर बाकी नहीं छोड़ रहा. 150 से अधिक पैरामेडिकल स्टाफ, 200 समाजसेवी वॉलिंटियर,नवीन एवं पुराने 2 पंजीयन काउंटर पुरानी जांच फाइल काउंटर, 2 सेंटर नि:षुल्क मेडिकल सेंटर,4 पूछताछ सूचना केंद्र,अल्पाहार एवं भोजनालय केंद्र 5 वेटिंग एरिया, 36 डॉक्टर के केबिन सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त महावीर भवन मेघनगर को सूचित किया गया है इसके अलावा यातायात व्यवस्था में दशहरा मैदान 4 पहिया वाहन पार्किग, ऑईल मिल एरिया 2 पहिया वाहन पार्किंग,,बस स्टैंड रेक पॉइंट मालगोदाम के समीप पार्किंग की व्यवस्था रखी गई है। वागरेचा परिवार मेघनगर एवं सहयोगी संस्था इस मेगा शिविर में सुपर मल्टी स्पेशलिस्ट डॉक्टर के द्वारा उपचार निदान एवं निशुल्क दवाई वितरण में आप सभी को स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील करता है!

# शिव मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बंदराना में उमंग उत्सव का भव्य आयोजन, 25वीं वर्षगांठ पर मना उत्सव

जन जागरण संदेश

**कैथल (कृष्ण प्रजापति)** शिव मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बंदराना ने अपनी गौरवशाली 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर वार्षिक उत्सव "उमंग उत्सव" का भव्य आयोजन किया। इस मौके पर स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें बच्चों ने सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर नृत्य, गीत, कविता और कहानियों के माध्यम से संदेश दिए।



**विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण**

स्कूल के संचालक कृष्ण लाल शर्मा ने इस विशेष अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आज स्कूल के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर बहुत हर्ष हो रहा है। यह स्कूल परिवार, विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि स्कूल की सफलता में अभिभावकों और बच्चों का भरपूर सहयोग मिलता रहा है, जिससे स्कूल लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है।

**बच्चों ने दी सामाजिक जागरूकता की प्रस्तुतियां**

वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने कन्या भ्रूण हत्या, पर्यावरण संरक्षण, फौजियों के लिए सम्मान, बेटियों का सम्मान, समय की कीमत, एकता में बल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, नाटक, गीत और कविता के माध्यम से बच्चों ने समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को भावुक कर दिया और बच्चों की रचनात्मकता की खूब सराहना की गई।

**गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने बढ़ाई शोभा**

कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक सरपंचों, सरपंच प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। विशेष रूप से खेड़ी रायवाली के सरपंच शमशेर सिंह, बेगपुर के सरपंच जसबीर सिंह, रसूलपुर के सरपंच प्रवीण कुमार ने कार्यक्रम में विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की और बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश**

स्कूल के प्रिंसिपल प्रदीप शर्मा ने विद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों को बच्चों, अभिभावकों और ग्रामीणों के सामने रखा। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न कलाओं में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास पर जोर देना है।

**सहयोगी शिक्षक और विद्यालय परिवार**

कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकगण और स्टाफ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उज्जवल शर्मा, सीमा शर्मा और अन्य शिक्षकों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाओं को बनाए रखने में अहम योगदान दिया।

**कार्यक्रम का समापन और धन्यवाद ज्ञापन**

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। "उमंग उत्सव" न केवल विद्यालय के 25 वर्षों की यात्रा को समर्पित था, बल्कि यह विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और सामाजिक विषयों पर जागरूकता बढ़ाने का भी एक महत्वपूर्ण मंच बना। इस मौके पर प्रेम भारद्वाज, सुभाष शर्मा, कृष्ण टीक, सुल्तान सिंह, विजय कुमार, राज मित्तल, सत्य नारायण शर्मा, गणेश शर्मा, गुलजार सिंह सोलूमाजरा, जगदेव सिंह, रामकिशन फरल आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# सत्तासर में किसानों का धरना प्रदर्शन , सिंचाई पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन

जन जागरण सन्देश

**सोमराज हल्दिया सत्तासर,छत्तरगढ़** क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की गंभीर समस्या को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर आज सुबह 11से 12 बजे तक 1 घंटा सत्तासर में किसानों द्वारा चक्का जाम आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से सत्तासर चौराहे पर पुल के नीचे किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष क्यामुद्दीन पड़िहार, नंदराम जाखड़ अध्यक्ष व्यापार मंडल छत्तरगढ़ ,बरकत बलोच,छगन मेघवाल और बरकत अली सरपंच सत्तासर, खेरद्दीन मीर, मुनाफ पड़िहार, डिप्टीराम, शरीफ खां पूर्व सरपंच,



लेखराम ज्याणी, इक़बाल पड़िहार, ठेके खां केला,शौकत कंकराला उपसरपंच, देवाराम मेघवाल, मूलाराम मेघवाल, अकरम पड़िहार,बरकत मखना, इक़बाल मीर,आदि ने किया । किसानों की मांग है कि क्षेत्र में सिंचाई के लिए जल्द से जल्द पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि फसलें सूखने से बच सकें। किसानों ने प्रशासन से कई बार इस मुद्दे को उठाया, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। इस वजह से मजबूरन किसानों को सड़क पर उतरकर विरोध जताना पड़ रहा है। अगर समय रहते प्रशासन ने उचित कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी गई है। सभी किसान भाइयों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा पहुंचे

# गांधीधाम में रहवासी मारवाड़ीयो द्वारा बगड़ी नगर में बाबा रामदेव मंदिर पर रामदेव घोड़ा चढ़वाया एवं ध्वजा को किया भेंट

जन जागरण संदेश

**मोहनलाल तंवर बर मारवाड़।** ग्राम पंचायत बगड़ी नगर में स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर शहर गांधीधाम गुजरात में रह रहे विभिन्न मोहल्लों, सोसायटी, नगरों में प्रवासी मारवाड़ी युवाओं ने घोड़ा चढ़वाया एवं ध्वजा- नेजा को भेंट किया। आज सुबह करीब साढ़े दस बजे मंगल मोहर्त द्वारा हुआ। कार्यकर्ता श्रीमती कमला देवी धर्म पत्नी श्रवणलाल फुलवारी एवं नरेश फुलवारी मुल निवासी गिरी ने बताया कि गुजरात में स्थित शहर गाधीधाम में भारत नगर,आदीपुर,गलफादर , कांडला पोट सहित में रह रहे प्रवासी मारवाड़ी युवाओं एवं युवतियों द्वारा एक दिन पुर्व संध्या पर बगड़ी नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर विशाल भजन कीर्तन करते हुए सुबह मारवाड़ी युवाओं एवं युवतियों द्वारा बेंड बाजों के साथ शहर के मुख्य बाजार में



होते हुए बाबा रामदेव मंदिर पर मंगल गान, भजन कीर्तन करते हुए मन्दिर पहुंचे। श्रीमती सुमित्रा देवी धर्मपत्नी दिलीप चौहान एवं मुन्नी देवी धर्मपत्नी हरीराम चौहान मुल निवासी देवली कलां द्वारा इन सभी भक्तजनों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। फिर मन्दिर पर घोड़ा चढ़वाया एवं ध्वजा को भेंट कर मंगल मोहुर्त में प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर राकेश फुलवारी गिरी,नरेश फुलवारी, कमला देवी, पृथ्वीराज फुलवारी, अर्जुनलाल गिरी,वर्षा देवी,चन्दा देवी,रेखा देवी, ममता देवी, सुमित्रा देवी, मुन्नी देवी,पिस्ता देवी, सुमन देवी, प्रेम देवी सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# एक कुख्यात ऑटो लिफ्टर की गिरफ्तारी के साथ AATS /NE

## टीम ने 04 चोरी के दो पहिया वाहन बरामद किए और एम वी चोरी के चार मामलों को सुलझाया




जन जागरण संदेश / मनोज कुमार

क्षेत्र में दो पहिया वाहनों की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के प्रयास में टीम ऑपरेशन विग विभिन्न स्रोतों से खुफिया जानकारी एकत्र कर रही थी 14- 15 -2 ,2025 की रात को एकत्रित जानकारी के आधार पर ।ॅ/छम् की टीम ने एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में और इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल कृष्ण हेड कांस्टेबल दीपक हेड कांस्टेबल रोहित और कास्टेबल मोनू ने गुरुद्वारा के पास लोनी रोड पर जाल बिछाया और एक सक्रिय ऑटो लिफ्टर को पकड़ा जिसका नाम मोहम्मद शाहरुख उम्र 22 वर्ष पुत्र मोहम्मद इम्तियाज निवासी चौहान बांगर दिल्ली था उसके कब्जे से पुलिस स्टेशन जाफराबाद से चोरी की गई है की स्कूटी नंबर ष्ठरु5स् ष्टङ्क 1928 बरामद की गई परिणाम स्वरुप आरोपी व्यक्ति को धारा 35,1 ( ई) और 106 बीएनएस पुलिस स्टेशन ज्योति नगर के तहत गिरफ्तार किया गया आगे की पूछताछ में आरोपी मोहम्मद शाहरुख ने अन्य मामलों में भी अपनी संलिप्तता के बारे में खुलासा किया और उसकी निशान देही पर छापेमारी की गई और सीलमपुर न्यू उस्मानपुर और वेलकम पुलिस स्टेशन के क्षेत्र से चोरी की गई तीन मोटर साईकिल बरामद की गई विस्तृत जांच में पाया कि वह पहले भी लूट झपटमारी और चोरी के आठ मामलों में शामिल था मामले में आगे जांच रही है

# कोटालपोखर मे बालू माफियाओ का राज

असफाक हुसैन/जन जागरण संदेश

**कोटालपोखर/कोटालपोखर** जिला साहेबगंज अंतर्गत कोटालपोखर मे बालू माफिया काफी सक्रिय है। ट्रेक्टर की ट्रॉली मे बालू की ओवरलोड का बेखौफ़ तस्करी का सिलसिला जारी है पाकुड़ जिला के महेशपुर प्रखंड से बालू लाया जाता है ओर साहेबगंज जिला के कोटालपोखर थाना के क्षेत्र मे दो युवक कुछ खर्चा ले कर इन बालू लदे ट्रेक्टरों को बंगाल की और रवाना कर देते है ट्रेक्टर ट्रॉली के वाहन सम्बन्धित कागजात नही है एक तो बिना मायनिंग के बालू खनन हो रहा है दिन भर मे तक़रीबन 20 से 30 ट्रेक्टर द्वारा ओवरलोड बालू धुलाई का सिल सिला जारी है ट्रेक्टर के कुछ ड्राइवरों ने बताया की पाकुड़ द्वारा कोटालपोखर क्षेत्र मे इंट्री करते ही दो युवक को खर्चा देना पड़ता है नही देने से वो दोनो युवक मे से एक अपने फोन से किसी को कॉल करते है ओर डराते धमकाते है! बताते चले की बिना मायनिंग के ओवरलोड बालू का बंगाल भेजा जाना एवं रोड पर यु दादागिरि करना ओर झारखंड सरकार की रॉयालिटी को नज़र अंदाज़ करना कही ना कही अधिकारिओ का मिलीभगत हो सकती है और इसी बात का फायदा उठाते है बालू माफिया""""""

# जे के सीमेंट ने बांगरेड़ा में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

जन जागरण संदेश

**मोहन लाल निंबाहेड़ा।** बांगरेडा गांव में एकदिवसीय निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर जे.के. सीमेंट निंबाहेड़ा की सामाजिक सेवा उत्तरदायित्व (CSR) के तहत ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का एक हिस्सा हैं। इसका उद्देश्य पशुपालकों के पशुओं की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना और निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराना था। जे.के. सीमेंट निम्बाहेड़ा के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल और एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में, जे.के. सीमेंट के पशु चिकित्सक डॉक्टर प्रवीण कुमार और




उनकी टीम ने 50 पशुपालकों के 325 बीमार पशुओं का प्राथमिक उपचार किया। इनमें 108 गाय, 159 भैंस और 58 बकरियां शामिल थीं। शिविर के दौरान पशु चिकित्सक डॉक्टर प्रवीण कुमार ने पशुओं की उचित देखभाल, आहार, स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित उपयोगी सलाह दी। उन्होंने ग्रामीण पशुपालकों को पशुओं की सही देखभाल, पोषण और नियमित टीकाकरण की महत्ता के बारे में जागरूक किया। ग्राम पंचायत के उप सरपंच गिरधारी लाल गायरी ने व्यक्तिगत तौर पर भ्रमण कर पशुपालकों को दवाई किट का वितरण किया और बताया कि पशु चिकित्सा शिविर से ग्रामीण क्षेत्र में पशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक आवश्यक कदम हैं। यह पहल न केवल पशुपालकों के लिए लाभकारी साबित हुई, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जे.के. सीमेंट की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। इस आयोजन ने न केवल पशुपालकों की समस्याओं का समाधान किया, बल्कि ग्रामीण विकास में जे.के. सीमेंट के समर्पण को भी रेखांकित किया। यह शिविर क्षेत्र के विकास और समाज की सेवा में उनके योगदान की महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ। इस अवसर पर पशुधन विकास केंद्र प्रभारी बंसी लाल धाकड़, और ग्रामीण विकास अधिकारी नंदकिशोर सोनी, मोहन लाल सेन आदि उपस्थित थे।

# थाना बमीठा पुलिस ने चंदनगर के एक घर में चोरी की घटना का किया खुलासा, ?20000 के तीन इनामी चोर गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से 30 लाख रुपए नगद राशि, सोने चांदी के आभूषण मोबाइल फोन सहित करीब 40 लाख रुपए की संपत्ति जप्त

पुष्पेंद्र तिवारी/ जन जागरण संदेश

आरोपी अमर सिंह मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा एवं आरोपी घनश्याम गैर इरादतन हत्या अपराध में पूर्व से लिप्त थाना बमीठा क्षेत्र के कस्बा चंदनगर के एक घर में नगद राशि एवं आभूषण चोरी संबंधी फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बमीठा में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का बारीकी से भौतिक एवं तकनीकी साक्षी एकत्रित किये, क्षेत्र में मूवमेंट करने वाले संदिग्धों की जानकारी एकत्र की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज श्री ललित शाक्यवार द्वारा चोरी की गई संपत्ति की बरामदगी एवं चोरों की गिरफ्तारी हेतु ?20000 के इनाम की उद्घोषणा की गई। पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा पुलिस टीम गठित कर निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही थी।

एकत्रित साक्ष्य जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम द्वारा संदेहियों से पूछताछ की गई। जिनके द्वारा घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 3 चोर

1. अमर सिंह उर्फ रामजीलाल पिता रमेश प्रसाद
2. रूपेश गुप्ता पिता कामता प्रसाद
3. घनश्याम प्रजापति पिता बाबूलाल

तीनों निवासी चंदनगर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्तों के पास से चोरी की गई 30 लाख रुपए नगद राशि, सोने चांदी के विभिन्न प्रकार के आभूषण जैसे सोने



की चूड़ियां, सोने के सुई धागा, जंजीरें, अंगूठियाँ, मंगलसूत्र पायलें,इत्यादि प्रयुक्त 3 मोबाइल फोन कुल कीमत करीब 40 लाख रुपए बरामद की गई। आरोपी अमर सिंह मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा एवं आरोपी घनश्याम गैर इरादतन हत्या अपराध में पूर्व से लिप्त हैं। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है।

उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह एवं एसडीओपी खजुराहो प्रभार श्री नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, थाना प्रभारी गुलगंज उप निरीक्षक गुरु दत्त शेषा, थाना प्रभारी गोयरा उप निरीक्षक संजय पांडेय, चौकी प्रभारी चंद नगर उप निरीक्षक शैलेंद्र चौरसिया, चौकी प्रभारी घुवारा उप निरीक्षक मोहर सिंह सिकरवार, प्रभारी साइबर सेल किशोर पटेल, प्रधान आरक्षक राजेश पाठक, सुरविन्दर सिंह, आरक्षक निकेश यादव, उदयवीर, भानु पटेल, अरविंद, अखिलेश, साइबर से आरक्षक धर्मराज, राजीव एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# प्रेम प्रसंग के चलते नाबालिग युवती ने उठाया आत्मघाती कदम, खुद को लगाई आग

जन जागरण संदेश /भैयालाल काछी

**देवरीकलां** / यह पूरा मामला सागर जिले की देवरी थाना क्षेत्र का है जहां देवरी नगर के एक वार्ड की रहने वाली कक्षा 12वीं की नाबालिग छात्रा ने वैलेंटाइन डे के दिन आत्मघाती कदम उठा लिया। बताया जा रहा है कि युवती नाबालिक है और किसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था इसी दौरान युवती की उस युवक से फोन पर बात हुई और युवक द्वारा उस युवती से चरित्रहीन गंदे कमेंट्स एवं अश्लीलता भारी बातचीत की गई जो युवती को नागवार गुजरी और इसी बात को लेकर उक्त युवती द्वारा अपने घर के बाथरूम में खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की गई घटना के तुरंत बाद युवती को देवरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है बताया जा रहा है कि हालत गंभीर होने के चलते तत्काल ही उसे 108 एंबुलेंस के द्वारा जिला चिकित्सालय भेज दिया गया एंबुलेंस चालक लवकुश राजपूत ई एम टी ओमप्रकाश देहारिया और चिकित्सकों का कहना है कि इस घटना में युवती करीब 80% जल चुकी है वहीं पूरे मामले में देवरी पुलिस विवेचना कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

# पुलवामा आतंकी हमले में शहीद सैनिकों को टीम वतन फाउंडेशन ने दी नम आंखों से श्रद्धांजलि

रोहित गुप्ता/ जन जागरण संदेश

**सवाई माधोपुर** वतन फाउंडेशन टीम द्वारा रेलवे स्टेशन स्थित सर्कुलेटिंग एरिया पर शुक्रवार को पुलवामा में 14 फरवरी 2020 को हुए आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को देश भक्ति गीतों के साथ मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी।वही टीम के साथियों ने शहीद वीर जवानों के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर टीम वतन फाउंडेशन के हुसैन आर्मी,राजेश शर्मा, विमल पांडे, नरेन्द्र शर्मा,मुकेश जैन, आशीष मेहरा के अलावा महिला विंग सदस्य रूमा नाज,सुनीता वर्मा, मंजू गंगवाल, तथा भाकपा के राम गोपाल कालू राम मीना,भारत लाल मीना के अलावा भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जन जागरण संदेश/पियूष तिवारी

**जौनपुर** आज विकास खंड रामनगर के सभागार में "हमारा आंगन हमारे बच्चे"कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा.विधायक मड़ियाहूं डा.आर.के.पटेल,विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी रामनगर रेनू चौधरी व निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक मडियाहू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इस अवसर अध्यक्ष प्रा. शिक्षक संघ डॉ अरुण सिंह, राजेश्वर मिश्र ,विनोद कुमार सिंह एवं योगेन्द्र सिंह, श्री प्रकाश सिंह, प्रवेश पाल, ज्ञानेश,अनिल दुबे,सच्चिदान्द चौबे,आनन्द कुमार मौर्य,विद्याशंकर शर्मा,वीरेन्द्र सिंह,बृजेश कुमार सिंह,अंजू पटेल,अभिलाषा सिंह,प्रमोद कुमार गुप्ता,रिषभ यादव,एवं वि खंड के सभी न्याय पंचायत की आंगनबाड़ी कार्यकत्री व बच्चे उपस्थित रहे। बाल वाटिका में अध्ययनरत उत्कृष्ट बच्चे,तथा कक्षा 1,2,3, के निपुण बच्चों को मा विधायक जी द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।श्री मान् खण्ड शिक्षा अधिकारी,रामनगर श्री सुभाष गुप्ता जी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंवस्त्रम के साथ मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया।

# बरेली में हार्टमैन पुल पर मिला शव पुलिस ने कहा- सड़क हादसे में गई जान

जन जागरण संदेश/सत्यम गौड़

**संवाददाता बरेली।** बरेली के प्रेमनगर थाना क्षेत्र में स्थित हार्टमैन पुल पर हादसे में युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस घटना को सड़क दुर्घटना बता रही है, जबकि परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। मृतक की पहचान किला थाना क्षेत्र के गड़ी चौकी निवासी 21 वर्षीय सचिन के रूप में हुई है। घटना रात करीब 12 बजे की है, जब सचिन अपने एक दोस्त के साथ पार्टी करने की बात कहकर घर से निकला था। कुछ देर बाद उसके हार्टमैन पुल के पास घायल होने की सूचना मिली। उसे तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिजन दिनेश का कहना है कि सचिन के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया है, जिस वजह से सचिन की मौत हुई है। वहीं, प्रेमनगर थाने के इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी का कहना है कि यह एक सड़क दुर्घटना है, जिसमें किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।




## गर्भवती महिलाओं की डीएम, एसपी ने की गोदभराई

# 70 वर्ष से अधिक आयु के बुज़ुर्गों को वितरित किया आयुष्मान कार्ड



जन जागरण संदेश/अनिल सोनी

**बहराइच** 15 फरवरी। तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर 03 गर्भवती महिलाओं मैनसी, मीना कौशल व किरन की गोद भराई की 03 बच्चों अनिष्ठा पटेल, वेदांश श्रीवास्तव व नीतू को अन्नप्रासन कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर 70 वर्ष से अधिक आयु के 02 बुज़ुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा 06 दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किये गये। डीएम व एसपी ने 70 वर्ष से अधिक आयु के 02 बुज़ुर्गों को अपने हाथ से आयुष्मान कार्ड का वितरण किया।

# किसी भी स्तर से प्राप्त होने वाली शिकायत का स्वयं संज्ञान लेकर स्थलीय जांच करते हुए संवाद कर संस्तुष्टिपूर्ण समाधान ससमय करायें सुनिश्चित

## समय से जानकारी प्राप्त होने के पश्चात भी यदि शिकायत डिफाल्टर होती है तो संबंधित के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि की जाएगी अंकित

जन जागरण संदेश

**आर. चंद्रा /-औरैया** जिलाधिकारी डॉ0 इंद्रमणि त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने तहसील अजीतमल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी अपनी समस्या संबंधी प्रार्थना पत्र लेकर आए फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए प्रार्थना पत्र लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायत का स्वयं संज्ञान लेकर स्थलीय जांचकर संबंधित से संपर्क कर समयबद्धता के साथ संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करते हुए फोटो/वीडियो भी बनाएं जिससे साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जाएं?। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायत डिफाल्टर होती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधितों को आगाह किया कि यदि सी श्रेणी/असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैं तो



संबंधितों को चेतावनी देते हुए कार्यवाही की जाएगी। प्रार्थिनी विमलेश कुमारी पत्नी सुरजीत सिंह निवासी शास्त्री नगर बाबरपुर ने आवेदन पत्र देते हुए अवगत कराया कि मेरा बिजली का कनेक्शन 2018 से विद्युत पोल से कटा हुआ है परंतु बिल लगातार आ रहा है और मीटर भी नहीं लगा है परंतु बिल बढ़ता जा रहा है कृपया इसमें सुधार कराने का कष्ट करें जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि आज ही कार्यवाही करते हुए आख्या उपलब्ध कराये। प्रार्थी अशोक कुमार पोरवाल निवासी आर्य नगर अजीतमल ने आवेदन पत्र देते हुए अवगत कराया कि मेरे पिता की मृत्यु 21 जुलाई 1989 में हो गई थी इसके संबंध में मैंने पांच गवाहों के शपथ पत्र नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल में जमा किए थे परंतु अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है कृपया मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का कष्ट करें, जिस पर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार अजीतमल को निर्देश दिए कि तीन दिन में मामले का निस्तारण सुनिश्चित करें। प्रार्थिनी राधा रानी पत्नी प्रभात कुमार निवासी तेज का पुर्वा ने आवेदन पत्र देते हुए अवगत कराया कि गांव की इंटरलॉकिंग सड़क पर प्रमोद कुमार पुत्र स्वर्गीय तुलाराम ने अपने मकान के आधी सड़क तक रेलिंग बना ली है जिससे आवागमन में परेशानी होती है तथा सरकारी इंडिया मार्का हेड पंप में अपने व्यक्तिगत प्रयोग के लिए समर डाल दी है जिससे पेयजल की परेशानी होती है कृपया उक्त समस्या का समाधान करने का कष्ट करें जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत अटसू को निर्देश दिए कि जांच कर सात दिन में नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्र को लेते हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण स्थलीय जांचकर नियमानुसार समयसीमा में निष्पक्ष होकर सुनिश्चित करें। उक्त अवसर पर 127 विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 12 आवेदन पत्रों का त्वरित निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी अजीतमल हरिश्चंद्र, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश सिंह, तहसीलदार अजीतमल अविनाश कुमार, क्षेत्राधिकारी अजीतमल अशोक सिंह, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## महिला खो खो विश्व कप विजेता निर्मला भाटी का मकराना -बोरावड में जगह-जगह भव्य स्वागत



जन जागरण संदेश / विक्रम सिंह चौहान

**मकराना** - महिला खो खो विश्व कप विजेता निर्मला भाटी का शुक्रवार को मकराना आगमन पर पूर्व विधायक रूपाराम मुरावतिया, पूर्व पार्षद नाथूराम चौहान, पार्षद शांति देवी, फुलाराम चौहान ,वरिष्ठ अध्यापक अनिल भाटी, के नेतृत्व में मकराना शहर वासियों ने निर्मला भाटी का जगह-जगह माला साफा पहनाकर व पुष्प वर्षा कर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया! विश्व विजेता निर्मला भाटी का जूसरी, माताभर रोड, ठाकुर साहब की आखली, अंबेडकर भवन व भाकरों की ढाणी राम मंदिर, कालानाडा में सर्व समाज निर्मला भाटी का स्वागत किया! निर्मला भाटी का कालानाडा में लड्डुओ से तोडलकर स्वागत अभिनंदन किया! पूर्व विधायक रूपाराम मुरावतिया ने बताया कि महिला खो-खो विश्व कब जीतने पर पहले तो निर्मल भाटी को बहुत-बहुत बधाई निर्मला भाटी ने अपने परिवार के साथ-साथ अपने गांव जिले व राज्य का भी नाम रोशन किया! आज पूरे देश को इन पर गर्व है निर्मला भाटी ने यह विश्व कप जीतकर बता दिया की बेटीया भी बेटों से कम नहीं है ! वहीं पूर्व पार्षद नाथूराम चौहान ने बताया कि ऐसी बेटी पर हमेशा मां-बाप को गर्व रहता है इसने हमारे समाज ही नहीं पूरे सर्व समाज का इसने नाम रोशन किया है ! स्वागत समारोह में नाथूराम चौहान, महावीर चौहान, अनिल कुमार भाटी,राजेश कुमार बोहरा, दिनेश कुमार,बंसीलाल भाटी,श्री राम चौहान, पार्षद शांति देवी वासुदेव चौहान बंसी लाल जी रावलियास ,मुकेश कुमार चौहान गोपाल की खेडी बनवारी जी जी चौहान फूलचंद परेवा मेडिकल इमरान मूसा अली अमरचंद चौहान,फूला राम , शंकर जी नून मनोहर विक्रम चौहान मनोहर लाल, भाजपा नेता सुभाष चंद्र रेगर, नरसीराम, ओम प्रकाश खेत सिंह जी करनी मूर्ति उद्योग सहित सैकड़ो की संख्या में सर्व समाज व समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे

## वीरांगना वाहिनी ने महिला नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत युवतियों को किया जागरूक

जन जागरण संदेश

**जलालपुर।** अम्बेडकर नगर। वीरांगना वाहिनी ने महिला नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत तहसील अध्यक्ष नैना के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भस्मा समेत विभिन्न गांवों में कला प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर युवतियों को जागरूक किया गया।कार्यशाला में शामिल युवतियों ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प प्रकट किया। उनकी टीम ने विभिन्न गांवों में जाकर युवतियों को जागरूक करते हुए आत्मरक्षा और समाज परिवर्तन के विषयों पर चर्चा की और महिला सुरक्षा, सम्मान और समाज में बदलाव को लेकर अपने विचार रखे।भरोसा दिया कि अब वीरांगना वाहिनी उसी दिशा में काम करेगी ,ताकि समाज की आखिरी महिला तक सम्मान ,रोटी और सुरक्षा पहुंच सके। संगठन की अगुवाई कर रही राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता ऊषा विश्वकर्मा ने नैना निवासी भस्मा जलालपुर को तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नगर महामंत्री विकाश निषाद ने नैना को वीरांगना वाहिनी का अध्यक्ष बनाए जाने पर इसे महिला सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# बिजली के करंट से लाइनमैन की मौत, परिजनों व ग्रामीणों ने बिजलीघर पर दिया धरना

जन जागरण संदेश

**मेरठ हस्तिनापुर** क्षेत्र के गांव गणेशपुर में बिजली के करंट से लाइनमैन की मौत हो गई, परिजनों व ग्रामीणों ने हस्तिनापुर बिजलीघर पर धरना दिया। परिजनों ने बिजली घर पर तैनात एसएसओ पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों को सूचना मिलने पर सीएचसी पर काफी भीड़ एकत्र हो गई और शव नहीं उठने दिया। वही विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। विद्युत पोल पर कार्य करते समय करंट की चपेट में मृतक संदीप पुत्र निरंजन आयु 34 वर्ष



निवासी गणेशपुर है। वह हस्तिनापुर बिजली घर पर संविदा कर्मी के रूप में तैनात था शनिवार की प्रातः में गणेशपुर गांव में ही विद्युत पोल पर चढ़कर लाइन सही कर रहा था तभी अचानक उसमें करंट प्रभावित हो गया जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। जिसे तत्काल सीएचसी पर लाया गया । जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उसने शट डाउन लेकर लाइन सही करना प्रारंभ किया था परंतु एसएसओ की लापरवाही से विद्युत करंट प्रवाहित हुआ जिससे उसकी मौत हो गई। सीएससी पर लोगों की काफी भीड़ एकत्र हो गई तथा बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाने की मांग करने में लगे और शव नहीं उठने दिया। मृतक लाइनमैन संदीप के दो लड़की व एक लड़का है मृतक के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं ग्रामीण व परिजनों की मांग है कि लाइनमैन की पत्नी को नौकरी व आर्थिक सहायता दी जाए। अधिशासी अभियंता व विद्युत विभाग के कर्मचारी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। गुस्साए परिजनों ने हस्तिनापुर बिजली घर पर डेट बॉडी रख कर दिया धरना। मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी अंकित कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक पटेल व अधिशासी अभियंता व बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे मृतक लाइनमैन की पत्नी को संविदा कर्मी नौकरी व परिवार को आर्थिक सहायता का आश्वासन देकर शव को मोर्चरी के लिए भिजवाया गया।

## शहीदों के बलिदान के कारण ही हम आजाद - ओपी बायला

राजेश कुमार हाडिया/जन जागरण संदेश

**पावटा** कस्बे के घंटाघर चौक पर सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला के नेतृत्व में पुलवामा हमले की 06 वीं बरसी पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। बायला ने कहा कि आज शहीदों के बलिदान के कारण ही हम आजाद हैं। उन्होंने कहा कि सेना के पराक्रम से हमारे दुश्मन भी भयभीत हैं। यह दिन भारतीय



इतिहास में काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस मौके पर राशन विक्रेता कार्यकारिणी ब्लॉक पावटा अध्यक्ष कृष्ण कुमार जाट ने कहा कि कुछ युवा पश्चिमी संस्कृति को अपना रहे हैं। उन्हें वैलेंटाइन डे मनाने के बजाय अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए और अपने अंदर देश के लिए मर मिटने का जज्बा पैदा करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षाकर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ। जिसमें देश के अनेक जवान शहीद हो गये थे। इस दौरान कमलेश गुर्जर, बाल कृष्ण योगी, राकेश मीणा, नरेश सिसोदिया, सियाराम ओला, रामशरण बोहरा, राहुल बोहरा, विजय पंसारी, महिपाल कुमावत, शेरसिंह सैनी, कमलेश यादव, दामोदर बोहरा समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## शनिवारीय प्रार्थना सत्र में शैक्षिक नवाचार से शिक्षण

जन जागरण संदेश

**धर्मेन्द्र सुवालका हिण्डोली जजावर,** सरकारी मिडिल स्कूल ताकला में आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत स्कूल हेल्थ वेलनेस प्रोग्राम मोड्यूल की विषय वस्तु मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता पर एस आर जी शिक्षक किशन लाल कहार ने स्वयं के मूल्य को पहचानकर अपने अन्दर मौजूद प्रतिभा का सदुपयोग करते हुए व्यक्तित्व में निखार लाने व जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज व राष्ट्र में अस्तित्व बनाए रखने के लिए प्रयास करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही नवाचारी शिक्षक कहार ने स्वरचित शैक्षिक नवाचार बालगीत'टोमेटो लाल टमाटर पोटेटो गोल आलू;चिल्ली है चरकी मिर्ची'बुलाकर प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में बालगीतों की उपादेयता को चरितार्थ किया व प्रतिभाशाली बालिका के तौर पर कक्षा दौ की बालिक सुनैना हाड़ा को पारितोषिक देकर सम्मानित किया इस मौके पर संस्था प्रधान नरेश कुमार मीणा, शिक्षक रामकिशन नागर, देवराज गुर्जर, मनीष कुमार बैरवा, सुरेन्द्र कुमार जाट शिक्षिका कोमल जाजोरिया व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की गैग पॉलिसी का 10 लाख का नॉमिनी को दिया गया

जन जागरण संदेश

**दिनेश सोलंकी**/बिलकिसगंज भारतीय डाक विभाग के बैंक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के आम जन हेतू सबसे अनूठे उत्पादों में से एक ग्रुप एक्सीडेंटल गार्ड (गैग) पॉलिसी की क्लेम राशि बिलकिसगंज डाक घर में दी गई। बता दें, सिंचाई विभाग के कर्मचारी सेवाराम जी की बाइक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

वीरपुर गांव के एक्टिव डाक विभाग के कर्मचारी चैनलाल पाठक एवं सु भावना ने अधिकतर ग्राम वासीयों को विभाग की योजना में जोड़ रखा था, फलस्वरूप नॉमिनी शारदा बाई को कठोर वक्त में 10 लाख की राशी क्लेम स्वरूप डाक विभाग के बैंक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा दी गई। क्लेम राशी अधीक्षक डाक विभाग सीहोर मंडल, मालवीय द्वारा



एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के सीहोर शाखा के प्रबंधक विकास कृपलानी, विभाग के उपसंभागीय निरीक्षक (सीहोर) चरण सिंह द्वारा दी गई। कार्यक्रम में बिलकिसगंज एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य, सरपंच प्रतिनिधि, IPPB से मीनाक्षी, नवनीत व अन्य विभागीय कर्मचारी व आमजन आदि मौजूद थे। संचालन बिलकिसगंज डाक घर के एस पी एम श्री आनंद अग्रवाल ने किया। मालवीय ने बताया कि आम जन हेतू 2 रुपए/प्रतिदिन से भी कम में उक्त पॉलिसी उपलब्ध है।उक्त क्लेम राशि 396/ की वार्षिक पॉलिसी का दावा था, जो कि बजाज आलियांज के द्वारा की गई थी। मालवीय ने यह भी बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का अनुबंध देश की लगभग सभी अग्रणी बीमा कंपनियों से है। 15 लाख तक का दुर्घटना बीमा भी केवल लगभग 750 रुपए वार्षिक में है, जिसमें मृत्यु लाभ के अलावा, अस्थाई / स्थाई दिव्यांगता होने पर भी कुछ राशी देय होती है, साथ ही दुर्घटना के कारण अस्पताल में इलाज करवाने पर भी 50,000 तक दावा मान्य होगा, इसके साथ ही साल में एक बार निशुल्क मेडिकल जाँच, डॉक्टर्स से निशुल्क टेली कंसल्टेशन आदि सुविधाएं शामिल हैं। उक्त पॉलिसी के अलावा जिले की समस्त पोस्ट ऑफिस में अब लोन की सुविधा भी उपलब्ध है , आप बीमा , लोन , डीबीटी वाले खाते किसी भी पोस्ट ऑफिस में जाकर इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से करवा सकते हैं ।

## चौहटन के वांकल धाम विरात्रा में आज नि:शुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर का होगा आयोजन

जन जागरण संदेश / मनीष माहेश्वरी

**चौहटन** के वांकल धाम विरात्रा में आज नि:शुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर का होगा आयोजन। आज विरात्रा ट्रस्ट एवं बाड़मेर जनसेवा समिति के तत्वाधान में होगा नि:शुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन इस नेत्र जांच शिविर में नेत्र रोगियों की आंखें की जांच कर तथा जरूरतमंद रोगियों को चश्में उपलब्ध करवाएं जाएंगे?। आंखों की जांच के दौरान मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य मरीजों का चयन कर नेत्र ज्योति अस्पताल में किए जाएंगे ऑपरेशन। विरात्रा ट्रस्ट के अध्यक्ष भैरसिंह ढोक ने बताया कि विरात्रा माता धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से आज लगेगा एक दिवसीय नेत्र जांच एवं उपचार शिविर यह शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आंखों की समस्त बीमारियों को जांच किया जाएगा। इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विकास व्यास एवं उनकी टीम द्वारा ट्रस्ट मंडल के सदस्य एवं भक्तजनों को देगी सेवाएं। विरात्रा माता धर्मार्थ ट्रस्ट एवं जन सेवा समिति बाड़मेर द्वारा आमजन से की नेत्र शिविर का लाभ प्राप्त करने की अपील की है। तथा इस शिविर में आंखों की समस्त बीमारियों की जांच की जाएगी एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी किये जाएंगे।

## पड़ोसियों पर गाली गलौज व मारपीट करने का

जन जागरण संदेश

**( /सादिक सिद्दीक़ी)** कांधला कस्बे के इदरीशबेग बिहार कालोनी निवासी एक महिला ने पड़ोसियों पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बा के मौहल्ला इदरीशबेग बिहार कालीनों निवासी फूलों ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया उसका पति काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था। पीड़िता पड़ोस में लगे हैंडपंप पर पाइप लगाकर अपने मकान पर पानी भर रही थी। पानी भरने के दौरान पाइप से कुछ पानी गली में भी पाइप से निकल गया था। आरोप है कि पड़ोसी महिला ने गली में निकले पानी को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर आरोपी महिला ने अपने पति और पुत्र के साथ मिलकर लात घुसों और लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद स्थानीय थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बरेली में केंद्रीय बजट 2025 पर प्रेस वार्ता व्यापार, एमएसएमई और रेलवे बजट पर हुई चर्चा

## उत्तर प्रदेश के विकास को मिली सराहना

जन जागरण संदेश

**सत्यम गौड़** संवाददाता बरेली। यूपी के सहकारिता और बरेली जिले के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने शनिवार को शहर के एक फाइव स्टार होटल में केंद्रीय बजट को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया। एक दिन पहले हुई समीक्षा बैठक में अधिकारियों की तरफ से प्रभारी मंत्री को दी गई रिपोर्ट की कलई भी खुल गई। प्रभारी मंत्री को जब मीडिया ने बताया कि जिला अस्पताल में सालों से विशेषज्ञों डॉक्टरों का टोटा है, तो प्रभारी मंत्री ने जवाब दिया कि सीएमओ ने उन्हें बताया है कि अस्पताल में सभी प्रकार के डॉक्टर और स्टाफ मौजूद है। अगर कोई कमी है तो वो इसकी जानकारी जरूर करेंगे। दरअसल जिला अस्पताल में हृदय रोग़ विशेषज्ञ से लेकर तमाम स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती सालों से नहीं हुई है। इसी को लेकर मीडिया ने प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर से किया था। जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं, सीएमओ ने इस बारे में बताया ही नहीं। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में सीएमओ से पूछा तो उन्होंने तमाम विशेज्ञ डॉक्टर और टेक्नीशियन होने की जानकारी दी थी। अगर ऐसी बात है तो वह इस समस्या की




जानकारी जरूर लेंगे। वहीं बजट को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए जो सपने देखें हैं उनको किस तरह साकार किया जाए ये संकल्प इस बजट में देखने को मिला। इस बजट में गरीबों को हर तरह से राहत देने की कोशिश की गई है। इस बार के बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत 12 लाख तक आय पर टैक्स में छूट देकर की गई है।

**बजट से विपक्ष हताश और निराश**

उन्होंने कहा कि विपक्ष बजट को लेकर रोना रो रहा है, क्योंकि पहले बजट में मध्यम वर्ग कहीं न कहीं छूट जाता था। जिसकी वजह से विपक्ष इस वर्ग को वरगला लेता था। मगर इस बार बड़ी राहत मध्यम वर्ग को मिली है, जिसका असर दिल्ली के चुनाव में भी देखने को मिला इसलिए विपक्ष पूरी तरह से हताश और निराश हो चुका है।

**ये लोग भी रहे मौजूद**

इस मौके पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल , महापौर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा डॉ. श्याम बिहारी लाल, बरेली जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, बंटी ठाकुर, दीपक सोनकर आदि मौजूद रहे।

## वार्षिक उत्सव में पुरस्कृत होकर जेपी जैन स्कूल के बच्चों के चेहरे खिले



प्रशांत जैन/जन जागरण संदेश

**बिल्सी(बदायूँ)** नगर के कछला बस स्टैंड रोड स्थित जेपी जैन बाल निकेतन जूनियर हाई स्कूल का वार्षिक उत्सव आज शनिवार को यहां धूमधाम के साथ मनाया गया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश चंद्र ने अलग-अलग कक्षाओं में मेधावी रहे छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की ,मंच का संचालन वरिष्ठ कवि नरेंद्र गरल द्वारा किया गया । स्कूल के प्रवन्धक अनिल कुमार जैन सोनी ने वहां उपस्थित सभी अभिभावकों को अपने अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया स्कूल के प्रशासक मयंक जैन ने सभी अतिथियों का आदर सत्कार कर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया इस मौके पर क्षेत्र के सभी पत्रकार बंधुओ को भी सम्मानित किया गया इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता शर्मा ललिता आहूजा ,दीक्षा राठौड़, नैंसी जैन ,मृगांक कुमार जैन ,बॉबी जैन,नीरज जैन,पीयूष जैन,निखिल जैन,स्वीटी जैन,डॉ आरती जैन,मोना जैन ,बबिता जैन आदि लोग मौजूद रहे

## बालोतरा पुलिस ने एरिया डेमिनेशन कर चलाया धड़पकड़ अभियान

जन जागरण संदेश

**बालोतरा** जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों को किया गया गिरफ्तार। हरि शंकर आईपीएस पुलिस अधीक्षक बालोतरा ने बताया कि कुर्की वारंटी एवं अपराध करने के बाद फरार चल रहे आरोपीयों की धरपकड़ हेतु चलायें जा रहें विशेष अभियान के तहत एरिया डेमिनेशन हेतु जारी दिशा निर्देशानुसार गोपाल सिंह भाटी आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा एवं समस्त वृताधिकारीगण जिला बालोतरा के सुपरविजन में समस्त थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित 29 पुलिस टीमों द्वारा धरपकड़ अभियान चलाकर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी वारंटियों स्थाई वारंटीयो के संदिग्ध /स्थाई मंगलवार को उनके निवास स्थानों पर दबिश देकर कुल 58 जगह पर दबिश देकर कुल 30 अपराधियो को गिरफ्तार



करने में सफलता हासिल की गई। वांछित अपराधियों गिरफ्तारी वारंटियों व स्थाई वारंटियों के संदिग्ध स्थाई निवास स्थानों पर कुल 58 जगहों पर दबिश दी गई । जिसमें 10 गिरफ्तारी वारंटी 11स्थाई वारंटी 9 वंछित अपराधी शामिल हैं। इसी दौरान हरि शंकर आईपीएस पुलिस अधीक्षक बालोतरा ने बताया कि यह अभियान जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कड़ी नजर और सतर्क कार्यवाही का हिस्सा है । उन्होंने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ।और अपराधियों के खिलाफ लगातार इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

# नीमकाथाना जिला व सीकर संभाग निरस्त करने के विरोध में युवा संगठन ने निकाला मशाल जुलूस

## अभिभाषक संघ नीमकाथाना ने अब पेन डाउन हड़ताल 23 फरवरी तक जारी रखना का लिया निर्णय, प्रीथमपुरी में पंचायत स्तर पर हुआ धरना शूरू

जन जागरण संदेश



**वी. के. सैनी/नीमकाथाना** जिला हटाने के सरकार के फैसले के बाद से लगातार विरोध प्रदर्शन किये जा रहे हैं इसी क्रम में नीमकाथाना में लगातार विभिन्न प्रकार के धरने प्रदर्शन, रैलिया, भूख हड़ताल, चक्का जाम इत्यादि किये जाकर जिला बहाली की मांग की जा रही है। 30 जनवरी को नीमकाथाना में विशाल चक्का जाम कर नीमकाथाना के सभी मुख्य मार्गो को बंद कर दिनभर मार्केट बंद रहा था। उसके बाद चक्का जाम इस शर्त पर खोला गया था कि चक्का जाम करने वाले युवा संगठन के प्रतिनिधिमंडल को आगामी 7 दिन के अंदर मुख्यमंत्री से मिलवाकर जिला बहाली के मुद्दे में वार्ता करवाई जाएगी परंतु 7 दिन का समय बीतने के बाद भी प्रशासन द्वारा इस मामले में सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई और नीमकाथाना के सम्मान में युवा शक्ति मैदान में संगठन के कार्यकर्ताओं और प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से मिलने का समय नहीं मिला। युवा संगठन के कार्यकर्ता नीमकाथाना भाजपा नेता प्रेम सिंह बाजौर से भी मिले तो बाजौर ने मुख्यमंत्री से मिलकर नीमकाथाना जिला बहाली के विषय में चर्चा करने का आश्वासन दिया व युवाओं से शांति की अपील की थी। इस आश्वासन के बाद भी कई दिन बीत गए परंतु बाजौर के द्वारा इस विषय में युवा संगठन को मुख्यमंत्री से मिलने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई तो नीमकाथाना युवा शक्ति संगठन के द्वारा नीमकाथाना,ष्ठरू और एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में दो दिन के समय अंतराल में मुख्यमंत्री से मिलने का समय तय करने की मांग की। इसके बावजूद भी नीमकाथाना के सम्मान में युवा शक्ति मैदान में संगठन को मुख्यमंत्री से मिलवाने का समय तय नहीं हो पाया इसी के विरोध में शुक्रवार रात्रि नीमकाथाना टैक्सी स्टैंड से खेतड़ी मोड़ तक मशाल जुलूस निकाला गया। संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने की किया गया। मशाल जुलूस के समापन के दौरान खेतड़ी मोड़ पर महेंद्र सिंह मांडिया ने बताया कि अगर जिला बहाली के मामले पर जल्द ही मुख्यमंत्री से नहीं मिलवाया गया तो युवा रेल पटरियों पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। और यह आंदोलन दिन प्रतिदिन बड़ा और उग्र होता जाएगा। वही संगठन के एक अन्य कार्यकर्ता ने कहा कि अब भी अगर हमें मुख्यमंत्री से मिलने का समय नहीं मिला तो हम नीमकाथाना के अंदर राजनेताओं का विरोध करेंगे जब भी वह किसी कार्यक्रम में शिरकत करने आएंगे तो उन्हें विभिन्न तरीके से युवाओं का से विरोध झेलना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि नीमकाथाना के राजनेता भी जिला बहाली के मुद्दे पर ईमानदारी से काम नहीं कर रहे हैं वे अपना अपना राग अपनी अपनी डफली का बखान कर रहे हैं। नीमकाथाना अभिभाषक संघ ने जिला हटाने के विरोध में धरना प्रदर्शन करते हुए जिला बहाली की मांग को लेकर राजस्थान हाई कोर्ट में रिट भी दायर कर रखी है। नीमकाथाना जिला मुख्यालय से जिला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा क्रर्मिक भूख हड़ताल समाप्त करने के बाद अभिभाषक संघ द्वारा यह घोषणा की गई थी कि हमारा धरना 15 फरवरी तक जारी रहेगा परंतु अभी एक बार फिर अभिभाषक संघ ने आज 15 फरवरी शनिवार को मीटिंग का आयोजन कर इस धरने को 23 फरवरी तक जारी रखने की घोषणा की है। अभिभाषक संघ अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने बताया कि हमने अभिभाषक संघ के सभी सदस्यों से मीटिंग का आयोजन कर सर्व समिति से यह निर्णय लिया है कि हमारा पेन डाउन हड़ताल 23 फरवरी तक यूं ही जारी रहेगा उसके बाद हम फिर से मीटिंग का आयोजन कर आगे का निर्णय लेंगे। नीमकाथाना जिला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा जिला मुख्यालय से क्रर्मिक भूख हड़ताल और धरना समाप्त करने के बाद यह घोषणा की गई थी कि अब जिला हटाने का विरोध प्रदर्शन नीमकाथाना के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय में धरना लगाकर शुरू किया जाएगा इसी के तहत आज शनिवार को नीमकाथाना की प्रीथमपुरी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर धरना देकर सरकार के जिला हटाने के निर्णय का विरोध किया गया। नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर शनिवार को ग्राम पंचायत प्रीथमपुरी में क्रामिक भूख हड़ताल प्रमोद शर्मा, भागुराम नेहरा, भोलाराम लाम्बा, जोगेंद्र बाकोलिया, श्रवण यादव, हरिराम भावरिया, रामजस नेहरा, भजनलाल वर्मा, जयसिंह तवर, लक्ष्मण राम गुर्जर, किशन धानक, गोवर्धन टेलर, महेश मीणा, श्रीराम गुर्जर, फुलचद नेहरा, रुडमल नेचु, राहुल डीगवाल, सवाई सिंह तवर, गोदराज यादव, गुलझारी गुर्जर, नरसा राम नेहरा, चन्द्रभान भार्गव, बंटी वर्मा ने धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर टायर जलाकर विरोध किया। विधायक सुरेश मोदी ने धरने पर बैठने वाले सभी लोगो को माला पहनाकर उनका हौसला बुलंद किया। सभी ग्रामवासीयों की एक ही मांग है नीमकाथाना जिला बहाल होने पर ही दम लेंगे। भोलाराम लाम्बा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अन्याय पूर्वक जिला जिस तरह से निरस्त किया है। इसके खिलाफ आम जनता में भी भारी आक्रोश है। सरकार ने नीमकाथाना जिला को निरस्त करने का काम किया है। सरकार के इस फैसले के खिलाफ चारों तरफ आंदोलन किया जा रहा है। वर्षों से नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग की जा रही थी, इसके बावजूद भी सरकार ने नीमकाथाना जिले को निरस्त किया है। जिनके बारे में सरकार खुद नहीं बता पा रही कि किन मापदण्डों की कमी को लेकर जिले को निरस्त किया है।

# चौसाना पुलिस ने पशु चोरी के गिरोह का किया भंडाफोड़



जन जागरण संदेश बाबर चौहान

**चौसाना।** पुलिस ने अंतरजनपदीय पशु चोरी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो शातिर चोरों–हाशिम और इसरार–को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस गिरोह द्वारा की गई तीन पशु चोरी की घटनाओं का भी खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की गई दो भैंस, एक गाय और एक बछड़ा बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, पुलिस ने उनके पास से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक चाकू और चोरी की घटनाओं में इस्तेमाल किया गया पिकअप वाहन भी जब्त किया है। चौसाना पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का तीसरा सदस्य जाबिर अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार करने का दावा किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ सहारनपुर और शामली जिलों के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह लंबे समय से पशु चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है और पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी हैं।

# बुलेट के पटाखे से लोगों में दहशत



(जन जागरण संदेश/ सादिक सिद्दीक़ी)

कांधला कस्बे की सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ रही बुलेट की बमबाजी से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है स्थिति यह है की बुलेट से पटाखे में बंदूक की गोली की तरह निकलने वाली आवाज से लोग भ्रमित ही नहीं परेशान भी हो रहे हैं बुलेट राजाओं ने कस्बे में आतंक मचा रखा है इसके बावजूद भी पुलिस इस और ध्यान देने को तैयार नहीं है दरअसल युवाओं में बुलेट बाइक का क्रेज तेजी से बढ़ता जा रहा है कस्बे की सड़कों पर बुलेट दौड़ाते हुए साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकालते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं सुमित कुमार का कहना की कस्बे में कई मैकेनिक हैं जो बुलेट के साइलेंसर में एक डिवाइस फिट करते हैं। इन डिवाइस का एक बटन हॉर्न में लगा रहता है। इस बटन को दबाने से बुलेट के साइलेंसर में पटाखे की आवाज आती है। कस्बे की सड़कों पर जहां कहीं भी भीड़ होती है, युवक बुलेट से पटाखा छोड़ने लगते हैं। स्थानीय लोगो का कहना है की पटाखे की आवाज सुनकर कई बार लोग डर जाते हैं।बावजूद इसके शरारती तत्व बाज नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर बेखौफ होकर मोडिफाइड बाइक दौड़ाकर लोगों को खतरे में डाल रहे हैं।

# पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक खेलकूद दिवस व वार्षिकोत्सव आयोजित



जन जागरण संदेश

**विक्रम सिंह चौहान मकराना।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मकराना में शनिवार को वार्षिक खेलकूद दिवस व वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेताओं को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दुर्गा प्रसाद व्यास ने बताया कि कार्यक्रम के तहत चम्मच दौड़, प्रश्नोत्तरी, म्यूजिकल चेयर, भाला फेंक, कबड्डी,क्रिकेट, क्रिज, निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लेकर खूब आनंद लिया। प्रतियोगिताओं के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बालक- बलिकाओं ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेताओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भामाशाह महेन्द्र आंवला राना रायल्स स्कूल बोरावड को बालिका मूत्रालय मे आर्थिक सहयोग देने,चम्पालाल सुवालाल रान्दड मंगलाना को प्रोजेक्टर की घोषणा करने, कुलदीप श्यामलाल को बालिका मूत्रालय में सहयोग करने, वेणिगोपाल पुरुषोत्तम जी को बच्चों को गणवेश व बेग भेंट करने, उगमाराम बडारडा को बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालकों को ट्रॉली बैग देने व अब्दुल वहीद खिलजी को विद्यालय मे प्रथम स्थान का पिछला रिकॉर्ड तोडने वाले को पुरस्कार देने की घोषणा पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे पूर्व प्रधानाचार्य अब्दुल वहीद खिलजी, पूर्व व्याख्याता उगमाराम बडारडा,प्रधानाचार्य डीपी व्यास, उप प्रधानाचार्य अब्दुल गफार, दिलीप सिंह शेखावत ने अपने विचार रखे। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी कैलाश चन्द विश्नोई , मेवाराम,हंसराज ,रामनिवास किरडोलिया, गिरधारी परिहार, धन्नाराम जुणावा, धन्नाराम जोड़, रामेश्वर लाल डूडी,अब्दुल रऊफ , कमलेश कुमारी, सरोज कुमारी,आनन्द कंवर, गोविंद राम परसाराम, दिलीप सैनी, नेमीचन्द सहित अनेक शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

# फरियादियों की शिकायतों को सुनकर अधिकारियों ने मौके पर कराया निस्तारण

## जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

जन जागरण संदेश




**अजय तोमर /ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां नामित अधिकारियों ने दूरदराज से आये फरियादियों को एक-एक गंभीरता से सुना और उनकी समस्याओं को निस्तारण करने के लिए मौके पर ही उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। अनेक समस्याओं को सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर मौके पर ही निस्तारण करवाया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्बंधित अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें, शिकायत निर्धारित समय से अधिक लम्बित नहीं रहनी चाहिए, यदि ऐसा हुआ तो सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसलिए पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 11, पुलिस के 03, विद्युत के 02 तथा अन्य विभागों के 16 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 96 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 28, पुलिस विभाग के 10, विकास के 07, पूर्ति के 24, विद्युत के 03, चकबंदी के 10, नगर पंचायत के 06 तथा अन्य 08 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 12 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 12, पुलिस के 16, विकास के 03, विद्युत के 09, नगर पंचायत का 01 तथा अन्य विभागों के 27 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व का 01, विकास के 02, पुलिस के 02, विद्युत के 02, पूर्ति के 06 एवं सिंचाई विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस का 01 तथा विद्युत के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर संबंधित तहसीलों के नोडल अधिकारी, उप जिलाधिकारी, एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने खीरी नगर पंचायत ईओ को लगाई कड़ी फटकार,संपूर्ण समाधान दिवस में नहीं थे उपस्थित

जन जागरण संदेश /, सईद अंसारी

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर तहसील में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस कस्बा खीरी स्थित धार्मिक स्थल व सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे को लेंकर आए मामले में डीएम के तेवर काफी सख्त दिखाई दिए। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थिति ईओ को कड़ी फटकार लगाई। आपको बता दे कि कस्बा खीरी में सैयदवाड़ा तबेला स्थित भूखंड गाटा संख्या 244 धर्मस्थल एवं सार्वजनिक भूमि पर कस्बे के दबंग व्यक्तियों ने अवैध कब्जा जमा रखा है जिसको लेकर समाधान दिवस पर कस्बा खीरी के लोगों द्वारा जब डीएम के सामने ईओ नगर पंचायत खीरी पर आरोप लगाए गए कि नगर पंचायत खीरी ईओ कार्य नहीं कर रहे हैं। जिस पर जिला अधिकारी ने सख्त लहजा अपनाते हुए ईओ नगर पंचायत खीरी को कड़ी फटकार लगाई और लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि इस समस्या का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाएगा। अब देखते हैं ई ओ नगर पंचायत खीरी जिला अधिकारी का आदेश मानते हैं या फिर इसको ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। आपको बता दें कि पूर्व में भी डीएम ने उक्त अतिक्रमण को स्थाई तौर पर हटाने के आदेश दिए थे, हटवाया था जिस पर दबंगों ने पुन कब्जा कर लिया है।

## खाटूश्यामजी पदयात्रियों के लिए जयपुर से नया रास्ता

# 48 किलोमीटर का नया पाथ-वे तैयार, बाबा के दर्शन के लिए होंगी 14 लाइन

जन जागरण संदेश

**लोकेश कुमावत /खाटूश्यामजी (सीकर)** 12 दिवसीय फाल्गुनी वार्षिक लक्खी मेला 28 फरवरी से शुरू होने वाला है। करीब 12 दिन चलने वाले मेले में 10 से ज्यादा देशों से श्रद्धालु पहुंचेंगे। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के हर कोने से हजारों की संख्या में भी पदयात्रा भी खाटूनरेश के धाम पहुंचेंगी। हर साल मेल में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इस साल के मेले के लिए भी बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई हैं। बाबा के निशान, इत्र, गुलाब के फूलों को लेकर भी नए नियम तय हुए हैं। वहीं, जयपुर से रींगस तक हाईवे के किनारे पदयात्रियों के लिए नया रास्ता बनाया जा रहा है। जिससे वे सुरक्षित बाबा के धाम पहुंच सकें।

**48 किलोमीटर का नया पाथ-वे लगभग तैयार...**



खाटूश्यामजी के मेले के दौरान जयपुर की ओर से सबसे ज्यादा पदयात्रा पहुंचती हैं। इनका रूट जयपुर-बीकानेर हाईवे से होता है। ऐसे में जयपुर से रींगस तक पदयात्रियों को हैवी ट्रैफिक के साथ करीब 60 किलोमीटर का सफर तक करना होता है।

हर साल कई एक्सीडेंट भी होते हैं, लेकिन इस साल पदयात्रियों सुरक्षित रहेंगे। क्योंकि नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (ह्य॥ह्व) इन पदयात्रियों के लिए जयपुर से रींगस तक अलग से पाथ-वे बना रहा है।

जो 25 फरवरी तक पूरा जो जाएगा। ये पाथ-वे करीब 48 किलोमीटर का होगा। ये करीब 10 फीट चौड़ा होगा। इसमें करीब 7 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं, रींगस से खाटू तक पदयात्रियों के लिए अलग से रास्ता बना हुआ है।

**जानते हैं खाटूश्याम मंदिर परिसार को क्या है गाइडलाइनक**

1. करीब 17 किलोमीटर तक बिछाया जाएगा कारपेट...

रींगस से खाटू तक कारपेट बिछाया जाएगा। पहले की तरह 14 लाइन से ही दर्शन कराया जाएगा। चार लाइन कबूतर चौक से स्टार्ट होंगी। दो लाइन गुवाड़ चौक और 8 लाइन मेन एग्जिट वाली रहेंगी। मंदिर कमेटी अपने सोशल मीडिया पेज और वेबसाइट पर दर्शनों का समय व अन्य जानकारियां शेयर करेगी।

**2. ई-रिक्शा और पदयात्रियों के रास्ते अलग...**

मेला मजिस्ट्रेट के अनुसार इस साल ई-रिक्श और पदयात्रियों के लिए अलग-अलग रास्ते होंगे। प्रशासन करीब 7.40 करोड़ की लागत से एक नया स्थायी मार्ग तैयार कर रहा है। ये रास्ता 52 बीघा पार्किंग से श्याम तोरण द्वार तक बन रहा है। वहीं, बिना लाइसेंस वाली ई-रिक्शा पर भी प्रशासन सख्ती करेगा। जिससे की जाम की स्थिति न हो। मंडा मोड़ व रींगस के खाटू मोड़ से मंदिर तक छोटे वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

**3. निशान, इत्र और फूलों को लेकर भी सख्ती...**

खाटू में 8 फीट से ज्यादा ऊंचाई वाले निशान बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। मंदिर में कांच की बोतल पर बैन रहेगा। कांटों वाले गुलाब के फूल, छोटी कांच की बोतल और इत्र की कांच की बोतल बेचने वालों पर कार्रवाई होगी। भंडारा लगाने का समय तय किया जाएगा। भंडारा अनुमति के समय एक निर्धारित शुल्क लिया जाएगा, जिसका उपयोग मेला खत्म होने के बाद सफाई सहित अन्य काम करवाने के लिए किया जाएगा।

**4. क्यूआर कोड की सुविधा...**

सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी को छोड़कर सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूरी तरह बंद रहेगी। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए क्यूआर कोड जारी किया जाएगा। श्रद्धालु यह क्यूआर कोड स्कैन कर मंदिर परिसर तक आसानी से पहुंच सकेंगे और दर्शन करेंगे। धारा-144 के तहत रींगस रोड से ही डीजे बैन रहेगा। शराब पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# नियम विरूद्ध तेज आवाज में डीजे बजाने पर होगी सख्त कार्रवाई

सुनील खोजी/जन जागरण संदेश



**कलेक्टर** संदीप जी आर ने सिटी मजिस्ट्रेट, सीएसपी सहित जिले के विभिन्न अनुभागों तथा तहसीलों में एसडीएम, एसडीओपी पुलिस को डीजे संचालकों तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में दिशा निदेर्शों का सख्ती से पालन कराने के लिए निर्देशित किया है। निर्देशानुसार रात 10 बजे से प्रात 06 बजे तक डीजे का संचालन प्रतिबंधित है। बच्चों की पढ़ाई किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो, शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। चूंकि आगामी समय में में 10 वीं और 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होना है। ऐसे में छात्र अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। छात्रों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर संदीप जी आर ने डीजे और साउंड के सम्बंध में गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नियम विरूद्ध तेज आवाज में डीजे बजाने पर कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने अपील भी की है कि वर्तमान में बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। साथ ही, बुजुर्गों एवं मरीजों को भी अत्यधिक शोर से असुविधा होती है। अतः आमजन से अपील है कि ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित रखने में सहयोग करें एवं बिना अनुमति के तेज आवाज में डीजे बजाने से बचें, अन्यथा पुलिस सख्त कानूनी कार्यवाही करेगी।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र का शपथ ग्रहण समारोह कल होगा



जन जागरण संदेश /धर्मेन्द्र कुमार दुबे

**सोनभद्र** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र की कार्यकरिणी की बैठक अध्यक्ष श्री जगजीवन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ ! डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि कार्यकरिणी 2024-2025 की शपथ ग्रहण/स्वागत समारोह 15 फ़रवरी 2025 को होगा ! शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश माननीय रविंद्र विक्रम सिंह होंगे अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्षगण श्री पांचूराम मौर्य एडवोकेट एवं हरिशंकर सिंह एडवोकेट तथा श्री विनोद कुमार पांडे एडवोकेट सदस्य बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश होंगे ! डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन सोनभद्र का शपथ ग्रहण समारोह की समस्त तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं समस्त अधिवक्ता बंधुओ से निवेदन है की शपथ ग्रहण समारोह में समय से पहुंचकर समारोह की गरिमा बढ़ाएं ! संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष एड पवन कुमार सिंह ने किया ने किया ! इस अवसर पर राजेश यादव एड,राजेश कुमार सिंह मौर्य एड, उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह एडवोकेट व कामता प्रसाद यादव एड कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र राव एड, , रामगुल्लो यादव एड, दसरथ यादव एड, मो याकूब एड, महेन्द्र आर्य एड, शाहनवाज खान एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे !

# क्वालिफाइड इन जेई मेंस 2025 परीक्षा निकालने पर स्कूल मे बधाई

जन जागरण संदेश

**जौनपुर** स्थानीय क्षेत्र के तराव मोड़ लेवरुआ डीडी मॉडल स्कूल के चार छात्रों ने क्वालिफाइड में जेई मेंस 2025 परीक्षा में उत्तीर्ण करके अपने विद्यालय का नाम रोशन किया।जिसमे चेवार गांव कैलाश विश्कर्मा, ने जेई मेंस 2025 परीक्षा मे 99%3अंक पाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। अइलीय गांव के यशिका सिंह 2025 परीक्षा के जेई मेंस मे 97%2अंक प्राप्त किये। सिधौनी के अंकित कुमार मेंस परीक्षा मे 75%अंक प्राप्त किया। वही



चौथे छात्रों ने हिसामपुर के कृष्णा भारती मेंस परीक्षा मे 68% हासिल किया। डीडी मॉडल स्कूल के छात्र छात्रों ने कड़ी मेहनत के पश्चात विद्यालयों को प्राप्त खुशी की लहर पर विद्यालय पर स्कूल के डायरेक्टर मनोज कुमार सिंह अच्छे अंक पाने पर अपने अध्यापकों के साथ छात्रों को अपने हाथों से माला पहनकर वह मिठाई खिलाकर और उनका जोरदार स्वागत किया। उप प्राधानाचार्य विनोद कुमार दीक्षित ने बताया कि डीडी मॉडल स्कूल के छात्रों की इस खुशी को देखकर शिक्षकों की बधाई ज्ञापित करते हुए इस परीक्षा फल मे छात्र छात्राओं को आकार और कठिन परिश्रम करने की एवं उनके उज्जल भविष्य की कामना करते हुए सभी इस उपलब्धि पर शुभकामनाये भी दिये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सीमा सिंह, अध्यापक वीर बहादुर विश्वकर्मा, अश्वनी कुमार, दीपक जायसवाल, रीता सिंह, पूजा सिंह, एवं समाजसेवी दिनेश प्रजापति ( मखंचू ) आदि

# नारायणपुर नगरपालिका ने पास किया 23.63 करोड़ रुपये का बजट: लाईट और सफाई व्यवस्था पर खर्च होंगे 5.50 करोड़ रुपए



रामरतन शर्मा /जन जागरण संदेश

**नारायणपुर** नगरपालिका की बजट बैठक गुरुवार को पालिका सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चेजरमैन मन्नी देवी ने किया। इस दौरान वर्ष 2025-26 के लिए कार्य गोजना तैवार कर लगभग 23.63 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया। अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव ने बजट का विवरण प्रस्तुत किया।जिसमें लाईट व्यवस्था के लिए 3 करोड़, सफाई व्यवस्था के लिए 2.50 करोड़, पानी व्यवस्था के लिए 1 करोड़, सड़क एवं निर्माण कार्य के लिए 10 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान रखा गया। इसके अलावा डंपिंग वार्ड के निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपये तथा सफाई यंत्र और जेसीबी क्रय के लिए 2.50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। बैठक में अमृत योजना के तहत नारायणपुर में नदी क्षेत्र में बुजुर्गों युवाओं के लिए 4.25 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य पार्क विकसित किया जाएगा। वहीं, ज्ञानपुरा क्षेत्र में 1.25 करोड़ रुपये की लागत से नाले का निर्माण भी किया जाएगा। बैठक में वार्ड पार्षदों ने भी अपनी-अपनी समस्याओं को सामने रखा।

# पुलवामा हमले की बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर किया याद

अमित जैन /जन जागरण संदेश

**मंडीदीप** छह साल पहले 14 फरवरी के दिन ही जम्मू कश्मीर के पुलवामा में जैश.ए.मोहम्मद के आतंकवादी ने श्रीनगर.जम्मू नेशनल हाईवे पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले में विस्फोटक लेकर जा रहे एक वाहन को टक्कर मार दी थी। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। शुक्रवार को नगर में पुलवामा हमले की बरसी पर शहीदों को याद किया। इस दौरान सेवा समिति द्वारा पटेल नगर स्थित स्वामी विवेकानंद संचेतना केन्द्र पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सेवा समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह पाल तथा स्वामी विवेकांनद र्स्पोटस अकादमी के अध्यक्ष विनोद जैन ने कहा कि वर्ष 2019 में आज ही के दिन कश्मीर घाटी के पुलवामा में दुकान पर घटना घटित हुई। इस घटना ने पूरे देश को एकजुट करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। इस घटना के बाद बालाकोट में एयर स्ट्राइक भी की गई। आज सभी शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। इस तरह के कार्यक्रम सभी जवानों को संबल प्रदान करते हैं। इस दौरान एकाडमी के उपाध्यक्ष घनष्याम गोस्वामी, किरण जयसवाल , प्राचार्य राजेश यादव, विवेक संगोड़े, पवन शर्मा, राधिका सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रा मौजूद रहे!

## अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार रत्तन सिंह ढिल्लों मुख्य संरक्षक

# संपादक और वरिष्ठ पत्रकार तजिंदर शर्मा को श्रमजीवी पत्रकार संघ का किया सलाहकार नियुक्त

## लेखक, कवि व वरिष्ठ पत्रकार रत्तन सिंह ढिल्लों को भारत ही नही पाकिस्तान सहित कई देशों में मिल चुकी है ख्याति

जन जागरण संदेश

**अनिल जिंदल /चंडीगढ़/अम्बाला** 15 फरवरी - अंबाला के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार रत्तन सिंह ढिल्लों व सम्पादक व वरिष्ठ पत्रकार तजिंदर शर्मा श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की अम्बाला इकाई के मुख्य संरक्षक व सलाहकार घोषित किए गए हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की संस्थापक/ प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्दु बंसल ने की है। इस अवसर पर भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की राष्ट्रीय प्रवक्ता व श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्दु बंसल ने अम्बाला इकाई के नवनियुक्त मुख्य संरक्षक रत्तन सिंह ढिल्लों व सलाहकार तजिंदर शर्मा को संघ के अम्बाला इकाई के मुख्य संरक्षक व सलाहकार नियुक्त होने पर बधाई देते हुए कहा कि "रत्तन सिंह



SPSH



ढिल्लों व तजिंदर शर्मा दोनों समर्पित और अनुभवी पत्रकार हैं, जिनका देश- प्रदेश ही नही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पत्रकारिता के प्रति योगदान सराहनीय रहा है। अम्बाला इकाई के मुख्य संरक्षक व सलाहकार पद पर उनकी नियुक्ति श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम है।" डॉ बंसल ने कहा,"रत्तन सिंह ढिल्लों व तजिंदर शर्मा के अनुभव पर हमें पूरा विश्वास है कि संगठन नए आयामों को छुएगा और पत्रकारों के हितों के लिए वह अपनी ऊर्जा और ज्ञान का सर्वोत्तम उपयोग करेंगे जिससे हमारा संगठन नए आयाम स्थापित करेगा।" डॉ बंसल ने कहा कि, "श्रमजीवी पत्रकार संघ" हरियाणा पत्रकारों के अधिकारों और उनकी आवाज़ को बुलंद करने के लिए सदैव समर्पित रहा है। रत्तन सिंह ढिल्लों व तजिंदर शर्मा ने एक चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी को स्वीकार किया है। हमें पूरा भरोसा है कि उनके नेतृत्व में संघ निश्चित रूप से हरियाणा में पत्रकारों के हितों के लिए अद्वितीय कार्य करेगा।" प्रदेश पदाधिकारियों ने रत्तन सिंह ढिल्लों व तजिंदर शर्मा को अम्बाला इकाई के मुख्य संरक्षक व सलाहकार पद पर नियुक्ति व उनके आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राजेश आहूजा (सोनीपत), प्रदेश संरक्षक डॉ डीएल मल्होत्रा (सोनीपत), प्रदेश सलाहकार विजय सभरवाल (कुरुक्षेत्र), प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र केम (करनाल), प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल धीमान (कुरुक्षेत्र), प्रदेश सचिव प्रीतम सिंह राठौर(कुरुक्षेत्र), प्रदेश सह-सचिव शेलेन्द्र जैन (करनाल), प्रदेश सह-सचिव पंकज सिंगला (पानीपत), प्रदेश सह-सचिव जरनैल रंगा (कुरुक्षेत्र), प्रदेश संग़ठन प्रचारक प्रमोद कौशिक (कुरुक्षेत्र), प्रदेश प्रवक्ता नवीन बंसल (सोनीपत), कुरुक्षेत्र इकाई के मुख्य सलाहकार कृष्ण धमीजा, चंडीगढ़ इकाई के मुख्य संरक्षक हरमिंदर नागपाल, चंडीगढ़ इकाई के मुख्य सलाहकार धर्मपाल वर्मा, गुरुग्राम इकाई के मुख्य सलाहकार ऋषि प्रकाश कौशिक, पंचकूला इकाई के मुख्य संरक्षक कुलवंत शर्मा व सलाहकार सुभाष कोहली, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेश राजपूत (सोनीपत) सहित भारी संख?या में पत्रकार उपस्थित थे। सभी ने संघ की संस्थापक/ प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्दु बंसल के नेतृत्व में संघ को और सशक्त करने का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिले भजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती

जन जागरण संदेश

**महेंद्र सिंह ठाकुर धार।** भारतीय जनता पार्टी के धार जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन भोपाल में मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, महंत निलेश भारती ने मुख्यमंत्री को धार जिले की विभिन्न विकास परियोजनाओं और समस्याओं के बारे में जानकारी दी। तथा आने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने निलेश भारती को आश्वासन दिया कि



उनकी सरकार धार जिले के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार धार जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं को शुरू करने और पूरा करने के लिए काम कर रही है । निलेश भारती ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों ने धार जिले के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धार जिले में मुख्यमंत्री की नीतियों और कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल व धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने।

# कलश यात्रा के साथ श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ शुरू

जन जागरण संदेश



**रामनारायण** पटना जिले के रानी तालाब थाना क्षेत्र में सोन नदी के गोद में बसे बिरधौर निसरपुरा गांव स्थित नवनिर्मित राम जानकी, राधाकृष्ण मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य जल यात्रा निकाली गयी। जीयर स्वामी जी महराज के सानिध्य में आयोजित पांचदिवसीय यज्ञ की जलयात्रा में गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों हाथी, घोड़ा-ऊंट एवं हजारों महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे। जल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के जय श्री लक्ष्मीनारायण, जय श्री राम,हर हर महादेव आदि धार्मिक जयकार के गूंज से यज्ञस्थल सहित आसपास ग्रामीण इलाका भक्तिमय हो गया। जलयात्रा यज्ञ मंडप के पास से निकलकर सोन नदी पहुंची आचार्यों की ओर से विधिवत वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद नदी से कलश में जलभर कर पैदल मार्ग से पुरे गाँव होते हुए यज्ञ मंडप में लाया गया। पूज्य श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज संगम प्रयागराज से चलकर आज रविवार को यज्ञस्थल पर पहुंचेंगे ग्रामीणों द्वारा महाराज जी आगमन पर भव्य स्वागत के लिए तैयारी कर ली गई है। यज्ञ स्थल पर शुक्रवार से ही पूज्य महाराज जी के कृपापात्र श्री आनंद बिहारी शास्त्री जी के श्रीमुख से श्रीद भागवत कथा प्रारम्भ हो गई है। इस आयोजन के अध्यक्ष धनंजय सिंह (भूतपूर्व मुखिया ) ने बताया कि यज्ञ में स्वामी जी का प्रवचन सुनने और दर्शन हेतु श्रद्धालुओं के लिए भव्य पंडाल बनाया गया है। साथ ही सचिव विनोद सिंह ने बताया क़ी यज्ञ में श्रद्धालुओं के लिए भोजन के साथ मूलभूत सभी सुविधाओं की यज्ञ समिति की ओर से उचित व पर्याप्त व्यवस्था की गई है। वहीं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया है। यज्ञ में पूजा-अर्चना एवं स्वामी जी के प्रवचन सुनने के लिए महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

# सरस्वती विद्या मंदिर भाट पचलाना में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ संपन्न

जन जागरण संदेश

**जय पाटीदार/बड़नगर** - सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटपचलाना में वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहा गया और उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेन्द्र उदयसिंह पंड्या विधायक बड़नगर, मुख्य वक्ता कैलाश चौधरी सह प्रांत प्रमुख मालवा प्रांत उज्जैन, कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरसिंह देवड़ा प्रतिनिधि अध्यक्ष जिला पंचायत उज्जैन, विशेष अतिथि लालू यादव अध्यक्ष ग्राम भारती बड़नगर, जयप्रकाश त्रिवेदी कोषाध्यक्ष ग्राम भारती बड़नगर, संतोष मेवाड़ा जिला प्रमुख बड़नगर, समरथ पटेल सदस्य जिला समिति बड़नगर, विजयराज सिंह भाजपा मण्डल अध्यक्ष ख़रसोद



कला, मुकेश व्यास भाजपा मण्डल अध्यक्ष ख़रसोद खुर्द, देवीलाल व्यास अध्यक्ष भाट पचलाना, के अलावा देवेंद्र सिंह राठौर, प्रकाश राठौड़, आदित्य सिंह, गोरधनलाल सेकवाडीया, समरथ चौधरी, कैलाश जाट, श्याम गुर्जर, गोपाल सिंह परिहार, अंकुर जैन, ऋषभ जैन, अक्षय माहेश्वरी, सहित विद्यालय समिति सदस्य और गांव के गणमान्य नागरिक अन्य विद्यालय के प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य? अतिथियों द्वारा समारोह में शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही कहा कि विद्यार्थियों की सफलता न केवल उनके परिश्रम का परिणाम है, बल्कि उनके माता-पिता और शिक्षकों की मेहनत भी इसमें शामिल होती है।शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का पालन करना भी जरूरी है। कार्यक्रम में विगत वर्ष में कक्षा 12 वी में विद्यालय में प्रथम स्थान सुमीत राठौड़ खेड़ावदा, द्वितीय स्थान लक्ष्मी कुंवर बरामद खेड़ा, वही 10 वी में प्रथम माया कुंवर, द्वितीय पूजा शर्मा मलोडा, 8 वी में प्रथम शरद धाकड़ बड़गांवा, द्वितीय कार्तिक चौधरी भाट पचलाना, 5 वी में प्रथम स्थान यश शर्मा मलोडा, द्वितीय कुलदीप गुर्जर भाट पचलाना को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य नारायण चौधरी ने किया व आभार समिति सचिव वासुदेव रावल ने माना वहीं, यह समारोह विद्यार्थियों के लिए न केवल सम्मान और गर्व का क्षण था, बल्कि आगे और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा भी बना।

# गौवंश को तस्करी के लिए ले जाते हुए एक गौतस्कर गिरफतार

आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू व गौतस्करी में प्रयुक्त पिकअप जप्त।

सगीर खांन खेडी। जन जागरण संदेश।

**सीकरी, डीग।** सीकरी थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया है कि सीकरी थाना द्वारा गठित टीम जगदीश बाबू स0उ0नि0 मय जाब्ता द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर गुलपाडा चौकी पर नाकाबंदी कर एक बोलेरो



पिकअप गाडी रजि0 नं0 आरजे 32 जी0सी0 4867 को चैक किया जिसमे 01 गाय जिसे बेरहमी से रस्सीयो से बांध रखा था तथा गाडी की ड्राईवर शीट के नीचे एक धारदार चाकू मिला। ड्राईवर शीट पर बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जमशेद पुत्र नब्बू जाति फकीर उम्र 36 साल निवासी छपरा पुलिस थाना पहाडी जिला डीग राज0 होना बताया। मुलजिम जमशेद उपरोक्त को बाद अनुसधान व पूछताछ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है व बोलेरो पिकअप गाडी व 01 गोवंश व 01 धारदार चाकू को जप्त किया गया। आदि पर मु0न0 65/2025 धारा 5/8 आरबीए एक्ट व 4/25 आर्म्स एक्ट में पंजीबद्ध किया गया है मुलजिम से गहनता से पूछताछ व अनुसंधान जारी है जिसे आज न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## चुनाव से पहले ही हार मान चुकी कांग्रेस - सुभाष बराला

# निकाय चुनाव में भाजपा को विजयश्री मिलना तय - सुभाष बराला..

जन जागरण संदेश

**गुरुग्राम,** राज्यसभा सांसद एवं गुरुग्राम चुनाव प्रभारी सुभाष बराला ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को विजयश्री मिलना तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा निकाय चुनाव को गंभीरता से ले रही है। श्री बराला ने दावा करते हुए कहा कि मेयर, चेयरमैन व सभी पार्षद भाजपा के चुने जाएंगे और हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। शनिवार को भाजपा कार्यालय गुरुकमल में सांसद सुभाष बराला ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में जनता कांग्रेस को नकार चुकी है और कांग्रेस भी पहले



ही हार मान चुकी है। नगर निकाय चुनाव में उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद कार्यकर्ताओं की बैठक लेने गुरुग्राम पहुंचे राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा विकास और सुशासन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी और मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेगी। श्री बराला ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। मानेसर नगर निगम क्षेत्र के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा भी जल्द हो जाएगी। सुभाष बराला ने कहा कि चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से गुरुग्राम के सभी 36 वार्डों में कमल खिलेगा और मेयर भी भाजपा का ही बनेगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव बीत गया, सेशन बीत गया, कांग्रेस पार्टी ने अब तक विपक्ष का नेता नहीं चुना। श्री बराला ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर भी कांग्रेस गंभीर दिखाई नहीं दे रही है। एक सवाल पर श्री बराला ने कहा कि हमने सुशासन, समान विकास, पारदर्शिता के अलावा बहुत सारे मुद्दों को लेकर हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाई है। निकाय चुनाव में हम वार्ड व क्षेत्र के मुद्दों को लेकर जनता से वोट मांगेंगे। श्री बराला ने कहा कि दिल्ली की जीत का असर निश्चित तौर पर हरियाणा में भी पड़ेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचे स्तर पर है। हमने लगातार हरियाणा, महाराष्ट्र और अब दिल्ली का चुनाव जीता है। जनता में भी भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। जनता ने निकाय चुनाव में भाजपा को जीताकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में नोमिनेशन, होने वाली सभाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई है।

**भाजपा के सामने कोई चुनौती नहीं कमल यादव**

भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम लगातार चुनाव जीत रहे हैं। निकाय चुनाव में पार्टी ने समर्पित कार्यकर्ताओं को टिकट दी है। सभी वार्डों में कमल खिले इसके लिए हमारी समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की टीम तैयार है। पत्रकार के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि समाज के अंदर महिलाओं की भूमिका अग्रणीय है, इसलिए पार्टी ने टिकट वितरण में महिलाओं का खास ध्यान रखा है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि जनता हमारे साथ है, इसलिए हमारे सामने निकाय चुनाव में कोई चुनौती नहीं है।

# राजाखेड़ा कस्बे में संचालित ज्यादातर मैरिज होमो कर रहे नियमों की अनदेखी,

## मैरिज होमो पर पार्किंग का अभाव, लोगों को मिल रहा जाम का घाव

### राजाखेड़ा नगर पालिका की सर्विस लेन पर हो रही पार्किंग।

मनोज राघव /जन जागरण संदेश

**राजाखेड़ा** ----- राजाखेड़ा कस्बे में अवैध मैरिज होमो का संचालन करने के लिए नियमानुसार पार्किंग जरूरी होती है। लेकिन राजाखेड़ा कस्बे में संचालित होने वाले मैरिज होमो बिना पार्किंग के ही संचालित हैं। जिससे उनके यहां आने वाले वाहन सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं और मुख्य मार्गों पर जाम लगा रहता है।

**जिम्मेदार विभाग नहीं करता कार्यवाही**

यातायात विभाग आम लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने की सीख देता है। नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी होती है। लेकिन, राजाखेड़ा कस्बे में बगैर पार्किंग के संचालित होने वाले मैरिज होमो पर जिम्मेदार अफसर कोई कार्यवाही नहीं करता। जिनके कारण आए दिन आम लोग जाम का शिकार बनते हुए शासन-प्रशासन को कोसते नजर आते हैं। शहर में ऐसे अवैध पार्किंगों की वजह से ही यातायात व्यवस्था भी सुदृढ़ नहीं हो पा रही। देखा जाए तो राजाखेड़ा कस्बे में कहीं भी वाहन पार्किंग के लिए कोई स्थान नहीं है।

**राजाखेड़ा कस्बे में अवैध रूप से संचालित है। मैरिज होम , कार्रवाई के नाम स्थानीय प्रशासन मौन**



राजाखेड़ा कस्बे में अवैध रूप से संचालित मैरिज होमो को ना तो नगर पालिका से रजिस्ट्रेशन व ना हीं भवन निर्माण स्वीकृति ली बिना भवन निर्माण स्वीकृति के अवैध रूप से निर्माण कर संचालित कर लिए गए हैं जबकि स्थानीय प्रशासन को इनकी शिकायत की जाती है।तो राजाखेड़ा प्रशासन द्वारा कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई जाती है। स्थानीय प्रशासन ने अपनी आंखों पर पट्टी बांधे हुए मौन बैठे हुऐ है अब देखना यह होगा कि क्या राजाखेड़ा नगर पालिका एवं स्थानीय प्रशासन अवैध रूप से संचालित मैरिज होमो के प्रति क्या कार्यवाही करने में सक्षम रहेगा। सिर्फ और सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ाये जाते रहेंगे । क्योंकि सरकार के द्वारा अवैध रूप से निर्मित मैरिज होमो एवं बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित मैरिज होमो को रोकने का प्रयास करेंगे। धरातल पर देखा जाए तो कार्यवाही के नाम प्रशासन शून्य, क्या स्थानीय प्रशासन और मैरिज होमो संचालकों की मिली भगत से अवैध रूप से संचालित है। मेरिज होमो पर पार्किंग का अभाव, लोगों को मिल रहा जाम का घाव

**राजाखेड़ा नगर पालिका की सर्विस लेन पर हो रही पार्किंग।**

राजाखेड़ा कस्बे में अवैध मैरिज होमो का संचालन करने के लिए नियमानुसार पार्किंग जरूरी होती है। लेकिन शहर में संचालित होने वाले मैरिज होमो पार्किंग के ही संचालित हो रही हैं। जिससे उनके यहां आने वाहन सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं और मुख्य मार्गों पर जाम लगा रहता है।जिम्मेदार विभाग नहीं करता कार्रवाईं ?यातायात विभाग आम लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने की सीख देता है। नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी होती है। लेकिन, राजाखेड़ा कस्बे में बगैर पार्किंग के संचालित होने वाले मैरिज होमो पर जिम्मेदार अफसर कोई कार्रवाई नहीं करता। जिनके कारण आए दिन आम लोग जाम का शिकार बनते हुए शासन-प्रशासन को कोसते नजर आते हैं। शहर में ऐसे अवैध पार्किंगों की वजह से ही यातायात व्यवस्था भी सुदृढ़ नहीं हो पा रही। देखा जाए तो राजाखेड़ा कस्बे में कहीं भी वाहन पार्किंग के लिए कोई स्थान नहीं है।

**यातायात का पाठ पढ़ाने वाले जिम्मेदार भी आंखें बंद किए बैठे**

राजाखेड़ा कस्बे में नियमों की अनदेखी कर अवैध रूप से संचालित मैरिज होमो का संचालन किया जा रहा है। जिनके पास पार्किंग की सुविधा नहीं है। मजबूरन वाहनों को सड़क पर ही खड़े कर रहे हैं। जिस कारण पहले से ही जाम की समस्या से जूझ रहे कस्बे के लिए यह मैरिज होमो से कोढ़ में खाज साबित हो रही हैं। अव्यवस्था का यह आलम है कि जहां यह मैरिज होमो संचालित हो रही हैं। वहां आए दिन जाम लगा रहता है। बावजूद इसके जिम्मेदार लापरवाह बने हुए हैं और आम लोग परेशानी झेलने को मजबूर हैं। राजाखेड़ा कस्बे के दर्जनों मैरिज होमो छोटे-बडे से यातायात असुविधा को बढ़ावा दे रहे हैं। जिनके पास पार्किंग के नाम पर कुछ नहीं है। जबकि नियमों के हिसाब से जहां मैरिज होमो का संचालन किया जाता है वहां के लिए प्रबंधन को पार्किंग की सुविधा करना अनिवार्य होता है। लेकिन इन मैरिज होमो के पास पार्किंग नहीं होने से यहां आने ग्राहक अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं। इस कारण पहले से ही संकरी सड़क और सिमट जाती है। जिससे वाहनों और राहगीरों के लिए निकलने तक के लिए जगह नहीं बच पाती। जिससे आए दिन इन क्षेत्रों में आवागमन अवरुद्ध हो रहा है। इससे हर रोज लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं पुलिस को इस बात की जानकारी होने के बाद अनजान बनी हुई है। ऐसे में मुख्य मार्गों पर ही घंटों जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

# जालोर महोत्सव का शोभायात्रा के साथ हुआ आगाज



जन जागरण संदेश

**जालौर** जिले में दिनभर सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूल प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित, रात में होगा कवि सम्मेलन,पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन एवं जालोर विकास समिति की ओर से जालोर महोत्सव आज से शुरू हो गया। तीन दिवसीय महोत्सव का आगाज सुबह 9 बजे हुआ। सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि ने ध्वजा लहराई। जालोर महोत्सव के समन्वयक रतन सुथार ने बताया-जालोर महोत्सव को लेकर जिलेभर में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। शोभायात्रा बागोड़ा रोड स्थित हनुमानशाला स्कूल से सुबह 9.30 बजे रवाना हुई। शोभायात्रा के सबसे आगे ढोल के साथ नौबत पर महोत्सव का ध्वजा लहराते युवक चले। वहीं हाथी, घोड़े व ऊंट के बाद कलशधारी बालिकाएं भारतीय संस्कृति की अमिट छाप छोड़ते हुए, राजस्थानी गैर नृत्य में गैरिये गैर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देते हुए चले। शोभायात्रा जिला स्टेडियम पहुंची। जहां मुख्य अतिथि के द्वारा जालोर महोत्सव का ध्वजा रोहण कर शुभारम्भ किया गया। जिसके बाद नटराज मंच पर सांस्कृतिक व स्टेडियम व कॉलेज ग्राउंड में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा। शाम 5.30 बजे साफा बांधो प्रतियोगिता व रात को कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा। इस दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के गवांडे, पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, एडिशनल एसपी मोटाराम, डीवाईएसपी गौतम जैन, एडीएम राजेश मेवाड़ा, एसडीएम मनोज, जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर व जालोर महोत्सव समन्वयक रतन सुथार सहित बड़ी संख्या में जालोर के लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने दिव्यांग को दी योजनाओं की सौगात जिलाधिकारी ने फिर जीता दिल



जन जागरण संदेश/परवेश कुमार

**जनपद** हरदोई मे आज जन सुनवाई के दौरान एक गरीब दिव्यांग शिवकली पुत्री बृजलाल अपनी माँ के साथ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के पास पहुँची। उनकी माँ ने बताया कि उनकी बेटी दिव्यांग है। उन्होंने कहा कि सर कुछ मदद कर दीजिये। जिलाधिकारी ने तत्काल जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, आयुष्मान समन्वयक को कक्ष में बुलाया। दिव्यांग कल्याण अधिकारी को उन्होंने तत्काल निर्देश दिए कि शिवकली की तत्काल दिव्यांग पेंशन बनवायी जाये। समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि उनके पिता व माता की वृद्धावस्था पेंशन बनवाई जाये। जिला कृषि अधिकारी को उन्होंने निर्देशित किया कि उनके पिता की किसान सम्मान निधि प्रारम्भ करायी जाये। बीडीओ सुरसा को उन्होंने वर्चुअल माध्यम से निर्देश दिए कि घर में व्यक्तिगत शौचालय उपलब्ध कराया जाये। पूर्ति निरीक्षक को उन्होंने निर्देश दिए कि परिवार का अंत्योदय राशन कार्ड बनवाया जाये। आयुष्मान समन्वयक को निर्देश दिए कि शिवकली का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाये। शिवकली की माँ ने बताया कि जिलाधिकारी की सदाशयता के बारे में दूसरे लोगों से सुनकर वह प्राइवेट बस से हड़हा मढ़िया मजरा फरीदापुर से हरदोई आयी। उनकी बेटी शिवकली की 2 वर्ष की उम्र में आँखों की रोशनी चली गयी थी। उनको व उनके पति को अभी वृद्धावस्था पेंशन नही मिल रही है।अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ भी नहीं मिल पा रहे हैं। आज उनका जिलाधिकारी ने मिलना सफल हो गया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के बारे में जितना सुना था वह तो उससे भी बढ़कर निकले। जिलाधिकारी ने उनकी माँ से खुलकर बात की और बुधवार को पुनः बुलाया और कहा कि बुधवार को समाज कल्याण अधिकारी द्वारा परिवार को मुख्यालय लाया जायेगा। जिलाधिकारी के इस रूप की कक्ष में मौजूद लोगों ने भी भूरि भूरि प्रशंसा की। एक लोगों ने तो इसकी तुलना कृष्ण सुदामा मिलन तक से कर डाली।

# पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड में शुद्ध पेयजल की कमी, आज भी ग्रामीण जानवरों की तरह गन्दे पानी से प्यास बुझाते हैं


सुनील भगत, / जन जागरण संदेश

**पाकुड़** पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड के पश्चिम इलाके में बसे कई गांवों में आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है। इन गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है।लिट्टीपाड़ा प्रखंड के जाम जोड़ी पंचायत अंतर्गत डूमररीड़ नदी टोला गांव में अनुसूचित जनजाति समाज के लगभग तीन सौ लोग जीवन यापन करते हैं। इन लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिलता है, जिससे उन्हें नदी से पानी लाकर प्यास बुझानी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि वे जानवरों की तरह उसी नदी के गंदे पानी से अपना और अपने परिवार का प्यास बुझाते हैं। अक्सर गंदे पानी पीने के कारण बुजुर्ग और बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों को आगे आना होगा और गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करनी होगी। इसके अलावा, झारखण्ड सरकार को भी इस समस्या का समाधान करने के लिए कदम उठाने होंगे।यह समस्या न केवल पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड में है, बल्कि कई गांवों में शुद्ध पेयजल की कमी है। इस समस्या का समाधान करने के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों को मिलकर काम करना होगा।इन कदमों को उठाकर हम पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड में शुद्ध पेयजल की समस्या का समाधान कर सकते हैं।

# डीग जिला के जुरहरा थाना अंतर्गत आने वाले गांव बमनवाडी में ताबड़तोड़ फायरिंग

## हत्या के लिए गांव के ही पूरण सिंह पुत्र दिलीप सिंह को नामजद किया है

जन जागरण संदेश



**सगीर खांन खेडी /जुरहरा, डीग।** डीग जिले में जुरहरा थाने के गांव बमनबाड़ी में बीती देर रात देवर द्वारा अपनी भाभी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर देने व कथित तौर पर भाभी के प्रेमी की गोलियों से छलनी कर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। देवर की गोली बारी में मृत युवक का नाम 22 वर्षीय मंजीत बताया गया है जबकि 5 गोलियां लगने से गम्भीर घायल 21 वर्षीया भाभी परमजीत कौर को बीती देर रात पहले भरतपुर के आरबीएम अस्पताल लाया गया लेकिन बाद में उसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल रैफर कर दिया गया। मामले को लेकर मृतक के भाई गुलाब सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह निवासी बामनबाड़ी ने शनिवार सुबह जुरहरा थाने में शिकायत दर्ज कराते उसके भाई की हत्या के लिए गांव के ही पूरण सिंह (24) पुत्र दिलीप सिंह को नामजद किया है। बताया गया कि आरोपी ने मंजीत सिंह की जंगल में शौच के लिए जाने के दौरान गोली मारकर हत्या की जबकि आरोपी इसके बाद अपने घर गया और अपने भाई जनरैल सिंह की पत्नी परमजीत को भी पाँच गोलियां मार दीं। महिला के शरीर से एक गोली आरपार हो गई, एक गोली कंधे में फंसी है, एक रीढ़ की हड्?डी और दो पेट में फंसी है। दोनों घायलों को देर रात जुरहरा हॉस्पिटल पहुंचाया गया था जहां डॉक्टरों ने मंजीत को मृत घोषित कर दिया था। जयपुर के एसएमएस (सवाई मानसिंह) हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला परमजीत की हालत गंभीर है। उसका ऑपरेशन किया जाएगा। महिला के पेट और निचले हिस्से में गोलियां लगी हैं। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# बाल श्रम की रोकथाम हेतु संचालित दुकानों और होटलों की चेकिंग की गयी

जन जागरण संदेश/ दिलीप कुमार यादव

**गोण्डा** शासन द्वारा बाल और किशोर श्रम मुक्त अभियान, मानव तस्करी और तस्करी प्रवासी, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति और बाल विवाह के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के कुशल मार्गदर्शन में थाना एएचटी टीम द्वारा थाना को0 नगर क्षेत्रान्तर्गत



(गुड्डूमल, एकता चैराहा, भरत मिलाप चैराहा, पिपल चैराहा व इनकैन चैराहा) संचालित दुकानों, होटलों की चेकिंग की गई। अभियान के दौरान बाल श्रम रोकथाम हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही नीतियों के बारे मे दुकानदारों को अवगत कराया एवं हिदायत दी गई की भविष्य में किसी भी प्रकार के बच्चों से बाल श्रम ना कराये यदि बाल श्रम कराते पकड़े जाते हैं तो थाना ए0एच0टी0 प्रभारी के द्वारा विधिक कार्यवाही की जायेगी। इसी क्रम में अभियान के दौरान मिशन शक्ति के तहत महिला एवं बच्चों को जागरूक किया गया और महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों के बारे में अवगत कराया गया। अभियान के दौरान 01 बच्चों से श्रम कराते हुए पाये जाने पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप द्वारा उक्त सेवा नियोजक के विरूद्ध कुल 01 निरीक्षण टिप्पणी काटी गयी। इस दौरान जिला चाइल्ड हेल्पलाइन से आशीष मिश्रा,अपराजिता सामाजिक संगठन से आत्रेय त्रिपाठी, थाना ए0एच0टी0 से प्रभारी नि0 लाल बिहारी, मुख्य आरक्षी गउचरन, म0आ0 मीनू यादव मौजूद रही।

# दिघलबैंक एसएसबी 12वीं एफ कंपनी ने एक सामान्वय बैठक का आयोजन किया




जन जागरण संदेश

**ब्यूरो किशनगंज।** दिघलबैंक भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 12 वीं वाहिनी की एफ कंपनी दिघलबैंक में शनिवार को सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिसका जिसका नेतृत्व 12वीं कंपनी के उप निरीक्षक प्रिया रंजन चकमा कर रहे थे जिसमें उन्होंने कहा की सीमा क्षेत्र के ग्रामीण एवं एसएसबी के जवानों के बीच एक अच्छी संबंध होना चाहिए वही प्रिया रंजन चकमा ने बताया कि अगर ग्रामीणों के बीच सही तालमेल होता है तो खास तौर पर सीमा क्षेत्र में तस्करी के मामले को लेकर रोकने मैं काफी सुलियत मिलेगी। क्योंकि नेपाल सीमा से सठा हुआ यह बॉर्डर है जिसको लेकर हमारे जवान पैनी नजर रखकर अपना ड्यूटी कर रहे हैं अगर आप ग्रामीणों का सहयोग मिले तो और कार्य करने में बेहतर होंगे। इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए दिघलबैंक पंचायतके मुखिया प्रतिनिधि गणेश कुमार सिंह गौरी शंकर शाह विनोद चौधरी रंजीत प्रसाद सिंह। सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राजसमंद अमर शहीद नारायण लाल गुर्जर का जीवन आने वाली पीढ़ियों को सदैव देता रहेगा प्रेरणा - गृह राज्य मंत्री

## गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने किया अमर शहीद नारायण लाल गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण

### कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, माण्डल विधायक उदयलाल भडाणा, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट रहे मौजूद

जन जागरण संदेश

**देवकृष्ण गुर्जर /राजसमंद,** ग्राम बिनौल में शनिवार को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए स्वर्गीय श्री नारायण लाल गुर्जर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। समारोह में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, माण्डल विधायक उदयलाल भडाणा, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, उप जिला प्रमुख सोहनी देवी गुर्जर, समाजसेवी जगदीश पालीवाल आदि मौजूद रहे। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि अमर शहीद नारायण लाल गुर्जर की 6वीं पुण्यतिथि पर उन्हें प्रतिमा अनावरण का सुअवसर प्राप्त हुआ है। अमर शहीद नारायण लाल गुर्जर का जीवन आने वाली पीढ़ियों को सदियों तक प्रेरणा देता रहेगा। हमें उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुआ आतंकी हमला हर देश वासी को जकझोर गया। हमारे देश ने 40



वीर सपूतों को खोया जिनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती, लेकिन भारत सरकार ने मुंहतोड़ जवाब देने में भी कोई कमी नहीं छोड़ी। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि मेवाड़ की यह पावन धारा त्याग, तपस्या और बलिदान की भूमि है। इस भूमि ने सांगा, प्रताप जैसे कई वीरों को जन्म दिया है। यह भूमि पूरे विश्व को प्रेरणा देती है। अमर शहीद नारायण लाल गुर्जर से आप सभी प्रेरणा लें, यहाँ के बच्चे खूब पढे-लिखें और आगे बढ़ें, जिस तरह अमर शहीद नारायण लाल गुर्जर ने गाँव बिनौल का नाम रोशन किया है, वैसे आप सभी अलग-अलग क्षेत्रों में आगे बढ़कर नाम रोशन करें। बेढ़म ने कहा कि आज देश संस्कृति, विरासत को सँजोते हुए विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने शहीद नारायण लाल गुर्जर की वीरांगना एवं समस्त परिजनों को प्रणाम किया और कहा कि आप सभी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। कार्यक्रम में कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने शहीद नारायण लाल गुर्जर के जय कारे लगाए। राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही वर्ष में अभूतपूर्व घोषणाओं को बजट में लिया है। आम तौर पर सरकारें अंतिम दो वर्षों में ही इस तरह बड़ी घोषणाएं करती है, लेकिन मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली जन कल्याणकारी राजस्थान सरकार ने पहले वर्ष में ही बड़ी-बड़ी बजट घोषणाएं की है। राजसमंद जिले के लिए लगभग-लगभग 7800 करोड़ रुपए की घोषणाएं की गई है। प्रदेश सरकार हर एक व्यक्ति के सर्वांगीण कल्याण की दिशा में कार्य कर रही है। माण्डल विधायक उदयलाल भडाणा ने कहा कि शहीद नारायण लाल गुर्जर की जन्म तिथि एवं पुण्य तिथि पर वर्ष में दो बार रक्तदान शिविर एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। इसी तरह जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, उप जिला प्रमुख सोहनी देवी गुर्जर, समाजसेवी जगदीश पालीवाल, देवकीनंदन गुर्जर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। शहीद नारायण लाल गुर्जर के पुत्र मुकेश गुर्जर ने सभी का आत्मीय अभिनंदन किया। पुखराज सोनी ने गुर्जर पर लिखी कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामवासी मौजूद रहे।

# किसान संगठन अराजनैतिक ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जन जागरण संदेश/चंदन यादव

**सुल्तानपुर।** बार-बार शिकायत के बावजूद समस्याओं का समाधान न होने पर आक्रोशित किसानों ने संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने किसानों को शीघ्र समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के पदाधिकारी रघुवीर सिंह राणा के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन देकर किसानों ने



अवगत करवाया कि प्रधानमंत्री आवास की सभी गांव की सूची संगठन को उपलब्ध कराई जाए, चकबंदी विभाग की शिकायतों का निस्तारण तथा आयुष्मान कार्ड से किसानो को वंचित करने की समस्या का तत्काल निस्तारण कराया जाए। दिव्यांग विधवा एवं वृद्धा पेंशन में काफी गड़बड़ी की शिकायत मिल रही है कितने लोगों की पेंशन बंद हो गई है तत्काल इसका निराकरण किया जाए। एसडीएम मंजुल मयंक ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

# एक बीघा जमीन में बोये 1.5 लाख पौधे, 29 किलो अफीम का दुध व 212 किलो डोडा पोस्त होना था तैयार,

## सूचना पर बिशनगढ पुलिस ने पौधो को जब्त करने के साथ 2 आरापी गिरफ्तार

जन जागरण संदेश

**जालोर** बिशनगढ थाना क्षेत्र के ऐलाना गांव में पुलिस ने शुक्रवार की शाम को कार्यवाही करते हुए एक खेते से एक लाख 5 हजार पौधें किमत 1 करोड 77 लाख 70 हजार रूपये के जब्त करने के साथ ही दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। अफीम की फसल पक कर तैयार हो गई। और आरोपी इसे अलग-अलग गांवों में शादी ब्यावह के समारोह के दौरान बेचने के फिराक में थे। एसपी ज्ञानचंद्र यादव ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार जिले अवैध /मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत बिशनगढ थानाधिकारी निम्बसिंह के नेतृत्व के गंठित टीम ने शुक्रवार की शाम को कार्यवाही करते हुए बिशनगढ थाना क्षेत्र के ऐलाना में मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए मश्राराम राजपुरोहित के खेत बालोतरा जिले के सिवाना



स्थित काठाडी निवासी जगदीश उर्फ जगताराम(52) पुत्र छगनाराम लौहार, बालोतरा जिले के थानाक्षेत्र सिवाना के भागवा निवासी सकाराम(58) पुत्र रूपाराम भील के द्वारा काश्तसुदा खेत में करीब 1 बीघा जमीन पर अवैध तरीके से 1 लाख 5 हजार पौधे लगाकर खेती की जा रही थी। सूचना पर बिशनगढ पुलिस ने खेत में दबिश देकर पौधों को 150 जुट की बोरियों में भरकर कुल 3 हजार 153 किलोग्राम पौधों को जब्त किया। साथ ही दो आारोपियों को गिरफ्तार किया।

**आरोपियों ने ऐसे सीखी खेती**

आरोपी ने जगदीश से पुछताछ में पुलिस को बताया कि करीब 3-4 माह पहले चितौडगढ़ के पास मंगलवाड गांव गया। जहा रूक कर अफीम के खेती की जानकारी ली। और वह से अफीम के बीज लेकर आया। जिसके बाद यू ट्यूब व सोशल मीडिया के माध्यम से सिखा की अफीम के बिज को कैसे बोया जाता है। तथा इसकी देखभाल कैसे की जाती है। तथा पूरी जानकारी ली। खेत में अरण्डी की फसल के बीच में एक बीघा भूमी पर अफीम की खेती की गई। ताकि किसी व्यक्ति को इस अफीम की फसल की भनक नहीं लगे।

**आरोपी का अफीम की खेती करने का मुख्य उद्दश्य**

आरोपी ने बताया कि ऐलाना क्षेत्र में अफीम की खेती कर खेती से प्राप्त होने वाले अफीम का दुध एवं डोडा पोस्त को आस पास के क्षेत्र में शादियों, सामरोह, इत्यादि सभाओ में बेचना तथा उससे प्राप्त होने वाली आय से अन्य जगह पर जमीन खरीद कर अपने अफीम के व्यवसाय को मजबुत बनाना था जालोर एसपी ने बताया कि सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ नारकोटिक्स एवं नारकोटिक कन्ट्रोल ब्यौरो के श्रेत्रीय डायरेक्ट से वार्ता करने पर उनके द्वारा बताया गया कि एक एकड़ जमीन में 90 हजार अफीम के पौधे बोने का प्रावधान है जिसमें से 25 किलोग्राम अफीम का दूध निकलता है तथा 182 किलोग्राम डोडा पोस्त निकलता है इसी आधार पर अफीम के दूध की 500000 रूपये प्रति किलोग्राम एवं डोडा पोस्त की किमत 15000 रूपये प्रति किलोग्राम के अनुसार इस जब्त पौधो की अनुमानित कीमत 1,77,70,000 (एक करोड़ सत्तर लाख सत्तर हजार)- लगाई गई है। कार्यवाही टीम में बिशनगढ थानाधिकारी निम्बसिंह, हैडकॉस्टेबल अनिल कुमार,चेतनराम डुंगराराम,कॉस्टेबल परबतसिंह, गंगाविशन, बद्रीनारायण,हडमानाराम,खेताराम,विरमाराम, विरमसिंह व मुकेश कुमार मौजूद रहे। वही विशेष भूमिका में कॉस्टेबल नैनाराम रहे।

## परिषदीय विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से बनाया गया वार्षिकोउत्सव



जन जागरण संदेश

**पीलीभीत।** अमरिया ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय बारात बोझ की प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा के कुशल निर्देशन में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बारात बोझ में वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है। वार्षिक उत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका ने कहा कि हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है। कि आप लोगों के सहयोग से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है।वार्षिक उत्सव में आए बच्चों के अभिभावको से कहा कि अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजे जिससे बच्चों को निपुण बनाया का सके। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं। साथ ही अभिवावको से बच्चो को खेल के लिये प्रेरित करने की भी बात कही है।ताकि वो आगे होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सके। कार्यक्रम बच्चों को उपहार भी वितरण किए हैं। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा,एआरपी प्रवीण शुक्ला,वीरपाल ग्राम प्रधान सहित विद्यालय का स्टाफ एव बच्चों के अभिभावक व ग्रामवासी मौजूद रहे है।

## गिद्धो की गणना हेतु पूर्व तैयारी पर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

जन जागरण संदेश

**एस साहनी।** अनूपपुर/ विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी गिद्धों की गणना हेतु पूर्व तैयारी के लिए अनूपपुर वन मंडल स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया प्रशिक्षण दौरान प्रेरक एवं वन परिक्षेत्राधिकारी अनूपपुर स्वर्णगौरव सिंह ने पुराने वन मंडल परिसर में वन मंडल अनूपपुर के सभी वन परिक्षेत्र अधिकारियों,परिक्षेत्र सहायको,वनपलो,वनरक्षकों को 17-18 एवं 19 फरवरी एवं 29 अप्रैल को आयोजित होने वाले गिद्ध गणना के दौरान वन क्षेत्रो में विभिन्न प्रजाति के गिद्धों के रहवास क्षेत्रो की पहचान कर दो दिन पूर्व तैयारी करने की बात कही उन्होंने बताया कि गिद्ध दो तरह के स्थानो पेड़ों में घोंसला बनाकर या चट्टानों के बीच घोसला बनाकर निवास करते हैं जो सूर्य की रोशनी से ऊर्जा प्राप्त करने के लिए सुबह होते ही घोसलों से निकलकर पेड़ों या चट्टानों में बैठते हैं गिद्धों की गणना प्रातः से ही किया जाना है जिसके



लिए उपकरणों का भी प्रयोग किया जा सकता है पैडों या चट्टानों में बैठे गिद्धों की ही गणना करते हुए प्रपत्र में बीट अनुसार दर्ज किया जाना है इस कार्य हेतु सुरक्षाश्रमिकों जागरूक स्थानीय नागरिकों की भी मदद ली जा सकेगी गणना सभी बीटों में किया जाना है उन्होंने बताया कि पूर्व के वर्षो में पालतू पशुओं को दिए जाने वाले दर्द निवारक औषधीय के कारण मृत पशुओ को अपना आहार बनाने से गिद्धों की संख्या बहुत ही कम हो गई रही है जिन्हें बचाएं रहने के उद्देश्य उनका संरक्षण किया जा रहा है इस दौरान प्रशिक्षक शशिधर अग्रवाल,हरि नारायण पटेल एवं वन मण्डल में गिद्धों के पाए जाने वाले स्थान के वनरक्षक उमेश सरठिया,विनय पांडेय एवं कुंदन शर्मा ने भी प्रशिक्षण दौरान आवश्यक जानकारी दी,प्रशिक्षु आईएफएस एवं प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी अंशुल तिवारी ने सभी को गंभीरता पूर्वक तरह से गिद्धों की गणना करने की बात कही गई प्रशिक्षण दौरान वन मंडल अनूपपुर के वन परिक्षेत्र अधिकारी,परिक्षेत्र सहायक,वनपाल एवं वनरक्षक सम्मिलित रहे हैं।

# पढ़ाना-लिखाना छोड़कर 'अपार' में उलझे शिक्षक, रिजल्ट पर असर पड़ सकता है,

### आधार और समग्र आईडी में असमानता बनी मुसीबत

जन जागरण संदेश

**सीधी** बीते दो महीने से सीधी ही नहीं,बल्कि पूरे प्रदेश के शिक्षक अपार आईडी में उलझे हैं। वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी के उद्देश्य को लेकर पार आईडी बनवाई जा रही है।अब पढ़ाना-लिखाना छोड़कर शिक्षकों द्वारा छात्रों के आधार कार्ड और समग्र आइडी की डिटेल खंगाली जा रही है, ताकि वो शासन को रिपोर्ट भेज सकें और अपार आईडी यानी ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री तैयार हो सके। यह काम जितना आसान समझा जा रहा था, उतना ही उलझता जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि आधार और समग्र आईडी के काम में शिक्षक पूर्व में शामिल नहीं थे, लिहाजा उन्हें आँकड़े एकत्र करने में दिक्कत हो रही है। जानकारी के मुताबिक आईडी का काम पंचायत वालों ने




किया था और आधार कार्ड के लिए निजी एजेंट रखे गए थे। कहा जा रहा है कि बिना रिकॉर्ड दुरुस्त किए ही आधार कार्ड और समग्र आईडी बना दी गई है, दोनों का मिलान तक नहीं किया गया। यही वजह है कि अब शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अपार आईडी का निर्माण कराना उनके लिए मुश्किल होता जा रहा है, फिर भी शिक्षक सरकारी आदेश को पूरा करने में पढ़ाना-लिखाना छोड़ जी-तोड़ परिश्रम कर रहे हैं।

**इन जानकारियों के साथ तैयार होगी आईडी**

जानकारी के मुताबिक अपार आईडी में छात्र की पूरी पढ़ाई-लिखाई का ब्योरा होगा। आईडी कार्ड पर छात्रों के लिंग, जन्मतिथि, पैरेंट्स का पता और फोटो होगी। मार्कशीट, सर्टिफिकेट, डिग्री-डिप्लोमा प्रमाण-पत्र, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेज की जानकारी भी रहेगी।

**स्कूल के बजाय कार्यालय में पोस्टिंग**

शिक्षा विभाग में ऊँची सेटिंग है तो फिर कोई कहीं पर भी पोस्टिंग करवा सकता है। चौंकाने वाली जानकारी के मुताबिक कुछ ऐसे भी शिक्षक हैं, जिन्होंने आराम की नौकरी करने के लिए खुद को कार्यालय में सेट करवा लिया है। वहीं दूसरी तरफ ईमानदार शिक्षक चौतरफा बोझ झेलकर बच्चों का भविष्य सँवारने में जुटे हैं।

## लघु सिंचाई विभाग के ठेकेदार को हुआ नुकसान तो ठेकेदार बना चोर बरौलिया में स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में की चोरी पुलिस ने सभी को किया गिरफ्तार

जन जागरण संदेश/परवेश कुमार

**हरदोई** थाना सांडी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौलिया में स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा भगवान श्री राम, माता सीता जी व लक्ष्मण जी की मूर्तियां चोरी कर ली गई हैं। इस संबंध में थाना सांडी पर मु0अ0सं0 75/25 धारा 305 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान उपरोक्त अभियोग में धारा 331(4)/317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी । पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।कार्यवाही के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्तगण 1. शरद कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी खंदेहरिया खंजानपुर थाना माधौगंज जनपद हरदोई 2. गरुण पुत्र श्यामाकुमार मार निवासी रहोला थाना बिलग्राम जनपद हरदोई 3. शिवजीत कुमार पुत्र स्व0 रमेश चन्द्र निवासी रुकनापुर थाना माधौगंज जनपद हरदोई को 03 धातु की बहुमूल्य मूर्ति (भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी), 01 चौकी/आसन, 26 पीतल के घंटे/घंटिया व घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त शरद कुमार उपरोक्त लघु सिचाई विभाग में ठेकेदार था तथा ठेकेदारी के दौरान उसको 70-80 लाख रुपयों का नुकसान हो गया था। अभियुक्त शरद कुमार को पूर्व से जानकारी थी कि थाना सांडी क्षेत्रांतर्गत ठाकुर द्वारा मंदिर में धातु की कुछ बहुमूल्य मूर्तियां है जिन्हे बेचकर अपने नुकसान की भरपाई की जा सकती है। इसी उद्देश्य से अभियुक्त शरद कुमार द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर उपरोक्त चोरी की घटना कारित की गयी थी।

# राष्ट्रीज ध्वज का खुलेआम अपमान गंभीर लापरवाही होने के बाद भी अधिकारी आंखे मूंदे बैठे

**-प्रागपुरा के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का मामला**

**-राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का अपमान का मामला,जिम्मेदार बेखबर**

**-प्रागपुरा में प्रधानाचार्य कक्ष में राष्ट्रीय ध्वज उल्टा**

रवि मित्तल /जन जागरण संदेश

**विराटनगर ।** विधानसभा क्षेत्र में प्रागपुरा के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का अपमान,जिम्मेदार बेखबर पावटा कस्बे के निकटवर्ती प्रागपुरा के पीएम श्री महात्मा गांधी



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में प्रधानाचार्य कक्ष में राष्ट्रीय ध्वज उल्टा दिखाई दिया।जब मौके पर उपस्थित बलराज सिंह शेखावत,दीपक टांक,दीपक सिंह शेखावत,मुनेश मीना,पत्रकार जितेंद्र प्रजापत ने जब इस विषय में उपस्थित लोगों से बात की तो स्कूल में कार्यरत पीटीआई सुरेंद्र ने उपस्थित लोगों के साथ अभद्रता की और कहा की स्कूल के अंदर आने के लिए आपको किसने परमिशन दी है।साथ ही उपस्थित लोगों को धक्के देकर बाहर निकाला। प्रधानाचार्य कक्ष में प्रधानाचार्य की कुर्सी के बगल में झाड़ू के नजदीक राष्ट्रीय ध्वज का उल्टा होना कहां तक सही है।विद्यालय में कार्यरत प्रत्येक स्टाफ की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान सहेज के रखें, क्या प्रधानाचार्य कक्ष में स्कूल में कार्यरत कोई भी स्टाफ का साथी नहीं जाता।शिक्षा के मंदिर में जहां विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस मनाने सहित राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने की बात कही जाती है,लेकिन इसी शिक्षा के मंदिर में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होना कहां तक सही है। देखना यह होगा कि इस प्रकार की गतिविधियों के दोषियों पर कब तक कार्रवाई होती है।

**इनका कहना है**

इस विषय में एसीबीओ पावटा सुरेश कसाना से दूरभाष के माध्यम से बात की गई तो कहा कि मामले में जांच करवाई जाएगी। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## 18 को कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा शहीद स्मारक पर एक दिवसीय धरने का आयोजन

जन जागरण संदेश

**हिण्डोली** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को प्रेसवार्ता की ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण बैरवा ने बताया कि मंगलवार को शहीद स्मारक पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओर पूर्व मंत्री व वर्तमान हिण्डोली नैनवा विधायक अशोक चाँदना की मौजूदगी में धरना एवं उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देगे कांग्रेस संगठन सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि राजस्थान में भाजपा सरकार के आने के बाद से हिंडोली



विधानसभा क्षेत्र में एससी एसटी वर्ग के विरुद्ध राजनीतिक आधार पर किये जा रहे दमन के विरुद्ध ओर प्रशासन के द्वारा भाजपा सरकार के आने के बाद से ही एस सी एस टी वर्ग के लोगो के साथ राजनीतिक आधार पर अत्याचार किया जा रहा है पिछले दिनों हिंडोली पंचायत समिति की प्रधान ने राजनीतिक रंजिश के कारण अपने पद का दुरुपयोग कर बिना किसी आधार के ओवन ग्राम पंचायत की सरपंच सुमिता मीणा को निलंबित करवा दिया भाजपा के लोगो के द्वारा दलित युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है पुलिस प्रशासन भाजपा के लोगो के दबाव में काम कर रही है जिसके कारण आम जनता में भारी रोष व्याप्त है कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में दलितों का दमन सहन नही करेगी और ऐसी घटनाओं का पुरजोर विरोध करेगी पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग करेंगी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण बैरवा, कांग्रेस संगठन सचिव दिनेश कुमार शर्मा पेच की बावड़ी इकाई अध्यक्ष सीपी मीणा, बलराम मीणा, दयाराम तंवर सहित अन्य मण्डल अध्यक्ष ओर कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।।

## बाबा जीरानाथ धाम में 21 फरवरी से सात दिवसीय महायज्ञ आयोजन

जन जागरण संदेश

**संतोष कुमार यादव/देवरी-** प्रखंड के अंतर्गत गुनियाथर पंचायत के बाबा जीरानाथ प्रांगण में शिव शक्ति महायज्ञ आयोजित किया गया है, यह महायज्ञ 21 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजन हुआ है जिसमें से कथावाचक दूर दरार से बुलाया जा रहा है,इसमें से भक्ति जागरण का कार्यक्रम रखा गया है।जो कि बिहार झारखंड के कलाकारों को बुलाया जाएगा जिसकी जानकारी कमिटी के अध्यक्ष राजकिशोर शर्मा ने दी बताया गया कि इस महायज्ञ में प्रखंड के विभिन्न गांवों के लोगों ने सहयोग लगातार किया जा रहा है।जिसकी तैयारी जोरों ओर है।



## युवक सेवावा क्लब द्वारा जनरल दौलत सिंह की स्मृति में गांव भबात में 52वां निशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया



जन जागरण संदेश / बलविंदर विक्की वर्मा

**गांव भबात** में आज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनरल दौलत सिंह की याद में युवक सेवावा क्लब द्वारा 52वां निशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा कैंप लगाया गया। इस अवसर पर जनरल दौलत सिंह के पुत्र सुरिंदर दौलत सिंह अपने परिवार सहित मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा हलका पूर्व विधायक एनके शर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह पंजाब ही नहीं बल्कि पूरे भारत का पहला निशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा कैंप है, जो पिछले 52 वर्षों से गांववासियों के सहयोग से लगाया जा रहा है और हजारों लोगों को निशुल्क लेंस लगाए जा चुके हैं। इतना ही नहीं ऑपरेशन के बाद भी 5 दिनों तक मरीजों की सेवा की जाती है और उनके रहने व खाने का पूरा प्रबंध गांव की ओर से किया जाता है। यह कैंप जनरल दौलत सिंह की पत्नी उमा दौलत सिंह ने 52 वर्ष पहले अपने पति की याद में शुरू किया था, जो आज भी जारी है। इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह, तिलक राज, गिरधर गोपाल, करनैल चंद धीमान, जय पाल, कुलदीप सिंह, हरबंस सिंह व अन्य गांववासी मौजूद थे।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

जन जागरण संदेश

**सीधी** ुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा के कुशल निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी श्री अरविंद श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीधी श्रीमती गायत्री के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहरी निरी राकेश बैस के नेतृत्व में बहरी पुलिस ने कार्यवाही करते हुये 2.55 किलोग्राम गांजा जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध करते हुये एक आरोपी को किया गिरफ्तार।।

**मामले का संक्षिप्त विवरणः-**

पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विक्रय परिवहन एवं भण्डारण के ऊपर कार्यवाही करने हेतु सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में दिनांक 14.02.2025 को थाना प्रभारी बहरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नीलेश साहू



एवं अर्जुन साहू दोनो निवासी डढ़िया, ग्राम डढिया मे क्रेशर के पास अपने पास गाजा लेकर विक्री करने हेतु खड़े है। थाना प्रभारी बहरी द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर सूचना की तस्दीक एवं रेड़ कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर मुखविर के बताये स्थान पर रवाना किया गया जहां टीम पहुंच कर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर संदेहियो को पकड़ने का प्रयास की जो एक व्यक्ति अधेरे का फायदा उठाकर वहा से पहाड़ी तरफ भाग गया तथा एक व्यक्ति को स्टाफ के द्वारा एक पालीथीन मे कुछ लिये पकड़ा गया जिससे उसका नाम पता पूछा गया जो अपना नाम निलेश साहू पिता राजबहोर साहू उम्र 24 वर्ष निवासी डढ़िया का होना बताया। फरार हुए व्यक्ति का नाम पता पूछा गया जो उसका नाम अर्जुन साहू पिता हिन्छपति साहू निवासी डढ़िया का होना बताया। तत्पश्चात समक्ष गवाहो के संदेही के पास में मिली पन्नी की तालासी ली गई तो पन्नी में मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ जिसका तौल करने पर 2.55 किलो ग्राम गॉजा कीमती 24660 रूपये होना पाया गया जिसे समक्ष गवाहों के जप्त किया गया। आरोपियों का उक्त कृत्य धारा 20 (ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अन्तर्गत दण्डनीय पाये जाने पर उनके विरूद्ध अपराध कायम कर आरोपी नीलेश साहू पिता राजबहोर साहू उम्र 24 वर्ष निवासी डढिया थाना बहरी जिला सीधी को गिरफ्तार कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बहरी निरी. राकेश बैस, सउनि अजीत कुमार पाण्डेय, प्र.आर. अरविन्द यादव, आर कमलेश प्रजापति, प्रभात तिवारी, राधेश्याम यादव एवं आर. राजकमल भुर्तिया की अहम भूमिका रही।

## लोक हित मिशन ने गांवों में संपर्क मार्ग बनाने के लिए एक माह का अल्टीमेटम दिया है



जन जागरण संदेश

**लखबीर सिंह कलेर शहीद भगत सिंह नगर** लोक हित मिशन बीकेयू पंजाब ने गांवों की टूटी लिंक सड़कों को बनाने के लिए एक महीने का अल्टीमेटम दिया है। गुरबचन सिंह मुंधों और गुरमीत सिंह मियांपुर ने कहा कि कई सालों से सड़कों की मरम्मत न होने के कारण राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है और कीमती वाहनों का नुकसान हो रहा है, जिसके चलते मिशन ने सरकार और प्रशासन को एक महीने का अल्टीमेटम दिया है और उसके बाद बड़े संघर्ष की घोषणा की है। मुंढोन, दिलबाग सिंह नागल, कुलवंत सिंह संगतपुरा, केसर सिंह गोचर, लाला सलेमपुर, विक्की सलेमपुर, गड्डू झंडामाजरा, प्रशोतम सिंह चांदपुर, दर्शन सिंह ब्लिंग खेड़ा, दविंदर सिंह पढोल, काला मावी बाजिदपुर और सतविंदर सिंह ढोकोरन भी मौजूद थे।

# यूजीसी तथा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के करोड़ों की ग्रांट को लूट रही है जनजाति विश्वविद्यालय

जन जागरण संदेश

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय भ्रष्टाचार, घोटाला, कमीशनखोरी को लेकर लगातार चर्चा में रहता है। हाल ही में गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट जेम-पोर्टल के माध्यम से विवि की सेंट्रल पर्चेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी द्वारा छात्रों के लिए खरीदी जाने वाली लैपटॉप एवं अन्य आईसीटी उपकरणों में भी घोटाला कमीशनखोरी करने पर आमदा हो गए हैं, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण विवि द्वारा जारी किया गया बीओक्यू टेंडर है जिसे जेम-पोर्टल पर खरीदारी हेतु जनवरी 2025 अपलोड किया गया है विवि के अधिकारी द्वारा सप्लायर से 30 -40% कमीशन हेतु इधर-उधर संपर्क करके बातचीत की जा रही हैं। इस सन्दर्भ में पत्रकार चैतन्य मिश्रा ने छात्रहीत में संज्ञान लेते हुए शिक्षा मंत्रालय, युजीसी के अधिकारीयों, जेम के सीईओ एल सत्य श्रीनिवास, जेम निदेशक मंडल सुनील बर्थवाल, सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा अध्यक्ष एवं नामित निदेशक, सरन्यान कृष्णन, सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय तथा नामित निदेशक, संजय प्रसाद, अतिरिक्त सचिव, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय तथा नामित निदेशक, विदित आत्रे, स्वतंत्र निदेशक, संजीव बिखचंदानी, स्वतंत्र निदेशक सहीत अन्य अधिकारीयों को ईमेल करके ज्ञापन सौपकर विवि के अधिकारीयों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है, इस मामले में दोषियों पर एफआईआर दर्ज करवाने की माँग की गई है। लेपटॉप खरीदने जारी किया बीओक्यू ही अपराध और फिक्सिंग का साक्ष्य है चैतन्य मिश्रा ने बताया की लेपटॉप खरीदने के लिए बीओक्यू टेंडर जारी किया गया है जो की भ्रष्टाचार का अधिकृत प्रमाण है, गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट से लैपटॉप जैसे आइटम की खरीदारी हेतु सीधे लैपटॉप के तकनीकी स्पेसिफिकेशन के सिलेक्शन के साथ किया जाता है, इस हेतु बीओक्यू टेंडर प्रकाशित नहीं किया जा सकता है क्योंकि लैपटॉप, कंप्यूटर यह सभी ब्रांडेड आइटम होते हैं तथा ब्रांडेड आइटम के ऑथराइज्ड डीलर ही इसकी सप्लाई कर सकते हैं ऐसे में बीओक्यू टेंडर जारी करने से कोई भी लोकल दुकानदार भी लैपटॉप सप्लाई कर देगा, विवि में पिछले कुछ वर्षों में इसी प्रकार लैपटॉप और कंप्यूटर की खरीददारी होते आ रही हैं।




**कपड़ा दुकानवाला विवि में लैपटॉप को भी सप्लाई करेगा**

चैतन्य मिश्रा ने आगे बताया की बीओक्यू टेंडर देखने से ही शक पैदा हो रहा है क्योंकि इसमें खरीददारी किये जाने वाले आइटम लेपटॉप, चिपसेट, ग्रैफिक्स कार्ड, ऑडियो सहित किसी भी आइटम का एग्जैक्ट स्पेसिफिकेशन नहीं लिखा गया है। चूँकि चिपसेट ?5000 से लेकर 5 लाख तक आती है, इसीप्रकार प्रोसेसर भी ?5000 से लेकर 5 लाख रुपये तक आ सकती है, ग्रैफिक्स कार्ड की भी वेरिएशन 5000 से लेकर ढाई तीन लाख रुपए तक होती है। ऑडियो में स्पीकर खरीदना है या कोई ऑडियो डिवाइस लेना है यह भी नहीं लिखा गया है। जब खरीद किये वाले आइटम का कोई स्पेसिफिकेशन ही नहीं लिखा गया है तब सप्लायर बिलो ऑफ क्वांटिटी टेंडर किस रेट / प्राइस से जमा करेगा। रेट लिखने के लिए बीओक्यू में आइटम का तकनीकी स्पेसिफिकेशन ना होना ही यह साबित करता है की खरीदारी के लिए पहले से ही सप्लायर फिक्स कर लिया गया है, विवि में पहले से सप्लायर फिक्स हो जाता है, फिक्सिंग वाला सप्लायर एक लिंक जारी करता है, उसी के अनुसार बीओक्यू टेंडर को विवि के अधिकारी जारी करके ?10 लाख के आइटम को 45 लाख में खरीदता जाता है।

**कमीशनखोरी और करोड़ो के घोटाला से छात्रों का हाल बेहाल हो गया है**

चैतन्य मिश्रा ने आगे बताया की शिक्षा मंत्रालय और गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट भारत सरकार का मुखौटा लगाकर बड़े स्तर का भ्रष्टाचार किया जा रहा है जो की बेहद दुर्भाग्य जनक है। फर्नीचर, आलमीरा के लिए भी बड़े स्तर की डुप्लीकेसी तथा लो क्वालिटी की फर्नीचर खरीददारी की गई है, छात्रों के कमर में दर्द और कई प्रकार की समस्याओं का सामना इसलिए करना पड़ रहा है क्योंकि विश्वविद्यालय में खरीदी गई फर्नीचर उचित गुणवत्ता की नहीं है। कीमत 5 गुना और गुणवत्ता 10 गुना कम है। गोदरेज ब्रांड की खरीदी गई अलमीरा के दरवाजे नहीं खुलते हैं केवल गोदरेज का स्टिकर लगाकर डुप्लीकेट सामान विश्वविद्यालय में सप्लाई हो रहा है, जेम-पोर्टल के माध्यम से खरीददारी करके विश्वविद्यालय यह साबित कर रहा है कि हम नियमानुसार सब खरीद रहे हैं जबकि जेम को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया है, सेंट्रल परचेज कमेटी के अधिकारी सप्लायरों से बात कर रहे हैं कि आपको समान की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखता है आप सामान नहीं देंगे तो भी चलेगा, पहले 40% का कमीशन पहुंचा दो और अपना पेमेंट ले लो। छात्रों के उपयोग के लिए आने वाले लैपटॉप और कंप्यूटर की खरीदारी में निम्न स्तर का उच्च शिक्षा को कलंकित कर रहा है।

## पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में दिया एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम



मधुसूदन चरोरा /जन जागरण संदेश

**अवैध** स्मैक नशे के सरगना पति पत्नी को किया गिरफ्तार, तस्कर गिर्राज मीणा और तस्कर रमेशी मीणा निवासी पोस्ट ऑफिस के पास मेहंदीपुर बालाजी को किया गिरफ्तार, तस्कर पति-पत्नी के कब्जे से आठ लाख रूपए कीमत की 23.38 ग्राम अवैध स्मैक की जप्त, 15 ऐविल इंजेक्शन और 43 इंजेक्शन भी कियें जप्त, तस्कर दम्पति से स्मैक बिक्री के 12 लाख 2 हजार रूपए किए जप्त, जिला पुलिस ने की स्मैक तस्करों से अबतक की सबसे बडी बरामदगी, तस्कर दम्पति झालावाड़ जिलें के इकलेरा से खरीदते थे भारी मात्रा मे नशें की खेप, फिर गंगापुर सिटी नादौती टोडाभीम के इलाकों में छोटी-छोटी पुडियां बनाकर करते बिक्री, तस्कर दम्पति को पकडनें मे ष्ठस्ञ्ज के इंचार्ज देवेश कुमार, कांस्टेबल सत्येंद्र अवस्थी, रवि, रामदास, रन्नोसिंह नेमीचंद,अमीरसिंह, कमल, कुलदीप,ललित की रही मुख्य भूमिका, DST टीम और टोडाभीम थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से दिया कायवाही को अंजाम

## जयपुर निगम एकीकरण

## 35 लाख आबादी थी 2011 में, अभी 50 लाख; वार्ड 150 करने की कवायद, होने चाहिए 214



जन जागरण संदेश

**जयपुर** जयपुर के नगर निगमों के एकीकरण की कवायद शुरू कर दी गई है। हेरिटेज और ग्रेटर नगर निगमों को एक करके जयपुर निगम बनाने का नोटिफिकेशन जारी करते ही राजधानी में सियासी गर्माहट बढ़ गई है। सरकार ने जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को वर्ष 2011 की जनसंख्या 35 लाख के आधार पर 150 वार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। ऐसा होता है तो राजधानी में 100 पार्षद निगम चुनाव में बाहर हो जाएंगे और इनके सामने सियासी जमीन तलाशने का संकट खड़ा हो जाएगा। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि राजधानी में वर्तमान की 50 लाख जनसंख्या के आधार पर वार्डों का गठन किया जाए तो करीब 214 वार्ड बन सकते हैं।

### गाइडलाइन; 1 वार्ड 2 मकानों को नहीं बांटेगा

वार्डों की सीमाएं जहां तक संभव हो सड़क या गली के आधार पर निर्धारित किए जाएं। यदि इससे वार्ड का अनुपात बिगड़ता हो तो विशेष परिस्थिति में वार्ड रेखा काल्पनिक रखी जा सकती है।

वार्ड लंबे व सड़कनुमा न हो। किसी भी वार्ड में कोई पॉकेट नहीं बनना चाहिए। एक मकान दो वार्डों में विभाजित न हो।

विधानसभा बाउंड्री नहीं टूटेंगी और दो विधानसभा बाउंड्री का एक वार्ड बनेगा। पूरा वार्ड एक ही थाने की सीमा में रहे। एक वार्ड एक ही पुलिस उपायुक्त के क्षेत्राधिकार में रहेगा।

### राज्य निर्वाचन आयोग ने शुरू की तैयारियां

राज्य निर्वाचन आयोग ने भी जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर आगामी निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए वोटर लिस्ट बनाने के आदेश जारी किए हैं। उनको एक सप्ताह में डाटा इकट्ठा करने वालों की सूची तैयार कर ड्यूटी लगाने को कहा है। एक वार्ड जेडीए के एक ही जोन में रहेगा; एक वार्ड को जेडीए के एक ही जोन में रखना होगा। वार्डों का संख्यांकन उत्तर-पश्चिम कोने से एंटी क्लॉकवाइज शुरू करते हुए चक्रीय क्रम से करना होगा।

## अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन 2025 का शुभारंभ कर फीता काटा



जन जागरण संदेश

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी गतिविधियों की अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन के आयोजक सोनाली बाई ने सम्पूर्ण जानकारी मीडिया के समक्ष प्रस्तुत की इन्हों ने बताया के मारवाड़ से आए पांच पंच पटेल ने आ कर फीता काट कर सम्मेलन का शुभारंभ किया । शाम को महा यज्ञ पूजा अर्चना रखी गई है। अजमेर में संपूर्ण भारत का किन्नर महासम्मेलन शुरू हो चुका है इस सम्मेलन में पूरे देश भर से किन्नर अजमेर आ चुके है और भी आ रहे है। सम्मेलन आयोजक ने बताया के सारे कार्यक्रम 17 फरवरी 2025 से शुरू होगा और 26 फरवरी 2025 तक होगा। इस कार्यक्रम में एक खिचड़ी की रसम भी की जाएगी इस रस्म में पूरे देश के सभी किन्नर समाज के लोग शामिल होंगे।नागौर से रागनी बाई है, गंगराल से रेखा हाजी है,मेड़ता सिटी से रानी बाई है,किशनगढ़ से सरोज बाई है,सुमेरपुर से मंजू बाई है। कार्यक्रम में आम आदमियों के लिए एक अलग से टाइम रखा गया सम्मेलन में आने के लिए ओर आगे जितने भी कार्यक्रम होंगे तो आगे भी मीडिया के माध्यम से बता दिया जाएगा।

# प्रेम संबंधों की रंजिश में युवक को मारी गोली, पुलिस जांच में जुटी

जन जागरण संदेश

**सत्यम गौड़ संवाददाता फरीदपुर।** फरीदपुर में शुक्रवार रात एक युवक पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। बाइक से अपने गांव लौट रहे युवक को बीच रास्ते में रोककर आरोपियों ने गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



**युवक का पीछा कर रोकी बाइक**

फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर खजुरिया निवासी रजत गंगवार (22) पुत्र हीरालाल गंगवार शुक्रवार रात बाइक से अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में गांव हाजीपुर खजुरिया निवासी अनिल गंगवार, उसका भाई सुनील गंगवार, पिता महिपाल गंगवार और एक अज्ञात व्यक्ति स्कूटी और बाइक से उसका पीछा करने लगे। जब रजत ढकनी पुल के पास पहुंचा, तो अनिल गंगवार ने उसकी बाइक में जोर से पैर मारकर गिराने की कोशिश की। इस पर रजत ने बाइक रोक ली और विरोध किया।

**गोली लगने से घायल हुआ युवक**

झगड़ा बढ़ने पर अनिल गंगवार ने तमंचा निकाल लिया और रजत पर फायर करने की कोशिश की। रजत ने हथियार छीनने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान गोली चल गई और उसके बायें पैर में जा लगी। गोली लगते ही रजत जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

**पुलिस जांच में जुटी, एक्स-रे रिपोर्ट का इंतजार**

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रजत को फरीदपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**फरीदपुर के सीओ आशुतोष शिवम ने बताया**

कि डॉक्टरों ने अभी गोली लगने की पुष्टि नहीं की है। एक्स-रे रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पीड़ित और आरोपी पक्ष के बीच प्रेम संबंधों को लेकर पहले से रंजिश चल रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पीड़ित की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्थान में 18 फरवरी से बारिश की संभावना

## रात का तापमान 9 से 20 डिग्री पहुंचा, दिन में भी तेज गर्मी ने बढ़ाई परेशानी

जन जागरण संदेश

**जयपुर** राजस्थान में अब दिन के बाद रात में भी सर्दी का जाना शुरू हो गया। वेस्टर्न हवा के प्रभाव से पश्चिमी जिलों कई शहरों में रात का न्यूनतम तापमान अब 14 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही दर्ज हो रहा है। मौसम विशेषज्ञों ने आज और कल भी राज्य में तापमान में बढ़ोतरी होने और उससे दिन में गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। 18 फरवरी से राज्य एक पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की संभावना जताई जा रही है। इससे प्रदेश में मौसम बदल सकता है। कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की भी संभावना है।



पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के कई शहरों में दिन में तेज गर्मी रही। इन शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर के अलावा अजमेर, जयपुर, कोटा में भी कल तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# जनपद जालौन दौरे पर पहुंचे उ.प्र. जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह

जन जागरण संदेश

**अनिल कुमार ओझा/** नगर जालौन में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण स्वतंत्र देव सिंह के द्वारा किया गया । आज दिनांक 15 फरवरी 2025 को नगर जालौन के देव नगर चौराहे पर बुंदेलखंड कुर्मी समिति के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रचलन से किया गया सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को माला पहने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के द्वारा किया गया मुख्य अतिथि के रूप में जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह, एमएलसी रमा निरंजन, भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर ( बना जी), उरई सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा मित्तल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल कार्यक्रम अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख राम राजा निरंजन,अरविंद पटेल प्रधान अशोक पटेल राकेश पटेल प्रधान अविनाश सेंगर प्रधान शालू शिवहरे दीपक यज्ञिक पुष्पेंद्र राजावत उरई कैलाश वर्मा देवरी नगर पालिका सभासद मनुराज तिवारी विकास श्रीवास्तव विवेक कंचन ललित शुक्ला बृजेश मिश्रा सौरभ पाराशर कबीर निरंजन बबलू यादव भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय राजावत पूर्व नगर अध्यक्ष अभय राजावत कुंवर सिंह यादव नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष गिरीश गुप्ता अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप वर्मा क्षेत्रीय पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र बाजपेई कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र पटेल चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे ।




## कोटा में केमिकल कंपनी ने गैस छोड़ी, स्कूली बच्चे बेहोश



**कोटा** गैस रिलीज होने के बाद बच्चों को उल्टियां होने लगी, उनकी तबीयत बिगड़ गई। अब तक 14 बच्चे और 1 स्टाफ को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कोटा में चंबल फर्टिलाइजर कंपनी की फैक्ट्री से छोड़ी गई अमोनिया गैस स्कूल तक पहुंच गई। जिससे स्कूली बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, और वह बेहोश होकर स्कूल के ग्राउंड में गिरने लगे। इस दौरान कई बच्चों को उल्टियां भी होने लगीं। स्कूली कर्मचारियों ने बच्चों को कंधे पर लेकर अस्पताल पहुंचाया। चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड(CFCL) की फैक्ट्री के पास ही सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित है। फैक्ट्री स्कूल की बाउंड्री से अटैच है, जबकि फैक्ट्री का गेट 500 मीटर दूर है। CFCL स्थित हॉस्पिटल के डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि गैस रिसाव के बाद अस्पताल में 15 बच्चों, एक स्टाफ और 2 गांव वालों को लाया गया। गंभीर मरीजों में से 9 बच्चों को कोटा जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### कलेक्टर बोले- हादसे की जांच कर रहे

कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने बताया- घटना का पता लगने पर सिमलिया गांव का दौरा किया। फैक्ट्री में जाकर आए हैं। बच्चों के सेहत की भी जानकारी ली है। गैस लीकेज या रिलीज को लेकर अभी तक स्पष्ट कारण सामने नहीं आए है। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को मौके पर बुलवाया है।

# मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस ने शनिवार को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते

सूरज पोसवाल /जन जागरण संदेश

**मेहंदीपुर** बालाजी थाना हुए लूटपाट, अवैध हथियार रखने और आमजन के साथ मारपीट कर भय व्याप्त करने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल भी बरामद की है। वहीं आरोपी से अभी और कई बड़ी वारदातों के खुलने की संभावना है। जिसके चलते आरोपी को शनिवार को सिकराय एसीजेएम कोर्ट में पेश किया। जहां से मजिस्ट्रेट ने आरोपी को दो दिन के पीसी रिमांड पर सौंप दिया। बता दें कि आरोपी कस्बे के मीन भगवान मंदिर के पीछे स्थित पहाड़ी के पास घूम रहा था। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को घेरा देकर पकड़ा था। जिसके पास से एक अवैध पिस्टल बरामद की है।

**पहले भी हथियार के साथ पकड़ा जा चुका है आरोपी**

मेहंदीपुर बालाजी थाना प्रभारी गौरव प्रधान ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ आरोपी को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि गस्त के दौरान मीन भगवान मंदिर के पीछे विक्रम बैरवा (26) पुत्र बाबूलाल बैरवा निवासी मेहंदीपुर थाना टोडाभीम से पूछताछ की। साथ ही उसकी जांच की गई। इस दौरान जांच में आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि इससे पहले भी आरोपी विक्रम बैरवा को 5 मार्च 2020 में अवैध हथियार के साथ बालाजी थाना पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

**आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में 9 मामले दर्ज**

थाना प्रभारी गौरव प्रधान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विक्रम बैरवा आदतन अपराधी है। जिसके खिलाफ मेहंदीपुर बालाजी थाना सहित टोडाभीम, बांदीकुई, कोतवाली दौसा में लूट, डकैती, अवैध हथियार रखने, गंभीर आपराधिक वारदातों में शामिल होने और मारपीट के 9 मामले दर्ज है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से थाना क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर हुई अपराधिक वारदातों के खुलासा होने की संभावना है। जिसके चलते आरोपी को पीसी रिमांड मांगा गया है। ऐसे में मजिस्ट्रेट ने आरोपी को दो दिन के पीसी रिमांड पर सौंप है।




स्वत्वाधिकारी-प्रकाशक, मुद्रक एवं राहुल शर्मा के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड रोड, झोटवाडा, जयपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं. 75, राधाविहार, कालवाड रोड, झोटवाडा, जयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक-राहुल शर्मा मो.9256215619,8384915619,सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा।